हिन्दी दैनिक
# तीसरा विकल्प न्यूज़
(लखनऊ से प्रकाशित)
वर्षः- 02, अंकः-254, पृष्ठः-08, मूल्यः- 2 रु.
लखनऊ, गुरुवार 27 फरवरी 2025

अंततः कारखाने का गेट खुला, 15 दिनों बाद मुक्त हुईं...02

परीक्षा खत्म होते ही शुरू होगा बैंक मोड़ फ्लाइओवर का काम...06



यूनिवर्सल पेंशन स्कीम लाने की तैयारी कर रही केंद्र सरकार

कैपजेमिनी सीईओ बोले- हफ्ते में 47.5 घंटे काम पर्याप्त

मार्च में बैंक 14 दिन बंद रहेंगे

## संक्षिप्त समाचार

### उद्धव की शिवसेना के मुखपत्र में मोदी-फडणवीस की तारीफ

**मुंबई, एजेंसी।** शिवसेना उद्धव के मुखपत्र सामना में प्रधानमंत्री मोदी और महाराष्ट्र सीएम देवेंद्र फडणवीस की तारीफ की गई है। लेकिन डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे पर निशाना साधा गया है। मुखपत्र में महाराष्ट्र के इंफ्रॉस्ट्रक्चर, भ्रष्टाचार और पॉलिटिक्स पर लिखा गया है। मुखपत्र में लिखा गया- एकनाथ शिंदे का पैसे जमा करने वाला मुख्य व्यक्ति 10 हजार करोड़ लेकर दुबई भाग गया। क्योंकि फडनवीस ने राज्य में गलत काम करने वालों को साफ करने का फैसला लिया है। शिंदे के सीएम रहने के दौरान हुए काले कारनामों को खत्म करने का पवित्र कार्य शुरू हो गया है। सामना में लिखा गया है कि सीएम फडणवीस ने मंत्रियों ने उनके ओएसडी और पीएस नियुक्त करने का अधिकार छीनकर उचित कदम उठाया है। डिसिप्लिन लाने के लिए सख्त कदम उठाए हैं। फडणवीस के सख्त अनुशासन की शिकायत करने सुबह 4 बजे पुणे में अमित शाह से मुलाकात करने पहुंचे।

### राजौरी में सेना की गाड़ी पर आतंकी हमला

**जम्मू, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी में एलओसी के पास बुधवार दोपहर सेना की गाड़ी पर आतंकियों ने फायरिंग की। हमला सुंदरबनी इलाके के फाल गांव में हुआ। अधिकारियों ने बताया कि सेना का वाहन आतंकियों के इलाके से गुजर रहा था, इसी दौरान जंगल में छिपे आतंकियों ने कुछ राउंड फायर किए। उन्होंने बताया कि हमले में किसी जवान के घायल होने की खबर नहीं है। पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी गई है। एक्स्ट्रा फोर्स को मौके पर भेजा गया है। आतंकियों के लिए सर्च ऑपरेशन जारी है। 7 फरवरी को जानकारी सामने आई थी कि भारतीय सेना ने 7 पाकिस्तानी घुसपैठियों को मार गिराया था। घटना 4 फरवरी की रात पुंछ जिले में कृष्णा घाटी के पास हुई थी, जब पाकिस्तान की ओर से भारतीय सीमा में स्रष्ट के पास घुसपैठ की कोशिश की गई थी।

# महाकुंभ : दुनिया के सबसे बड़े आयोजन का आखिरी दिन, 1.32 करोड़ ने डुबकी लगाई

## सफाईकर्मी ने गला काटा, एयरफोर्स का एयरशो

**प्रयागराज, संवाददाता।** महाकुंभ का आज आखिरी दिन है। पिछले 44 दिन में 65 करोड़ श्रद्धालु डुबकी लगा चुके हैं। ये आंकड़ा अमेरिका की आबादी (करीब 34 करोड़) से दोगुना है। महाशिवरात्रि पर्व स्नान के साथ ही 45 दिनों तक चले महाकुंभ का समापन हो जाएगा। एक्ट्रेस प्रीति जिंटा ने भी महाकुंभ जाने का वीडियो शेयर किया। लिखा- जो अनुभव हुआ, उसे बता नहीं सकती। आज शाम 6 बजे तक 1.44 करोड़ लोग स्नान कर चुके हैं। महाशिवरात्रि पर 3 करोड़ श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। यानी, कुल आंकड़ा 66 से 67 करोड़ तक पहुंच जाएगा। वहीं, महाकुंभ में ड्यूटी कर रहे एक सफाई कर्मचारी ने अपना गला काट लिया। ड्यूटी के दौरान ही वह शौचालय में गया और चाकू अपने गले में मार लिया। उसे अस्पताल ले जाया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर है। संगम में डुबकी लगाने वालों की यह संख्या 193 देशों की जनसंख्या से ज्यादा है। सिर्फ भारत और चीन की आबादी महाकुंभ आए श्रद्धालुओं से ज्यादा है। योगी सरकार ने दावा किया कि दुनिया में हिंदुओं की आधी आबादी के बराबर लोग यहां आए हैं। महाकुंभ में आखिरी स्नान को देखते हुए प्रयागराज शहर में 25 फरवरी की शाम से वाहनों की नो-एंट्री कर दी गई है। मेले के अंदर भी वाहन नहीं चल रहे हैं। रात से ही संगम जाने वाले रास्तों पर भारी भीड़ है। संगम घाट पर स्नान के बाद श्रद्धालुओं से घाट खाली कराए जा रहे हैं, ताकि वहां भीड़ न उमड़े। महाकुंभ के आखिरी दिन 1.44 करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान किया। अब तक करीब 65 करोड़ श्रद्धालु महाकुंभ में स्नान कर चुके हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को प्रयागराज आएंगे। वे यहां महाकुंभ मेले के समापन की आधिकारिक घोषणा कर सकते हैं। महाकुंभ में अब तक 66 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु डुबकी लगा चुके हैं। बुधवार को शिवरात्रि के मौके पर आखिरी पर्व स्नान में शाम 4 बजे तक 1.32 करोड़ श्रद्धालुओं ने डुबकी लगा ली है। महाकुंभ में एक सफाई कर्मी ने चाकू से अपना गला काट लिया है। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। हॉस्पिटल के ब्लूष्ट में एडमिट कराया गया है। सफाई कर्मी की पहचान बांदा जिले के नरैनी करतल निवासी फूलचंद पुत्र अच्छेलाल के रूप में हुई है। उसने गला क्यों काटा, अभी यह स्पष्ट नहीं है। बताया गया है कि वह मानसिक रूप से बीमार था। अच्छेलाल सेक्टर-21 बी में ड्यूटी पर था। इसी बीच संगम लोवर 33 नंबर घाट पर एक वॉशरूम में गया और गला रेत लिया। हर्षा रिछारिया ने एक वीडियो शेयर किया। अपनी बात कहते हुए हर्षा भावुक भी हो गईं। उन्होंने कहा कि मैंने बाबा महाकाल से एक संकल्प लिया था कि सनातन के लिए काम करूंगी। युवाओं को जागरूक करूंगी। हमारे धर्म-संस्कृति के लिए काम करूंगी। हैरानी की बात ये है कि कुछ धर्मविरोधी लोग, कुछ मेल इगो वाले लोग दिन-रात मुझे आगे बढ़ने से रोक रहे हैं। मुझे बहुत मैसेज, मेल किए जा रहे हैं। पहले मेरे पुराने वीडियोज को सर्कुलेट किया किया गया। मेरी पहचान के लोगों ने ये काम करवाया। लिखा गया कि पहले ये (हर्षा) ऐसी थी, ये कैसे साध्वी हो सकती है। जबकि मैंने पहले कभी नहीं कहा कि मैं साध्वी हूं। आपने वो वीडियोज वायरल किए, कोई बात नहीं। आप इतने घटियापन पर उतर आए कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से वीडियो बनवाए और सर्कुलेट किए। पिछले 10-15 दिन से लगातार रोज 20-30 मेल-मैसेज रिसीव कर रही हूं। मुझसे कहा जा रहा है कि इन पर एक्शन लीजिए। मैं अपने फैसले पर अडिग थी। जब तक मेरी सांसें चलेंगी, मैं सनातन के लिए काम करूंगी। कुछ लोगों से एक लड़की का, एक नारी का आगे बढ़ना देखा नहीं जा रहा। कुछ लोग मुझे रोकने की कोशिश कर रहे हैं। उन लोगों के नाम मेरे पास आ चुके हैं।

### महाकुंभ के आखिरी दिन एयरफोर्स का एयर शो

महाकुंभ के आखिरी दिन भारतीय वायुसेना ने भी अपने अंदाज में आयोजन को सलामी दी। एयरफोर्स के विमानों ने मेला क्षेत्र के ऊपर एयर शो निकाला। प्रशासन के मुताबिक महाकुंभ में आज (महाशिवरात्रि) की दोपहर तक 1.18 करोड़ लोग डुबकी लगा चुके हैं।

# धमकाने, सताने और संपत्ति कब्जा करने वालों पर रखें नजर- सिखाएं कानूनी सबक : योगी

### हर किसी को मिलेगी इलाज में मदद

मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए।

**गोरखपुर, संवाददाता।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विश्व के सबसे बड़े आयोजन प्रयागराज महाकुंभ के आखिरी स्नान पर्व (महाशिव रात्रि) पर आज तड़के से ही ऑनलाइन निगरानी करते रहे। साथ ही देवाधिदेव महादेव की आराधना के इस विशेष पर्व पर आनुष्ठानिक व्यस्तता के बावजूद उन्होंने बुधवार सुबह जनता दर्शन में आए लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन समस्याओं का समाधान शीघ्रता से किया जाए। आमजन को सताने, धमकाने और संपत्ति कब्जा करने वाले बदमाशों को कानूनी सबक सिखाया जाए। इसमें किसी भी तरह की शिथिलता या लापरवाही नहीं होनी चाहिए। हर समस्या का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और संतुष्टिपरक होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता की हर पीड़ा का निवारण सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है। जनता दर्शन में गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक सीएम योगी खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित निस्तारण का निर्देश देने के साथ मुख्यमंत्री ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

### बच्चों से ठिठोली कर सीएम योगी ने दिया आशीर्वाद

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन करने आए बच्चों पर खूब प्यार-दुलार बरसाया। उन्होंने इन बच्चों से खूब बातें की, हंसी-ठिठोली के बीच उनकी पढ़ाई के बारे में जानकारी ली और फिर चॉकलेट गिफ्ट करते हुए उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। गोरखपुर प्रवास के दौरान बुधवार सुबह सीएम योगी ने गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन किया और अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर जाकर मत्था टेका।

## सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने में त्योहारों की महत्वपूर्ण भूमिका : धनखड़



**ईटानगर, एजेंसी।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर कहा कि त्योहार सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अरुणाचल प्रदेश के कामले जिले के बोसिमला में पहली बार संयुक्त मेगा न्योकुम युल्ले समारोह के दौरान श्री धनखड़ ने राज्य की विशाल जलविद्युत क्षमता की चर्चा करते हुए कहा कि राज्य में 50 हजार मेगावाट की क्षमता है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि एक मेगावाट बिजली पैदा करने के लिए 10 करोड़ रुपये के निवेश की आवश्यकता होती है। इस क्षेत्र में पांच लाख करोड़ रुपये की भारी निवेश क्षमता है। कार्यक्रम में मौजूद केंद्रीय मंत्री एवं अरुणाचल पश्चिम लोक सभा सांसद किरेन रिजिजू ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अरुणाचल प्रदेश में हुए विकास पर प्रकाश डाला। उन्होंने घोषणा की कि जल्द ही पूरा होने वाला ट्रांस-अरुणाचल राजमार्ग राज्य के हर जिला मुख्यालय को जोड़ेगा। इसके अलावा, केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री ने उपस्थित लोगों को केंद्र सरकार की ओर से 42 हजार करोड़ रुपये की फ्रंटियर हाईवे परियोजना को मंजूरी दिए जाने की जानकारी दी, जो इतने बड़े पैमाने पर स्वीकृत होने वाली देश की पहली सड़क परियोजना है।

## शाह बोले, परिसीमन के बाद तमिलनाडु में एक भी लोकसभा सीट कम नहीं होगी

**कोयंबटूर, एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अमित शाह ने बुधवार को कहा कि परिसीमन के बाद तमिलनाडु के एक भी लोकसभा सीट कम नहीं होगी। श्री शाह ने आज पीलामेडु में भाजपा पार्टी कार्यालय का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन करने और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए रामनाथपुरम और तिरुवन्नामलाई में पार्टी कार्यालयों का उद्घाटन उद्घाटन किया। इसके बाद पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) पर तीखा प्रहार किया और प्रस्तावित परिसीमन के तहत तमिलनाडु सहित दक्षिणी राज्यों में एक भी लोकसभा सीट कम नहीं होगी। गौरतलब है कि श्री स्टालिन ने कहा था कि जनसंख्या के आधार पर किए जाने वाले परिसीमन के तहत तमिलनाडु में आठ लोकसभा सीटें कम हो जाएंगी। उन्होंने कहा था कि परिसीमन दक्षिणी राज्यों पर लटकी एक घातक तलवार है। उन्होंने इस मुद्दे पर चर्चा करने और राज्य के अधिकारों की रक्षा के लिए पांच मार्च को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। श्री शाह ने श्री स्टालिन के दावे का पुरजोर खंडन करते हुए कहा कि परिसीमन प्रक्रिया के तहत तमिलनाडु सहित दक्षिणी राज्यों में एक भी सीट कम नहीं होगी। उन्होंने कहा, इसके बजाय सीटों की संख्या बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि 2025 में दिल्ली में सरकार बनाकर भाजपा के लिए एक नयी सुबह देखी गई और अब 2026 में (जब विधानसभा चुनाव होंगे) तमिलनाडु में एक नयी सुबह देखी जाएगी। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु में द्रमुक के भ्रष्ट और राष्ट्र-विरोधी शासन को समाप्त करने का समय आ गया है। उन्होंने कहा, वर्ष 2025 की शुरुआत दिल्ली में ऐतिहासिक जीत के साथ हुई है और हम 2026 का समापन तमिलनाडु में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार बनाकर करेंगे।

### केजरीवाल को पंजाब से राज्यसभा भेजने की अटकलें

**चंडीगढ़, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी ने पंजाब से राज्यसभा सांसद संजीव अरोड़ा को लुधियाना वेस्ट विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए कैंडिडेट बनाया है। पार्टी ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। कांग्रेस और भाजपा का दावा है कि आप संजीव अरोड़ा की जगह अब अरविंद केजरीवाल को राज्यसभा भेजेगी। कांग्रेस विधायक सुखपाल खैहरा ने कहा कि केजरीवाल ने सांसद अरोड़ा से कैबिनेट में जगह देने का सौदा किया है। इस साजिश से पता चलता है कि केजरीवाल एक दिन भी सत्ता के बिना नहीं रह सकते। भाजपा आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने भी संजीव अरोड़ा की उम्मीदवारी पर सवाल उठाया। उन्होंने पूछा- क्या इस कदम का उद्देश्य अरविंद केजरीवाल के लिए पंजाब से राज्यसभा में नामांकन का रास्ता साफ करना है। क्या यह बेहतर नहीं होगा कि केजरीवाल के बजाय पंजाब से कोई व्यक्ति राज्य का प्रतिनिधित्व करे।

## केंद्र बोला, दोषी नेताओं पर आजीवन बैन उचित नहीं

**सुप्रीम कोर्ट में कहा- 6 साल काफी है, यह पूरी तरह से संसद के अधिकार क्षेत्र में आता**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार आपराधिक मामलों में दोषी ठहराए जाने वाले राजनेताओं पर आजीवन प्रतिबंध लगाने के खिलाफ है। केंद्र ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में इसका विरोध किया। कहा कि 6 साल के लिए डिसक्वालिफिकेशन पर्याप्त है।इस तरह की अयोग्यता लागू करना पूरी तरह से संसद के अधिकार क्षेत्र में आता है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में दोषी नेताओं के खिलाफ आजीवन बैन लगाने वाली याचिका पर सुनवाई हुई। केंद्र ने कहा, याचिका की मांग कानून को दोबारा लिखने या संसद को किसी खास तरीके से कानून बनाने का निर्देश देने के जैसी है। ये पूरी तरह से न्यायिक समीक्षा की शक्तियों के विपरीत है। वकील अश्विनी उपाध्याय ने 2016 में जनहित याचिका लगाई थी, जिसमें जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 8 और 9 की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई। उन्होंने पूछा था कि राजनीति पार्टियों को यह बताना चाहिए कि आखिर वे अछे छवि वाले लोगों को क्यों नहीं खोज पाते हैं। इसमें कहा गया कि देश में सांसदों-विधायकों के खिलाफ क्रिमिनल केसों को जल्द खत्म किया जाए और दोषी राजनेताओं पर आजीवन प्रतिबंध लगाया जाए। याचिकाकर्ता के उठाए मुद्दों का असर व्यापक है। जो साफ तौर पर संसद की विधायी नीति के तहत आते हैं। इस संबंध में न्यायिक समीक्षा की रूपरेखा में जरूरी बदलाव किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कई बार माना है कि एक या दूसरे ऑप्शन पर विधायी विकल्पों का असर अदालतों में सवाल नहीं उठाया जा सकता है। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 8 (1) के तहत अयोग्यता की अवधि आरोप साबित होने की तारीख से 6 साल या जेल के मामले में रिहाई की तारीख से 6 साल थी। अयोग्यता संसदीय नीति के मामले में समय तक सीमित है। याचिकाकर्ता की इस मुद्दे की समझ को फिर से स्थापित करना और आजीवन प्रतिबंध लगाना सही नहीं होगा।

## महाशिवरात्रि पर हजारीबाग में 2 समुदायों में झड़प, कई घायल

**लाउडस्पीकर लगाने के दौरान पथराव और आगजनी, एक कार-3 बाइक और दुकान में आग लगाई**

**हजारीबाग, एजेंसी।** झारखंड के हजारीबाग में बुधवार को महाशिवरात्रि पर दो समुदायों के बीच हिंसक झड़प हो गई। दोनों ओर से जमकर पत्थरबाजी और आगजनी की गई। इस घटना में दोनों पक्षों से कई लोग घायल हुए हैं। उपद्रवियों ने तीन बाइक, एक दुकान और एक कार को आग के हवाले कर दिया। एक ऑटो में भी तोड़ फोड़ की गई है। वहीं, प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रित करने को लेकर हल्का लाठीचार्ज भी किया। घटना इचाक प्रखंड के डुमरौन गांव की है। वहीं, घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने में जुट गई। फिलहाल, स्थिति नियंत्रण में है। बताया जा रहा है कि शिवरात्रि पर लाउडस्पीकर लगाए जा रहे थे। इस दौरान दूसरे समुदाय के लोगों ने इसका विरोध किया। इसके बाद झड़प शुरू हो गई। प्रशिक्षु आईएएस सह सदर अनुमंडल पदाधिकारी लोकेश बारंगे, प्रशिक्षु आईपीएस श्रुति अग्रवाल सहित पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी इचाक प्रखंड के पदाधिकारी और भारी संख्या में पुलिस बल घटनास्थल पर मौजूद है। जिला प्रशासन ने आमलोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और शांति बनाए रखने की अपील की है।

## महाशिवरात्रि पर 12 ज्योतिर्लिंग समेत सभी शिव मंदिरों में भीड़

**3-3 किमी तक लाइन लगी, महाकाल मंदिर 44 घंटे, काशी विश्वनाथ 69 घंटे खुला रहेगा**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देशभर में बुधवार को महाशिवरात्रि पर्व मनाया जा रहा है। मध्य प्रदेश के उज्जैन में महाकालेश्वर (महाकाल मंदिर) के पट मंगलवार रात 2.30 बजे खुले। सुबह 4 बजे मंगला आरती की गई। अगले 44 घंटे तक भक्त बिना अनुमति के भगवान महाकाल के दर्शन कर सकेंगे।

### शिव विवाह नहीं, शिवलिंग के प्रकट होने का दिन है महाशिवरात्रि

महाशिवरात्रि को लेकर मान्यता है कि इस दिन शिव-पार्वती का विवाह हुआ था, लेकिन शिव पुराण सहित किसी भी ग्रंथ में इस बात का कोई जिक्र ही नहीं है। शिव पुराण में लिखा है कि फाल्गुन महीने के शुक्ल पक्ष के चौदहवें दिन यानी चतुर्दशी तिथि पर पहली बार शिवलिंग प्रकट हुआ था। तब भगवान विष्णु और ब्रह्मा जी ने शिवलिंग की पूजा की। इसी दिन को शिवरात्रि कहा गया। शिव पुराण के 35वें अध्याय में लिखा है कि शिव विवाह अगहन महीने के कृष्ण पक्ष के दूसरे दिन हुआ था। ये तिथि इस साल 7 नवंबर को आएगी। शिवरात्रि पर शिव विवाह मनाने की परंपरा कब से शुरू हुई, इस बारे में लिखित जानकारी नहीं है। काशी और उज्जैन के विद्वानों का कहना है कि शिवलिंग के निचले हिस्से में पार्वती का भी स्थान होता है। शिवरात्रि पर महादेव की पूजा रात में होती है। पार्वती के बिना शिव पूजन अधूरा रहता है, इसलिए इस रात को शिव-शक्ति मिलन के पर्व के तौर पर मनाया जाने लगा।

# अंतत : कारखाने का गेट खुला, 15 दिनों बाद मुक्त हुई कोलकाता में कैद पंचेत की 95 युवतियां, लौटीं घर

**तीसरा विकल्प न्यूज़ ब्यूरो**

धनबाद। सोनारपुर के रामचंद्रपुर स्थित एक्सोडस फ्यूचरा नीट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में फंसीं निरसा, धनबाद की रहने वाली 95 युवतियों को मंगलवार को बाहर निकाला गया, मुक्त होने के बाद सभी लड़कियां ट्रेन से देर शाम अपने घर पहुंचीं, तो परिजनों ने राहत की सांस ली. इस संबंध में कारखाने के अंदर फंसीं युवतियों ने बताया कि वेतन को लेकर कारखाना प्रबंधन और स्थानीय कामगारों के बीच विवाद चल रहा है. विवाद इस कदर बढ़ गया कि उन लोगों ने कारखाने के गेट पर बाहर से ताला लगा दिया. इस कारण अंदर रहने व काम करने वाली लड़कियां फंस गयीं. परेशान युवतियों ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर अपनी आपबीती सुनायी. इस खबर को मंगलवार को प्रभात खबर ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था. इधर, निरसा विधायक अरूप चटर्जी ने बंगाल के मंत्री से बात कर कार्रवाई करने की मांग की, इसको लेकर मंगलवार की सुबह स्थानीय प्रशासन ने

कारखाने के गेट का ताला खुलवाया. इसके बाद वहां फंसी युवतियां अपने घरों के लिए रवाना हो गयीं, बोली नंदनी = अब वहां काम नहीं करेंगे देर शाम पंचेत क्षेत्र के लूचीबाद गांव निवासी मति मुंडा व मीना मुंडा की पुत्री नंदिनी मुंडा कोलकाता से शक्ति कुंज एक्सप्रेस से कुमारधुबी स्टेशन पहुंचीं, तो माता पिता ने उसे गले लगा लिया. दरअसल, कारखाना से निकल कर अधिकांश युवतियां शक्तिपुंज एक्सप्रेस से कुमराधुबी स्टेशन पहुंचीं. कुछ बस से घर वापस आयीं. नंदिनी परिवार के सभी सदस्यों से गले मिली. सबकी आंखों में खुशी के आंसू थे. नंदिनी ने कहा कि वह उस कंपनी में और काम नहीं करेगी. 15 दिन से डर-डर कर रह रही थी. वह 18 महीने से उस कंपनी में काम कर रही थी, लेकिन पीएफ, ग्रेच्युटी नाम की कोई चीज ही नहीं है. साथ ही कोई सुरक्षा नहीं हैं. स्थानीय लोगों के आंदोलन के कारण फरवरी माह का वेतन भी नहीं मिला, बोलीं गुड़िया कुमारी व पंपा कुमारी गुड़िया व पंपा ने कहा कि उन्हें ना पीएफ मिला और न ही ग्रेच्युटी. अपने घर के पास रोजगार नहीं मिलने के कारण विवश होकर उन्हें बाहर जाना पड़ा. सभी युवतियां पंचेत क्षेत्र के बांदा, सोनाबाद, लेदाहरिया, सालुकचापड़ा, पतलाबाड़ी, बेनागड़िया आदि गांव की हैं, विधायक अरूप चटर्जी व चंद्रदेव महतो ने की पहल पंचेत एवं आसपास की लड़कियों को कारखाने से मुक्त कराने में निरसा के विधायक अरूप चटर्जी ने सोमवार को बंगाल के मंत्री मलय घटक से बात की थी, वहीं सिंदरी के विधायक चंद्रदेव महतो ने मंगलवार को यह मामला विधानसभा में उठाया ।

## कोयलांचल में महाशिवरात्रि पर सजी शिवालय ,गाजे बाजे के साथ निकली शिव की बारात

**तीसरा विकल्प न्यूज़ ब्यूरो**

तिसरा/ धनबाद । प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के अवसर पर कोयलांचल के शिवालय को रंग रोगन से रंग कर रंग बिरंगे लाइटों से सजा कर के फूलों से श्रृंगार किया गया। धनबाद जिले के विभिन्न शिव मंदिर व शिवालय से शिव की बारात गाजे बाजे के साथ निकाली गई नगर व गांव भ्रमण कर वापस लौटी शिवालय में रात्रि में हुआ शिव पार्वती का शुभ विवाह। अलकडीहा शिव मंदिर से बारात बुधवार को गाजे बाजे के साथ निकाली गई। बारात में हजारों की संख्या में महिला पुरुष बच्चे शामिल थे।जो कुसमाटांड पार्वती मंदिर पहुंची। बाराती का स्वागत किया गया। वापस शिव मंदिर धाम पहुंचा यहां मंदिर के पुजारी संदीप शास्त्री अजय ठाकुर ने चार पहर का पूजा कराई वैदिक मंत्र के साथ शिव विवाह हुआ। शुबह से ही जयरामपुर मोड़ अमरनाथ शिव मंदिर, जयरामपुर बूड़ा बाबा मंदिर, कुइयां शिव मंदिर, घनुडीह शिव मंदिर, चांद कुइयां शिव मंदिर में भक्तों के पूजा के लिए भीड़ लगी रहे। 28 फरवरी को अलकडीहा शिव मंदिर में बालक भोजन का आयोजन किया गया है। इस दौरान मंदिर कमिटी के अध्यक्ष जयंती प्रसाद सिंह, मुखिया प्रतिनिधि हीरा लाल गोराई, हीरालाल मोदक, नवीन ठाकुर, प्रवीर ठाकुर, अर्जून सिंह, अभिषेक सिंह मिंटू साव, सुनील मोदक, चंडी चरण मोदक,दयामय मोदक,विपीन मोदक, नेपाल महतो,पतिपावन मोदक पूजारी संदीप शास्त्री आदि थे।

## दिव्यांग होकर भी रहम दिल एम आर पाशा ने बांटी सौगात

**➲राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन द्वारा दिव्यांग जनों को हजारों की तादात में कैलीपर्स,वैशाखी कृत्रिम अंग,कृत्रिम पैर,कृत्रिम हाथ, जुते,छड़ी व अन्य उपकरणों का किया गया निशुल्क वितरण ।**

**तीसरा विकल्प न्यूज ब्यूरो**

चान्दपुर। राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एम आर पाशा द्वारा विशाल कैंप लगाकर हजारों दिव्यागो,बुजुर्गो, एवं जरूरतमंदों को सौगात बांटी। चांदपुर तहसील के अंतर्गत चांदपुर पार्क में दिव्यांग जनों को कृत्रिम अंग का एक विशाल कैंप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा व राष्ट्रीय दिव्यांग एवं महिला सशक्तिकरण विकास फाऊंडेशन द्वारा दिव्यांग जनों को हजारों की तादात में कैलीपर्स,वैशाखी

कृत्रिम अंग,कृत्रिम पैर,कृत्रिम हाथ, जुते,छड़ी व अन्य उपकरणों का निशुल्क वितरण विशाल कैंप का अयोजन किया गया। राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने कहा कि हमारे संगठन द्वारा दिव्यांग जनों को लगातार निशुल्क कार्यक्रम किया जा रहे हैं। और आगे भी कार्यक्रम जारी रहेंगे। चांदपुर पार्क में संगठन द्वारा दिव्यांगजनों को हजारों की तादाद में कैलीपर्स,वैशाखी कृत्रिम अंग,कृत्रिम पैर,कृत्रिम हाथ, जुते,छड़ी व अन्य उपकरणों का वितरण किया गया है। और आगे भी कृत्रिम अंग का वितरण किया जाएगा। इस मौके पर मौ कासिम अध्यक्ष सम्भल,मास्टर शाकिर जिला अध्यक्ष, मौ फरमान युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष, मास्टर अफजल जिला प्रभारी,मौ आजम अंसारी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, मास्टर शहजाद गोविंदपुर ब्लॉक अध्यक्ष स्योहारा, सुशील कुमार ब्लॉक अध्यक्ष उपाध्यक्ष,गुरु वचन सिंह जिला कोषाध्यक्ष,इंतजाम नगर अध्यक्ष स्योहारा, सितारे आलम नगर उपाध्यक्ष,मौ शाकिर झालू जिला उपाध्यक्ष, इकराम ठेकेदार जिला सचिव, नाजिम मलिक मीडिया प्रभारी, अजमल अली जिला महासचिव, नसीम,कालू सिंह,निसार मलिक,शहजाद खान,विजय मास्टर, भोला यादव,मुंतजिर,मो अली,हरिओम सिंह,ओमपाल सिंह,राजेश कुमार,रईस अहमद,वसीम खान आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## यूपी अपर ने जीता कामाख्या क्रिकेट लीग का किताब

**❑ फाइनल मैच में चंडीगढ़ चैंपियंस को 25 रन से हराया**

**तीसरा विकल्प न्यूज़ ब्यूरो**

नोयडा। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ़ अंडमान निकोबार के तत्वाधान में चैंपियंस स्पोर्ट्स और एंटरटेनमेंट द्वारा नोएडा इंटरनेशनल क्रिकेट ग्राउंड पर आयोजित कामाख्या क्रिकेट लीग के फाइनल में उत्तर प्रदेश अपर ने चंडीगढ़ चैंपियन को 25 रन से हराकर फाइनल मुकाबले को जीतकर ट्रॉफी पर कब्जा किया। आज उत्तर प्रदेश अपर के कप्तान बबलू चौधरी ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। उत्तर प्रदेश अपर के बल्लेबाजों ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट खोकर 159 रन बनाए जिसमें हाफिज मोहम्मद फैज ने सर्वाधिक 72 रन 52 गेंद खेलकर दिनेश 39 रन 38 गेंद खेलकर और सत्यजीत राउत ने 20 रन 19 गेंद खेलकर बनाएं। चंडीगढ़ चैंपियन की ओर से अरविंद वर्मा ने चार ओवर में 25 रन देकर तीन विकेट रोहित और जसमीत ने एक-एक विकेट लिया जवाब में रन का पीछा करने उतरी चंडीगढ़ चैंपियन की टीम निर्धारित 20 ओवर समाप्त होने पर 8 विकेट खोकर मात्र 134 रन ही बना सकी जिसमें अश्विंदर सिंह चौहान ने सर्वाधिक 59 रन 54 गेंद खेलकर अरविंद वर्मा 24 रन 23 गेंदें खेलकर और मनीष लेपटी 12 रन का योगदान रहा। उत्तर प्रदेश अपार की तरफ से मोहम्मद ओसामा ने चार ओवर में 23 रन देकर तीन विकेट झटके ओसामा के अलावा वाहिद बबलु राणा और सत्यजीत राऊत ने एक-एक विकेट लिया। इस प्रकार से उत्तर प्रदेश अपर 25 रन से विजेता बनी मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार पूर्व टेस्ट क्रिकेटर सुरेंद्र खन्ना के हाथों हाफिज मोहम्मद फैज को तथा मैन ऑफ़ द सीरीज का पुरस्कार अरविंद वर्मा को संयुक्त रूप से कारगिल युद्ध के हीरो कर्नल शैलेंद्र, बिजनेसमैन विवेक अग्रवाल, फिल्म अभिनेता अभिनव चतुर्वेदी के हाथों दिया गया। इस अवसर पर डॉक्टर संदीप पतजोशी आईपीएस बिजनेसमैन प्रदीप कुमार बूबना बिलाल खान एडवोकेट मोहम्मद जाहिद शाह डॉक्टर अंजु बबलू सिंह राठौड़ विकास शर्मा शाहीन खान खुशबू खान फरीद अहमद खान साई कुमार संगारेड्डी एनटीपीसी जमीर अहमद अंसारी सबा अंजुम खादिर खान मोहम्मद वकील गुलजारी राकेश पाल दिल्ली पुलिस डॉक्टर जावेद राणा डेंटिस्ट मनीष मीणा एडवोकेट अनीस फातिमा सारिका चौधरी सलीम बैग मलिक नोमानी मोहम्मद ताल्हा बैग फिल्म कलाकार जुबेर सनम खान अनमोल खन्ना रिजवाना खान माउंटेनियर इंतज़ार अली हुदा जरीवाला नजमुद्दीन एफ आई स्माइल अध्यक्ष दिल्ली उर्स कमेटी जाकिर खान मुकेश मिश्रा पूनम रानी के अलावा अध्यक्ष कामाख्या क्रिकेट लीग डॉक्टर शमीम खान, डायरेक्टर कामाख्या क्रिकेट लीग हारून रशीद, डायरेक्टर क्रिकेट ऑपरेशन उमर कमाल परी, मोहम्मद अनस, मोहम्मद मनीष, मोहम्मद रमीज, मोहम्मद हुसैन, वेद राजपूत, राहुल कुमार, मोहम्मद फैजान, मोहम्मद दानिश, सरदार सैंडी ठाकुर, हर्ष गुप्ता, मोहम्मद आरिफ, सलमान खान, पायल सिंह, अनु बलवंत, पिच क्यूरेटर अनवर अली के अलावा अंपायर मोहम्मद इब्राहिम, जितेंद्र गुप्ता, मोहम्मद नूर, मोहम्मद रफी, कॉमेंटेटर इरफान भट्ट, मोहम्मद शीश, स्कोरर मोहम्मद उस्मान, कैटरिंग एंड टेंट व्यवस्थापक सुनील राघव आदि उपस्थित थे अंत में लीग के अध्यक्ष शमीम खान ने नोएडा क्रिकेट स्टेडियम कमेटी एवं स्टेडियम की सपोर्टिंग स्टाफ टूर्नामेंट के सहयोगी स्पॉन्सर और टूर्नामेंट आयोजन को सफल बनाने में लगी संपूर्ण टीम को धन्यवाद दिया।

## नो हेलमेट-नो पेट्रोल की निकली हवा प्रशासन की मुहिम नहीं ला सकी रंग, अभियान हो रहा बेअसर

**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता गाजीपुर**

गाजीपुर। सभी जानते हैं कि हेलमेट सुरक्षा कवच है फिर भी बड़ी संख्या में दोपहिया वाहन चलाते समय इसका प्रयोग नहीं करते हैं। लोग हेलमेट पहनें इसके लिए प्रशासन भी अभियान चलाता रहता है। ऐसा ही एक अभियान नो हेलमेट-नो पेट्रोल प्रशासन ने शुरू किया। इसका आशय लोगों को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करना था। लेकिन इस पर भी अधिकांश लोग अमल नहीं कर रहे हैं। बिना हेलमेट पहने पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भरवा रहे हैं। दरअसल, जिले के पेट्रोल पंपों पर नो हेलमेट नो पेट्रोल अभियान चलाने के लिए कहा गया था। पेट्रोल पंप संचालकों के साथ प्रशासनिक अधिकारियों ने बैठक कर पूरे अभियान की रूपरेखा समझाई थी। इसे लेकर पंप संचालकों ने भी हामी भरी। वहीं हर पेट्रोल पंप पर नो हेलमेट-नो पेट्रोल के बोर्ड भी लगाए गए, मगर जिले में बोर्ड दिखावा बनकर रह गए हैं। शहर के बंसीबाजार के पेट्रोल पंप का आलम भी यही है कि यहां भी बिना हेलमेट पेट्रोल देने से किसी को रोका नहीं जाता। विश्वेश्वरगंज स्थित पेट्रोल पंपों पर भी बोर्ड लगा है कि आज्ञा से जिलाधिकारी लिखा हुआ है, लेकिन देखने वाला नहीं कि किसने हेलमेट लगाया है और किसने नहीं। न बोर्ड है और न आदेश का पता जिले में चार दर्जन से अधिक पेट्रोल पंप संचालित हैं। इनमें से किसी भी पेट्रोल पंप पर इस अभियान के लिए किसी प्रकार की जागरूकता नहीं है। न ही संचालकों ने अपने कर्मचारियों को कोई निर्देश दिए हैं। इससे पेट्रोल पंप बिना हेलमेट और बिना सीट बेल्ट के ही पेट्रोल-डीजल दिया जा रहा है। वाहन चालको से अपील है कि वह यातायात नियमों का पालन करे। दो पहिया वाहन चालक हेलमेट का प्रयोग करें, जबकि चौपहिया वाहन चालक सीट बेल्ट लगाकर चले। एक बार फिर से फिर से अभियान चलाया जाएगा। लोगों को जागरुक किया जाएगा। साथ ही पेट्रोल पंप स्वामियों के साथ बैठक कर निर्देशित किया जाएगा कि वह बिना हेलमेट पहले वाहन स्वामियों को पेट्रोल न दे। आर्यका अखौरी, जिलाधिकारी, गाजीपुर।

## पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर अनियन्त्रित होकर पल्टी ट्रक

**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता गाजीपुर**

गाजीपुर। मरदह थाना क्षेत्र के पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर 290 किमी पर लखनऊ से कोल्डड्रिंक लेकर पटना बिहार जा रही ट्रक का चालक अनियन्त्रित होकर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे का डिवाडर तोड़ते गहरी खाई में ट्रक लेकर पलट गया। दुर्घटना में ट्रक के सभी टायर ऊपर हो गए ट्रक छतिग्रस्त होने के साथ ही उसपर लदा कोल्डड्रिंक बिखर गया। दुर्घटना के बाद मौके पर पहुँचे पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के गश्ती दल द्वारा काफी प्रयास के बाद ट्रक के केबिन में फंसे चालक अमन यादव निवासी कादीपुर जिला अम्बेडकर नगर एवं खलासी अमित पाण्डेय निवासी कनैला जिला आजमगढ़ को गम्भीररूप से घायलावस्था में बाहर निकाल कर उपचार हेतु आजमगढ़ भेजवाया गया है ।

## पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर पल्टी श्रद्धालुओ से भरी स्कार्पियो, दो घायल

**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता गाजीपुर**

गाजीपुर। मरदह थाना क्षेत्र के पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के 291 किमी पर मरदह थाना के हरिकरनपुर गांव के पास प्रयागराज महाकुंभ से लौटते वक्त अयोध्या दर्शन कर गया बिहार लौट रहे श्रद्धालुओ से भरी स्कार्पियो गाड़ी टायर फटने से अनियन्त्रित होकर डिवाडर से टकराकर पलट गयी। दुर्घटना में स्कार्पियो के चारो टायर ऊपर हो गए। दुर्घटनाग्रस्त स्कार्पियो में बच्चो सहित कुल 12 श्रद्धालु सवार थे। सवारो में चालक राकेश बिन्द, धनंजय बिंद, सीमा देवी कालेन्द्र बिन्द, सुदेश्वर बिंद, पूनम,लक्ष्मन कुमार,रवि कुमार ,ज्यादा चोटिल टूसीया देवी,माला कुमारी को अस्पताल भेजवाया गया। सभी घायल ग्राम मऊ थाना मऊ जिला गया बिहार के निवासी है।

## श्रीरामपुर के मुखिया पर झामुमो नेता ने लगाए गंभीर आरोप

**तीसरा विकल्प न्यूज़ ब्यूरो**

तोपचांची /धनबाद । लाभुक समिति अध्यक्ष सह झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा नेता विवेक दूबे ने श्रीरामपुर पंचायत के मुखिया पर गंभीर आरोप लगाए हैं। विवेक दूबे का कहना है कि तोपचांची प्रखंड अंतर्गत श्रीरामपुर पंचायत के दीगनगर गांव में दुबे बांध में घाट निर्माण,नया बांध में घाट निर्माण, पूरन महतो के घर के सामने जलमीनार का निर्माण,हरिहरपुर धीरन पांडे के घर के सामने जलमीनार निर्माण व मानपुर प्राथमिक विद्यालय में जलमीनार आदि कार्य पंचायत की सरकार के द्वारा कराया गया है।योजना पूर्ण होने के बाद भी लाभुक समिति को राशि का भुगतान नहीं किया।विवेक कुमार दुबे ने बताया कि इसकी शिकायत जिला के उपायुक्त व प्रखंड विकास पदाधिकारी तोपचांची से भी की है।उन्होंने कहा की राशि का भुगतान समिति को नहीं करता है तो इसकी लिखित शिकायत थाना में भी की जाएगी।

## शिक्षकों से किए गए वादे वेतनमान को पूरा करें सरकार- जयराम महतो

**तीसरा विकल्प न्यूज़ ब्यूरो**

धनबाद। तोपचांची सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा का एक प्रतिनिधि मंडल धनबाद जिला महिला अध्यक्ष डिंपल चौबे , आरती कुमारी सद्दाम के नेतृत्व में डुमरी विधायक जयराम महतो से मिला संघर्ष मोर्चा प्रतिनिधिमंडल में राज्य सदस्य निरंजन दे राज्य सदस्य सुशील कुमार पांडे जिला सदस्य कल्याण चक्रवर्ती प्रखंड सदस्य संतोष कुमार महतो ने डूंमरी विधायक से शिष्टाचार मुलाकात की साथ ही सहायक अध्यापकों की समस्याओं से अवगत कराया बताते चले की झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार चुनाव पूर्व अपने संकल्प पत्र में घोषणा किया था कि जे एम एम की सरकार बनते ही राज्य के 62000 पारा शिक्षकों को वेतनमान देंगे लेकिन अब तक इसमें किसी भी प्रकार की ठोस कार्यवाही नहीं की गई मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए डुमरी विधायक ने कहा सहायक अध्यापकों का वेतनमान की मांगे जायज है निश्चित रूप से सदन में पारा शिक्षकों की वेतन मान कीमांग को उठाऊंगा पारा शिक्षक अपनी पूरी जवानी का आहुतिकरण राज्य के विकास में लगा चुके हैं अब पारा शिक्षकों का कैसे विकास हो सरकार को निश्चित रूप से सोचनी चाहिए आज अल्प मानदेय में विगत 20 वर्षो से कार्य कर रहे हैं निश्चित रूप से झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा राज्य के पास शिक्षकों के साथ खड़ा है।

## 8वीं की छात्रा की फंदे पर झूली मौत मौत का कारण का पता नहीं चल पाया है

**तीसरा विकल्प न्यूज़ ब्यूरो**

धनबाद। तेतुलमारी पीएसटी 2 नंबर विस्थापित धौड़ा में 14 वर्षीया एक छात्रा फंदे पर झूल गयी, जिससे उसकी मौत हो गयी. बताया जा रहा है कि स्वर्गीय जुगेश भुइँया की 14 वर्षीया रजनी नामक पुत्री ने अपने घर मे दुपट्टे से गले मे फंदा लगाकर झूल गयी, जिससे उसकी जान चली गयी, घटना के वक्त भाई टोटो चलाने व माँ शौच के लिये गयी थी. घर में अकेली छात्रा ने अपने गले मे फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। लोगों ने बताया कि 14 वर्षीया रजनी 28 जनवरी 2025 से आयोजित होने वाली आठवीं बोर्ड का परीक्षा देने वाली थी, जो परीक्षा जैक का अध्यक्ष नही होने के कारण कैंसिल हो गया था। घटना के बाद परिजनों का रो- रो कर बुरा हाल है।

## मौसम की फिरकी में फंस रहे लोग, गर्म कपड़े त्यागने से हो रहे बीमार

**❑ डॉक्टरों की सलाह- पंखा और कूलर चलाने में बरतें सावधानी**

**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता गाजीपुर**

गाजीपुर। दिन के बढ़ते तापमान गर्मी का अहसास करा रहा है। तेज धूप से लोग बचने का प्रयास करते नजर आ रहे है। हालांकि, धूप के साथ बह रही हवा के बावजूद लोग गरम वस्त्र उतार रहे हैं। मेडिकल कॉलेज में सीजन रोगियों की संख्या भी बढ़ी है। चिकित्सक मौसम के इस बदलाव से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सतर्क कर रहे हैं।

बुधवार को अधिकतम तापमान 32.7 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विज्ञानी डॉ. अमरनाथ मिश्र ने बताया कि आने वाले सप्ताह में तापमान और बढ़ने के आसार हैं। दिन में ही नहीं रात में भी तापमान बढ़ रहा है। मौसम विभाग की मानें तो अभी मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। आने वाले दिनों में अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस पार जा सकता है। ऐसे में लोग शर्ट और टी शर्ट पहने नजर आने लगे हैं। लोगों के मुताबिक, जितनी गरमी होली के समय होती है उतनी गर्मी का अहसास अभी से होने लगा है। रात में भी मौसम एक-दो डिग्री सेल्सियस की गति से बढ़ रहा है। स्टेशन रोड़ के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. पीसी गुप्ता के मुताबिक, मौसम तेजी से परिवर्तित हो रहा है। अभी ठंड का सीजन गया नहीं है और दिन मे तेज गरमी शुरू हो गई है। किसी किसी दिन रात में भी बढ़े तापमान का अहसास हो रहा है। ऐसे समय में स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता जरूरी है। गरम वस्त्रों को एकाएक न उतारें। पंखा-कूलर चलाते समय मौसम को जरूर ध्यान रखें। थोड़ी सी लापरवाही दिक्कत में डाल सकती है।

बढ़ते तापमान ने किसानों की बढ़ाई चिंता

बढ़ते तापमान ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। उन्हें फसलों के प्रभावित होने की आशंका सताने लगी है। गर्मी का असर ज्यादा होने से गेहूं की फसल को नुकसान हो सकता है। दिन के साथ रात का तापमान बढ़ना गेहूं की फसल के लिए अच्छा नहीं माना जाता है। कृषि के जानकार मनीष सिंह के मुताबिक गेहूं की फसल के लिए दिन में गरमी और रात में ठंड अच्छा माना जाता है। गेहूं की फसल के लिए अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 10 डिग्री सेल्सियस अच्छा माना जाता है। लेकिन बुधवार को अधिकतम तापमान 32.7 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आने वाले दिनों में अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस से ऊपर जा सकता है।

## सुबह से शाम तक शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब हर तरफ हर हर महादेव की होती रही गूंज

**➢ आधी रात से ही गूंजने लगे बोल बम के नारे शिवरात्रि पर उपवास रख किया रुद्राभिषेक, चढ़ाए बेलपत्र और धतूरे, मांगी मन्नतें शिवालयों में उमड़ा श्रद्धालुओं का रेला, गांवों में भी उत्सव का माहौल, कई जगह मेले का हुआ आयोजन**

**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता गाजीपुर**

गाजीपुर। मन में आस्था, चेहरे पर भक्ति और लबों पर जयकारे। हाथ में जलाभिषेक का कलश लिए भक्त बाबा की डगर पर दौड़ लगाते नजर आए। अपनी श्रद्धा के पुष्पों को समर्पित करने और मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए बुधवार को हर कोई शिव भक्ति में डूबा नजर आया। महाशिवरात्रि पर्व पर जिले में आस्था का ज्वार उमड़ा। शिवालयों में शिवभक्तों ने जलाभिषेक किया। महाशिवरात्रि पर्व पर जिले के शिवालयों में भक्तों की भीड़ रही, लेकिन प्रसिद्ध महाहर धाम मंदिर पर हजारों श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। मंदिर में आधी रात से ही जलाभिषेक एवं पूजा अर्चना का दौर शुरू हो गया। सुबह होते होते यहां लंबी लाइनें लगीं थीं। महाशिवरात्रि पर भोर से ही शहर सहित ग्रामीण इलाके के प्रमुख शिवालयों में आस्था का जलसैलाब उमड़ पड़ा। बुधवार को गंगा स्नान के बाद भोर से ही पूजा-पाठ का सिलसिला शुरू हुआ, वह देर शाम तक चलता रहा। महाहर धाम में पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने त्रिनेत्रधारी का जलाभिषेक और दूधाभिषेक कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। इस बीच भक्तों द्वारा भगवान शंकर का जयघोष किया गया। जिससे आसपास का वातावरण शिवमय बन गया। भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। सूर्योदय के साथ ही शिवभक्तों के पांव जब शिवालय की ओर बढ़े तो भीड़ और अधिक हो गई। सुबह से शाम तक शिवालय श्रद्धालुओं से गुलजार रहा। शहर के गोराबाजार स्थित बुढा महादेव मंदिर, लालदरवाजा स्थित शिव मंदिर, मिश्रचाजार स्थित अतिप्राचीन शिव मंदिर, लालदरवाजा स्थित शिव मंदिर, रायगंज स्थित अमरनाथ, -चीतनाथ, नवाबगंज स्थित शिव मंदिर अन्य शिव मंदिरों में पहुंचे भक्तों ने शिव के चरणों में फूल-माला अर्पित करने के साथ ही जलाभिषेक कर उनकी आराधना की। बाराचवर प्रतिनिधि के अनुसार क्षेत्र के नागेश्वर महादेव मंदिर, ऊंचाडीह, बुढ़वा महादेव, झारखंडे महादेव तथा लखेश्वरडीह और कामेश्वर नाथ धाम पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मत्था टेका। देवकली प्रतिनिधि के अनुसार गंगा के तटवर्ती क्षेत्र चकेरी धाम पर श्रद्धालुओं का रेला उमड़ा। भक्तों ने जलाधिभेक के साथ ही औघड़दानी को भांग, धतूरा आदि चढ़ाकर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। मुहम्मदाबाद प्रतिनिधि के मुताबिक महाशिवरात्रि के अवसर पर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के शिवालयों में बुधवार को सैकड़ों शिवभक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक एवं रूद्राभिषेक किया। महादेवा स्थित प्राचीन शिवमंदिर पर भोर से ही भक्तों की कतार लग गई थी जो पूरे दिन लगी रही। महिलाओं ने मंदिर परिसर में अखंड दीप जलाया। मंदिर के बाहर मेले में बच्चों एवं महिलाओं ने जमकर खरीददारी की। इसके अलावा जखनिया, दिलदारनगर, दुल्लहपुर, सेवराई, बिरनो, जंगीपुर, चहरियाचाद, शादियाबाद, मनिहारी, सुहवल, सैद?पुर, औड़िहार, खानपुर, सादात, भीमापार, जखनिया, करंडा कासिमाबाद, नंदगंज, गहमर, बहादुरगंज सहित जिले के अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में महा शिवरात्रि पर्व की धूम रही। लोगों ने दर्शन-पूजन कर शिव से अपने और परिवार के मंगल की कामना की। मंदिरों में की गई थी भव्य सजावट महाशिवरात्रि के मौके पर प्रायः सभी शिवालयों पर भक्तों की चहल-पहल बनी रही। इस मौके पर पूजा कमेटियों द्वारा बाबा का भव्य श्रृंगार कराने के साथ ही मंदिरों को फूल-माला और बिजली के झालरों से सजवाया गया था। छोटा हो या बड़ा, सभी शिवालयों फूल-माला, झालरों के साथ ही गुब्बारा आदि से सजावट की गई थी, जो बरबस ही भक्तों को अपनी तरफ आकर्षित कर रही थी। रात में कई मंदिरों पर कीर्तन भजन का आयोजन किया गया था। किसी मंदिर पर प्रसाद के रूप में भक्तों को गाजर का हलवा उपलब्ध कराया गया तो किसी पर बुनिया, फल आदि का प्रसाद दिया गया। डीएम और एसपी ने लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा जिलाधिकारी आर्यका अखौरी और पुलिस अधीक्षक ने बुधवार को महाशिवरात्रि महापर्व के दृष्टिगत थाना मरदह क्षेत्रांतर्गत महाहर धाम मंदिर परिसर, गोराबाजार बड़ा महदेवा मंदिर सहित अन्य शिव मंदिरों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान मंदिर/मेला परिसर में लगे पुलिस बल को त्यौहार/मेला को सकुशल संपन्न कराने हेतु दिशानिर्देश किया गया। तत्पश्चात अधिकारियों ने खोया पाया केंद्र, सीसीटीवी कैमरे, कंट्रोल रूम, पार्किंग स्थल और बैरिकेड्स आदि का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, एसडीएम कासिमाबाद, सीओ कासिमाबाद, सीओ भुड़कुडा सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# आलमबाग क्षेत्र की सड़कों पर निकली शिव मां पार्वती की बारात लगे हर हर महादेव के उद्घोष

**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। महाशिवरात्रि के पर्व पर जहां एक और महाकुंभ प्रयागराज में लाखों भक्त आस्था की डुबकी लगा कर जल अभिषेक किया वहीं जगह-जगह पर महाशिवरात्रि के अवसर पर शिव मां पार्वती बारात की झांकियां निकाली गई। ऐसे ही आलमबाग क्षेत्र के सिंगानगर,वीआईपी रोड, तालकटोरा रोड पर शिव मां पार्वती की बारात का आयोजन किया जिसमें शिव मां पार्वती के रूप में भक्तों ने बारात निकाली वहीं भक्त भक्ति में नाचते गाते चारों दिशाओं में हर हर महादेव के जयकारे गूंज रहा थे,वही भक्तों को प्रसाद वितरण किया जा रहा था। वही महाशिवरात्रि के अवसर पर जगह जगह पर भक्तों ने भंडारे का भी आयोजन किया गया। महाशिवरात्रि पर थाना कृष्णानगर,थाना मानक नगर एवं थाना आलमबाग पुलिस प्रशासन भी मुस्तैदी से चप्पे-चप्पे पर नजर रखे हुए थे व राहगीरों को कोई परेशानी ना हो इसके भी यातायात के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

## शिव सरस्वती मंदिर सेवा समिति ने शिव जी का महाभिषेक कर एवं 1008 रूद्र नमोः का जाप कर मनाया महाशिवरात्रि पर्व

**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शिव सरस्वती मंदिर सेवा समिति द्वारा शिव जी का एक विशाल महाभिषेक क्षेत्र की सुख शांति के लिए मंदिर परिसर में प्रातः 11ः00 बजे से आयोजित हुआ जिसमें क्षेत्र के सभी शिव भक्तों ने बड़ी ही श्रद्धा भाव के साथ मंदिर में आकर भगवान भोलेनाथ के महा अभिषेक में बढ़ - चढ़कर हिस्सा लिया एवं भगवान भोलेनाथ के 1008 रूद्र नमो का जाप किया। मंदिर के पुजारी संतोष पांडे ने बताया कि भगवान भोलेनाथ के महा अभिषेक से लोगों के दुख दूर हो जाते हैं। शिव जी के परम भक्त सचिन देवल व ग्रैंडमा बेकरी के सौजन्य से एवं रवि चौधरी द्वारा ठंडाई का एक विशाल भंडारा आयोजित किया गया जिसमें शिवभक्तों को पूरी सब्जी का भंडारा कराया गया जो शाम 6ः00 बजे तक चलता रहा जिसमें क्षेत्र के सभी लोगों ने ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के लोकप्रिय पार्षद विनोद यादव ने भी भंडारा वितरण कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिव सरस्वती मंदिर सेवा समिति के संरक्षक - रविंद्र निगम (एडवोकेट), अध्यक्ष- जितेंद्र निगम, तीर्थराज यादव, अभिषेक मिश्रा, जितेंद्र शुक्ला, अनुराग दिक्षित, सचिन देवल, आशीष श्रीवास्तव, गणेश शुक्ला, शिवम पोरवाल एवं समिति की महिला सदस्यों में श्रीमती अर्चना सिंह, राधा शुक्ला,शशि राय, प्रतिभा मिश्रा, प्रगति मिश्रा, रीता वर्मा, आकांक्षा सिंह, मीनाक्षी देवल, सोनम दिक्षित, निकिता जुनेजा, संजू अवस्थी,रति पांडे आदि का पूर्ण सहयोग रहा 7

## सरस कवि सम्मेलन संपन्न

**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। बज़्म इशरत फाउंडेशन के तत्वाधान में कैरियर कोचिंग इंस्टीट्यूट स्टेशन रोड अपोजिट विकास दीप लखनऊ सरस कवि सम्मेलन आयोजित किया गया,जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार अस्थाना महेश अस्थाना ने की। वरेण्य अतिथि डॉक्टर अजय प्रसून, जे. पी.वर्मा, मालवीय एवं आशिक रायबरेली रहे। कार्यक्रम का आरंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं डॉक्टर नीतू आनंद श्रीवास्तव की वाणी वंदना से हुआ। कुशल संचालन डॉक्टर कुंवर आनंद श्रीवास्तव ने किया। संयोजन डॉक्टर कुसुम चौधरी ने किया। इस अवसर पर महेश प्रकाश अस्थाना, डॉक्टर नीतू आनंद श्रीवास्तव, डॉक्टर अजय प्रसून, राम राज भारती, डॉक्टर कुसुम चौधरी, रेखा सिंह, कृतेंद्र, डॉक्टर आर.के.वर्मा,डॉक्टर कुंवर आनंद श्रीवास्तव,इशरत सुल्ताना, कहकशा हमीद,अनीता अरोड़ा,मिस्टर अमेठी, शाह,आदि ने अपने गीत, गजल, छंद एवं मुक्तकों से सबको भाव विभोर कर दिया। अंत में आभार डॉक्टर कुसुम चौधरी एवं जे. पी.वर्मा ने किया। श्रोताओं ने कार्यक्रम की सराहना की।

## महाशिवरात्रिः शिवालयों में गूंजें बोल बम..बोल बम, हर हर महादेव के उद्घोष

● शिव भक्तों ने की पूजा–अर्चना, शिवबारात में बाबा की भक्ति से सराबोर हुई राजधानी

**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। महाशिवरात्रि पर्व पर आज राजधानी भगवान शिव व माता पार्वती की भक्ति से सराबोर नजर आई। यहां शिवालयों में जहां एक ओर शिव बाबा व माता पार्वती की आराधना की गई तो वहीं शिव बारात में उमड़ा आस्था का जनसैलाब बोल बम..बोल बम, हर हर महादेव के उद्घोषों से गुंजायमान रहा। राजधानी के मनकामेश्वर मंदिर, बुद्धेश्वर मंदिर समेत तमाम शिवालयों पर शिवभक्तों की लम्बी कतारें लगी रही। शिवालयों में भोर होते ही श्रद्धालुओं का हूजूम उमड़ पड़ा। मंदिरों में पूजा–अर्चना का सिलसिला देर शाम तक जारी रहा। इसी क्रम में मनकामेश्वर मंदिर से लेकर सिद्धनाथ, कोतवालेश्वर, महाकाल मंदिर और बड़ा शिवालय में विशेष पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठान हुए। बुद्धेश्वर महादेव मंदिर ,मनकामेश्वर महादेव मंदिर, भौरेश्वर महादेव मंदिर,कोनेश्वर महादेव मंदिर,लम्बेश्वर भोला मंदिर में शिव भक्त गंगाजल, बेलपत्र और दूध से बाबा का अभिषेक किया गया। मोहनलालगंज में काशेश्वर महादेव की बारात निकाली गई। बारात में भक्तों ने हर हर महादेव का जमकर उद्घोष किया। मनकामेश्वर मंदिर की महंत देव्या गिरि ने भोर 2 बजे भगवान शिव का 101 लीटर दूध से अभिषेक किया। इसके बाद भव्य श्रृंगार हुआ। ब्रह्म मुहूर्त में 4 बजे से मंदिर के पट भक्तों के दर्शन के लिए खोल दिए गए। भारी भीड़ को देखते हुए विशेष क्राउड मैनेजमेंट की व्यवस्था की गई। गर्भगृह में प्रवेश प्रतिबंधित रहा। जलधारी से जलाभिषेक की सुविधा दी गई। इसी तरह राजधानी के प्रमुख मंदिरों में भी सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम पुलिस प्रशासन द्वारा किए गए थे।महाशिवरात्रि पर्व पर शहर में कई जगह भंडारे का भी आयोजन किया गया। शहर में जगह–जगह आयोजित भंडारों में शिव भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिरों और घरों में लोगों ने देवो के देव महादेव और माता पार्वती की पूजा अर्चना की और व्रत रखा। इस अवसर पर शहर में कई जगह शिव बारात निकाली गई। महाशिवरात्रि पर कुएंश्वर बाबा मंदिर फतेहगंज गल्ला मंडी एवं मुरलीनगर उदयगंज से निकलने वाली दोनों शिव बारातों की साहू वैश्य महासभा के प्रांतीय महामंत्री महेश प्रसाद दद्दू ने भव्य आरती उतारी और शिव जी के बारातियों का स्वागत किया। शिव बारात फतेहगंज गल्ला मंडी से प्रारंभ होकर गणेशगंज ,नाका हिंडोला ,गुरुद्वारा रोड ,गौतमबुद्ध मार्ग,कैसरबाग ,नजीराबाद ब अमीनाबाद रोड होते हुए पुनः मंदिर प्रांगण में पहुंची। जहां भंडारे में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर वैश्य समाज के सुशील गुप्ता ,मनीष साहू, मीना साहू समेत तमाम श्रद्धालु मौजूद रहे। वहीं दूसरी तरफ लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन व आलमबाग ,चारबाग बस अड्डों सहित विभिन्न शहरों से महाशिवरात्रि पर स्नान के लिए रिकॉर्ड संख्या में तीर्थ यात्री प्रयागराज पहुंचे। जिसके चलते लखनऊ रेलवे स्टेशन और बस अड्डों पर यात्रियों की भारी भीड़ रही।

## समाचार

### नेशनल कॉलेज के सामने चौराहे का सौन्दर्यीकरण

**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। इनर व्हील क्लब, बारादरी के द्वारा नेशनल कॉलेज के सामने स्थित् तिराहे का सौन्दर्यीकरण कराया गया। क्लब की डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन आशा अग्रवाल ने चौराहे का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर इनर व्हील क्लब, बारादरी की अध्यक्ष डॉ. मितुल रस्तोगी ने बताया कि नगर निगम द्वारा क्लब को चौराहे के सौन्दर्यीकरण का दायित्व सौंपा था। कार्यक्रम में क्लब की सचिव सुनीता डेम्बला के साथ अन्य सदस्य उपस्थित रहीं। उक्त जानकारी आज मीडिया के माध्यम से डॉ. मितुल रस्तोगी अध्यक्ष इनर व्हील क्लब, बारादरी लखनऊ द्वारा उपलब्ध कराइ गयी ।

### शांतिनगर मे निकाली गयी भव्य शोभायात्रा, भक्तों ने भंडारे का चखा प्रसाद

**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता लखनऊ**

सरोजनीनगर । महाशिवरात्रि के अवसर पर शांति नगर में ऋषिकुंज सेवाश्रम समिति द्वारा शिव मंदिर पर हवन पूजन कर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें हजारों भक्त शामिल हुए बच्चों को शिव परिवार के रूप में तैयार कर झांकी निकाली गई दो रथो पर शिव परिवार बैठकर शिव भक्तों के साथ नाचते झूमते सरोजनी नगर थाने पर स्थित शिव मंदिर पर हर वर्ष की भांति इस बार भी पहुंचा शोभायात्रा की वापसी के बाद मंदिर पर भोले नाथ के भंडारे का प्रसाद ठण्डई, पूडी, सब्जी, बूंदी वितरीत किया गया हजारो लोगो ने प्रसाद चखा कार्यक्रम का आयोजन ऐसी कौन सी सेवा आश्रम समिति के प्रबंधक व मंदिर के पुजारी जयप्रकाश गुप्ता द्वारा किया गया इस कार्यक्रम में कई लोगो का सहयोग रहा शिव मंदिर के दरबार में विधायक प्रतिनिधि के एन सिंह, रमाशंकर त्रिपाठी, केके श्रीवास्तव, समर बहादुर सिंह, मनोज वर्मा, रवि यादव, अंकित गुप्ता, पंकज गुप्ता, राकेश गौतम, धर्मेंद्र तिवारी, राकेश चंद तिवारी, मयंक दिवाकर समेने तमाम भक्तों ने मंदिर पहुंचकर दर्शन किये।

### महाशिवरात्रि पर सिविल डिफेंस गोमतीनगर मंदिरों पर रहा सक्रिय

**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। सिविल डिफेंस लखनऊ के चीफ वार्डन अमरनाथ मिश्रा के आदेशानुसर व वरिष्ठ सहायक उप नियंत्रक मनोज वर्मा तथा स्टाफ ऑफिसर टू चीफ वार्डन ऋतुराज रस्तोगी के दिशा निर्देश में महाशिवरात्रि पर्व पर प्रखण्ड गोमती नगर मे वार्डन नफीस की अगुवाई में प्रखण्ड के वार्डन विभिन्न मंदिरों में सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस प्रशासन के सहयोग में तत्पर रहें। गोमतीनगर के विवेक खंड 2 के राधा कृष्ण मंदिर में हरिओम यादव, गजेंद्र सिंह, कप्तान सिंह, वीरेंद्र कुमार, राम सरन, शिवभोला मंदिर विशाल खंड में नफीस अहमद, वारिस अली खान, आशीष कुमार, अशोक कुमार गुप्ता, रितेश शर्मा, बलराम सिंह, कृष्ण कुमार त्रिपाठी, और श्री मुक्तेश्वर धाम मंदिर विनय खंड-2 पर अखिलेश कुमार वर्मा, अनुज सैनी, पुष्कर वर्मा, प्रदीप कुमार शर्मा, सुधीर सिंह राठौड़, विनोद राय, सिद्धांत स्वरूप निषाद, सैलानी माता मंदिर विश्वास खंड- 3 पर आर के पांडे, राकेश, मास्टर संजय मिश्रा, नंदराम यादव, शिव मंदिर एचएएल पुरानी कॉलोनी पर संजय किशोर मिश्रा, ए.के. बनर्जी, कौशल्या देवी मंदिर संजय गांधी पुरम पर संदीप कुमार, सुमित कुमार, सुमेश्वर महादेव मंदिर ब्रह्मपुरी कॉलोनी पर के के पांडे, जय सिंह, धीरेंद्र कुमार आर्य आदि वार्डन तत्पर रहे।

### काज़मैन रोड पर खुला आल इन वन सुपर मार्ट

**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। आल इन वन सुपरमार्ट ने काज़मैन रोड पर अपने नए शाखा का उद्घाटन किया, जो अब रियायती दरों पर विभिन्न उत्पादों की रेंज, किराना और घरेलू आवश्यक सामान एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराएगा। इस भव्य उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व आई.ए.एस. अनीस अंसारी, लखनऊ पश्चिम के विधायक अरमान खान और डॉक्टर हरीश कुमार अग्रवाल उपस्थित रहे।आल इन वन सुपरमार्ट के उद्घाटन के दौरान ओनर हसन अब्बास और जीशान नकवी ने बताया कि यह ब्रांच आल इन वन सुपरमार्ट के देश भर में मौजूद 32 शाखाओं में शामिल हो गई है। उद्घाटन समारोह में पत्रकारों का भी समागम हुआ, जिनमें वरिष्ठ पत्रकार अज़ीज़ सिद्दीकी, अब्दुल वहीद, जुबैर अहमद सहित कई अन्य लोग मौजूद थे ।इस सुपरमार्ट के संचालकों ने ग्राहकों को रियायती दरों पर सामान उपलब्ध कराने के अलावा, कई सुविधाओं और स्कीमों की जानकारी दी। लखनऊ में मार्ट की संख्या लगातार बढ़ रही है, और अब काजमैन रोड पर यह सुविधा स्थानीय लोगों के लिए बेहद फायदे वाली साबित होगी।

## महाशिवरात्रि पर मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें

**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर लखनऊ के विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं का भारी रेला उमड़ पड़ा। शहर के प्रमुख मंदिरों में विशेष रूप से चौक स्थित प्राचीन कोणेश्वर मंदिर में भक्तों की लंबी कतारें देखी गईं, जहां भगवान शिव के दर्शन करने के लिए हजारों लोग पहुंचे। श्रद्धालु सुबह से ही मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए जमा होने लगे थे। इस दिन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह और आस्था देखने को मिली। सभी मंदिरों में शिवलिंग पर दूध, बेल पत्र, और जल चढ़ाकर महादेव से आशीर्वाद प्राप्त किया गया। शहर भर में महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है, और भक्तों ने इस दिन का पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ पालन किया। मंदिरों में विशेष पूजा और आरती का आयोजन किया गया, और प्रशासन ने भी सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर पूरी तैयारी की थी। साथ ही, ठाकुरगंज स्थित कल्याणगिरि मंदिर से निकलने वाली बारात में समुद्र मंथन की झांकी भी शामिल की गई। इस बारात में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भोलेनाथ के गणों के रूप में शामिल रहे। बारात दोपहर दो बजे मंदिर परिसर से शुरू होकर बालागंज चौराहा होते हुए चौक तक निकली गई और फिर वापस मंदिर लौटी। इस आयोजन ने महाशिवरात्रि के पर्व को और भी भव्य और यादगार बना दिया।

### ई रिक्शा पलटने से घायल हुए मजदूर की इलाज के दौरान मौत

**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता लखनऊ**

सरोजनीनगर। सरोजनीनगर में मंगलवार को ई रिक्शा पलटने से उस पर सवार गंभीर रूप से घायल हुए एक मजदूर की बुधवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कृष्णा नगर के स्नेह नगर निवासी मजदूर लेखराज कश्यप (40) मंगलवार दोपहर बाद करीब 2 बजे सरोजनीनगर की ओर से अपनी पत्नी मधु व एक वर्षीय मासूम बच्चे के साथ ई रिक्शा पर सवार होकर वापस घर लौट रहा था। तभी सरोजनीनगर में चिल्लावां बाजार के पास तेज रफ्तार ई रिक्शा आगे खड़ी कार में टकराकर अचानक पलट गया। ई रिक्शा पलटने से उसमें बैठी सवारियों में चीख पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने आनन फानन ई रिक्शा को उठाया। लेकिन ई रिक्शा के नीचे दबकर लेखराज का सिर फटने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। साथ ही उस पर सवार एक 30 वर्षीया युवती चोटिल हो गई। बाद में राहगीरों की मदद से लेखराज को लोक बंधु अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उसकी हालत अधिक गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने उसे सिविल अस्पताल रेफर कर दिया।

## प्राचीन रितेश्वर महादेव मंदिर में भव्य भंडारे व जागरण का आयोजन किया गया

**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता लखनऊ**

सरोजनीनगर। महाशिवरात्रि पर बुधवार को सरोजनीनगर के शिवालय शिव मय रहें । यहाँ सुबह से ही भक्तों की लम्बी कतारें लगी रही । भक्तजनों ने बेलपत्र, गंगा जल व दूध से शिवलिंग का अभिषेक किया। इस दौरान बनी गाँव में सई नदी के तट पर स्थित प्राचीन श्री रेतेश्वर महादेव धाम में समाज सेवी शिवशंकर सिंह शंकरी व रामशंकर सिंह मतोले द्वारा रुद्राभिषेक, शिव जागरण व भव्य भण्डारे का आयोजन किया गया। शिव जागरण में निर्मल शुक्ला एण्ड जागरण पार्टी नें आराध्य शिव पर भजनों तथा विभिन्न प्रकार की झांकिया प्रस्तुत कर पूरे माहौल को भक्ति मय बना दिया । इस मौके पर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह, एमएलसी राम चन्द्र प्रधान, केन्द्रीय रक्षा मंत्री के सुपुत्र नीरज सिंह, पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर, पूर्व सांसद रीना चौधरी पूर्व एमएलसी प्रदीप सिंह, पूर्व विधायक उदयराज यादव व राम लाल अकेला, मेयर सुषमा खर्क वाल,पार्षद कौशलेन्द्र द्विवेदी, पार्षद रामनरेश रावत, पार्षद कमलेश सिंह, पार्षद विमल तिवारी, पार्षद रजनी यादव, पार्षद द्रोपदी रावत, पार्षद पिंकी रावत, पार्षद के एन सिंह,हाफेड चेयरमैन नवलेश प्रताप सिंह व विनय दीक्षित,पूर्व प्रधान राकेश सिंह, संदीप ढल, लकी कपूर, ब्लाक प्रमुख सुनील रावत, शंशाक शेखर सिंह सहित दर्जनों जनप्रतिनिधि व हजारों की संख्या में शिव भक्तों ने प्राचीन श्री रेतेश्वर महादेव धाम में पूजा अर्चना कर भण्डारे का प्रसाद गृहण किया।

## कोतवालेश्वर मंदिर में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने किया जलाभिषेक

**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। महाशिवरात्रि पर चौक स्थित श्री कोतवालेश्वर महादेव मंदिर में उप मुख्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने जलाभिषेक किया। उपमुख्यमंत्री के सिवाय पूर्व सांसद विनय कटियार भी मौजूद रहे। मंदिर के महंत विशाल गौड़ ने बताया कि मंदिर के पट खुलते ही लोगों की भीड़ लगने लगी। हर-हर महादेव के नारे के साथ लोगों ने जलाभिषेक किया। शाम को महाआरती का भी आयोजन हुआ। महाआरती के दौरान महंत विशाल गौड़ एवं आचार्य विजेंद्र गौड़, आचार्य राजेश शुक्ला, कोतवालेश्वर महादेव मंदिर के अजय अग्रवाल (ट्रस्टी व अध्यक्ष) व प्रदीप कुमार वर्मा (चौक समाचार पत्र वितरक अध्यक्ष), अंकुर दीक्षित, गोपाल नाथ शर्मा, आनंद तिवारी, नीरज अवस्थी आदि भक्तगण मौजूद रहे।

### योग जीवन का बहुमूल्य विषयः प्रोफेसर मनुका खन्ना

**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ । योग जीवन का बहुमूल्य विषय है वर्तमान में जीवन शैली जनित रोगों के बचाव में योग एवं प्राणायाम की प्रमुख भूमिका है। योग के प्राणायाम का अभ्यास करने से शरीर की शुद्धि और रोग प्रतिरोधक क्षमता में बढ़ोतरी होती है। यह बात लखनऊ विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के तत्वावधान में फैकल्टी के योग सभागार में तीन दिवसीय प्राणायाम का दर्शन एवं विज्ञान विषयक कार्यशाला के उद्घाटन में लविवि की प्रति कुलपति प्रोफेसर मनुका खन्ना ने दीप प्रज्वलित कर कहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर अशोक कुमार सोनकर ने की। इससे पूर्व शुरुआत शिव स्तुति के द्वारा की गई। प्रोफेसर मनुका ने कहा कि विश्वविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य हित के लिए इस प्रकार की कार्यशालाएं लगातार होती रहनी चाहिए। विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर आरके सिंह ने कहा कि प्राणायाम के अभ्यास से फेफड़ों की कार्य क्षमता में वृद्धि होती है और जीवन स्वस्थ और सतायु होता है इसलिए सभी को अपने जीवन में योग और प्राणायाम को अपनाना चाहिए।

## बाबा तामेश्वर नाथ का पूजा –अर्चनाकर सुख –समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की

**तीसरा विकल्प न्यूज़ ब्यूरो**

संतकबीरनगर । खलीलाबाद स्थित तामेश्वर नाथ धाम में बुधवार से महाशिवरात्रि का पर्व और मेला शुरू हो रहा है । करीब एक माह तक चलने वाले शिवरात्रि मेले की पूर्व संध्या पर सदर विधायक अंकुर राज तिवारी ने मंगलवार की देर रात में बाबा तामेश्वर नाथ धाम पहुंचकर शिवरात्रि मेले का शुभारंभ किया । इसके साथ ही उन्होंने बाबा तामेश्वर नाथ के गर्भगृह में पहुंचकर विधिविधान से पूजा -अर्चना कर जनपद की खुशहाली और सुख - समृद्धि के लिए कामना की । वहीं, सदर विधायक ने शिवरात्रि मेले में आने वाली भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा भी लिया । सदर विधायक ने कंट्रोल रूम पहुंचकर भी सीसीटीवी कैमरे की निगरानी और मॉनिटरिंग सेल का भी निरीक्षण किया । सदर विधायक अंकुर राज तिवारी ने कहा कि महाशिवरात्रि पर्व पर भगवान शिव को जलाभिषेक के लिए बाबा तामेश्वर नाथ धाम में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ उमड़ती है । बाबा तामेश्वर नाथ लोगों का कल्याण भी करते हैं । इस अवसर पर ब्रह्म शंकर भारती, नागेंद्र भारती, अनीश कुमार ओझा, विजय चौधरी, शशांक भारती, गोस्वामी शिवम, गंगेश भारती, चंद्रचूड़ मिश्रा, माइकल चौधरी, उमेश तिवारी, भोला अग्रहरि, रवि शंकर राय , शिवम शुक्ला आदि मौजूद रहे । सदर विधायक ने तामेश्वर नाथ मंदिर के सुंदरीकरण को दिया ? 51 हजार सदर विधायक अंकुर राज तिवारी ने बाबा तामेश्वर नाथ मंदिर की रंगाई और पुताई एवं सुंदरीकरण को लेकर मंदिर ट्रस्ट के लोगों को ?51000 भी प्रदान किया । इसके साथ ही उन्होंने तामेश्वर नाथ धाम को जोड़ने वाली सड़क के चौड़ीकरण और जल निकासी के लिए नाली निर्माण कराने का भी आश्वासन दिया । इसके अलावा उन्होंने सीसीटीवी कैमरे की संख्या में वृद्धि करने के लिए भी अलग से व्यवस्था करने का निर्देश दिया ।

# संपादकीय

## कम्पनियों को जंगलों में प्रवेश देने से भयभीत वन निवासी

आधुनिक व्यापार-व्यवसाय ने अब तेजी से प्राकृतिक संसाधनों को अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया है। जंगल, जिन्हें सुप्रीम कोर्ट द्वारा दी गई परिभाषा के मुताबिक केवल रिकॉर्ड में दर्ज होना ही काफी है, निजी कंपनियों को दिए जा रहे हैं। वन बहुल मध्यप्रदेश की सरकार धीरे-धीरे जंगलों को निजी हाथों में सोंपने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। वर्तमान में फिर से मध्यप्रदेश सरकार ने वनीकरण के लिए बिगड्डे वन भूमि को ग्रीन क्रेडिट कार्यक्रम के अन्तर्गत वृक्षारोपण के लिए निजी निवेशकों को सौंपने की योजना बनाई है, जिसमें निवेशकों को 50 प्रतिशत लघु वनोपज बेचने का अधिकार भी शामिल होगा। सरकारी आंकड़ों के अनुसार,17 राज्यों ने अब तक ग्रीन क्रेडिट कार्यक्रम के अन्तर्गत वृक्षारोपण के लिए 57,700 हेक्टेयर से अधिक बंजर भूमि को अलग रखा है। मध्यप्रदेश जो देश में सबसे अधिक वन क्षेत्र वाला राज्य है। उसने 2 फरवरी तक इस कार्यक्रम के लिए 15,200 हेक्टेयर से अधिक बंजर भूमि की पहचान और उसका पंजीकरण किया है जो सभी राज्यों से अधिक है, ऐसा सरकार ने वर्तमान संसद सत्र में बताया है। कोरोना काल में मध्यप्रदेश सरकार के प्रधान मुख्य वन संरक्षक कार्यालय ने 20 अक्टूबर 2020 को 37 लाख हेक्टेयर बिगड्डे वनों को पब्लिक-प्राइवेट-पार्टनरशिप (पीपीपी) मोड पर निजी कम्पनियों को देने का आदेश जारी किया था, परन्तु विरोध के बाद इसे रोका गया। प्रकृति को सुधारने के नाम पर मुनाफा कमाते हुए पूंजी बढ़ाने की तरकीब है - श्कार्बन व्यापारश् या कार्बन ट्रेडिंग। वर्ष 2021 में वैश्विक कार्बन क्रेडिट बाजार में 164 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और वर्ष 2030 तक इसके 100 बिलियन अमेरिकी डालर पार करने की उम्मीद है। कार्बन व्यापार के जरिए (वनीकरण करके) अन्तराष्ट्रीय बाजार से करोड्घें रुपए कमाना प्राथमिकता में है। भारत सरकार ने 2008 से 12 के बीच बिगड्डे वन, गांव का चारागाह एवं पड्डत-जमीन पर वनीकरण कर श्कार्बन क्रेडिटश् के जरिए 1250 लाख डॉलर कमाने की योजना बनाई थी। विश्वबैंक के आंकलन के अनुसार लकडी, बांस एवं अकाष्ठीय वनोत्पाद का मूल्य 20,000 लाख डॉलर है। संयुक्त वन प्रबंधन इलाके के पारिस्थितिकीय एवं पर्यावरणीय टूरिज्म का मूल्य 17,000 लाख डॉलर आंका जा रहा है।ग्रीन इंडिया मिशन और रिड्यूसिंग एमिशन फ्रॉम डिफारेस्ट्रेशन एण्ड डिग्रेडेशन (आरईडीडी), जिसे संक्षिप्त में रेड कहा जाता है, के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा अन्तराष्ट्रीय पूंजी लाने की योजना है। पर्यावरण बचाने के नाम पर विश्व बाजार तैयार करना भी अन्तरराष्ट्रीय पूंजी का हिस्सा हो गया है। अब तो श्एनजीओश् भी आदिवासियों को उनके कब्जे की भूमि से बेदखल कर वृक्षारोपण करने का कार्यक्रम चला रहे हैं। ऐसा ही एक मामला मध्यप्रदेश के उमरिया जिले के मानपुर और ताला विकास खंड में आया है, जहां एक संस्था द्वारा आदिवासियों को उनकी वनाधिकार कानून के दावे वाली वनभूमि से हटाकर वृक्षारोपण करने की शिकायत मिली है। पर्यावरण बचाने के नाम पर धन भी बहुत है, लेकिन पूंजीवादी सोच के कारण सब कुछ व्यापारिक दृष्टिकोण से किया जा रहा है। इससे न तो जंगल और न ही पर्यावरण बच पा रहा है। मध्यप्रदेश में कुल 52,739 गांवों में से 22,600 गांव या तो जंगल में बसे हैं या फिर जंगलों की सीमाओं से सटे हुए हैं। प्रदेश का बड़ा हिस्सा आरक्षित वन है और दूसरा बड़ा हिस्सा राष्ट्रीय उद्यान और अभयारण्य आदि के रूप में जाना जाता है। बाकी बचते हैं वे वन जिन्हें बिगड़े वन या संरक्षित वन कहा जाता है। इन संरक्षित वन में पहले स्थानीय लोगों के अधिकारों का दस्तावेजीकरण किया जाना है इसलिए उनका अधिग्रहण नहीं किया जाना है। ये संरक्षित जंगल उन स्थानीय समुदाय के लिए बहुत महत्वपूर्ण आर्थिक संसाधन हैं जो जंगलों में बसे हैं और जिसका इस्तेमाल वे निस्तार जरुरतों के लिए करते हैं। प्रदेश के विभिन्न जिलों में 6520 वनखंडों में प्रस्तावित 30,06,624 हेक्टेयर भूमि के संबंध में वन व्यवस्थापन की कार्रवाई 1988 से लंबित है। भारतीय वन अधिनियम 1927 के प्रावधानों के तहत वन व्यवस्थापन अधिकारियों को धारा- 5 से 19 तक कार्रवाई कर धारा-20 में आरक्षित वन बनाने की प्रारुप अधिसूचना मय प्रतिवेदन प्रस्तुत करनी थी, जो अब तक लंबित है। प्रश्न उठता है कि वन अधिकार कानून 2006 की धारा 3(1)(झ) द्वारा ग्राम सभा को जंगल के संरक्षण, प्रबंधन और उपयोग के लिए जो सामुदायिक अधिकार दिया गया है या दिया जाने वाला है,उसका क्या होगा?

## साइबर मकड़जाल

यह खबर परेशान करने वाली है कि म्यांमार और पूर्वी एशिया के कई देशों से जो संगठित साइबर अपराध संचालित हो रहे हैं, उनके चंगुल में बड़ी संख्या में भारतीय युवा भी हैं। हाल ही में म्यांमार के दुर्गम इलाकों में बनाये गए साइबर अपराधियों के अड्डों से सत्तर भारतीय युवाओं को छुड़ाया गया है। जिनको डरा-धमकाकर भारत में साइबर अपराधों को अंजाम देने के लिये इस्तेमाल किया जाता था। बताया जाता है साल 2022 के बाद म्यांमार, थाईलैंड, लाओस, कंबोडिया आदि से छह सौ से अधिक भारतीयों को अपराधियों के चंगुल से बचाया जा चुका है। आशंका है कि कई हजार भारतीय युवा म्यांमार समेत विभिन्न देशों में साइबर अपराधियों के अड्डों में जबरन रोके गए हैं। दुर्भाग्यपूर्ण है कि भारतीय युवा प्रतिभाएं दलालों की साजिश से संगठित साइबर अपराध करने वाले अंतर्राष्ट्रीय अपराधियों के चंगुल में फंस जाती हैं। विडंबना ही है कि हम अपने युवाओं को न तो रोजगार दे पा रहे हैं और न ही विदेशों में अपना भविष्य संवारने की आकांक्षा रखने वाले युवाओं को फर्जी एजेंटों के चंगुल से बचा पा रहे हैं। आखिर हमारी एजेंसियां ऐसी धोखाधड़ी करने वाले एजेंटों पर नकेल क्यों नहीं कस पा रही हैं। हाल के दिनों में कई ऐसे मामले प्रकाश में आए हैं कि युवा अपनी जमीन बेचकर व कर्ज उठाकर विदेश जाते हैं, लेकिन एजेंटों की धोखाधड़ी से वे साइबर अपराधियों के शिकंजे में फंस जाते हैं। दरअसल, साइबर अपराधियों का मकड़जाल इतना मजबूत हो चुका है कि बिना अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के उन पर नियंत्रण कर पाना संभव न होगा। ऐसे वक्त में जब साइबर अपराधियों का नेटवर्क दुनिया की आर्थिकी को चूना लगा रहा है, मिल-जुलकर इनके खिलाफ अभियान चलाना वक्त की जरूरत है। निश्चित रूप से यह एक विकट संकट है, जिसे दुनिया के देशों को गंभीरता से लेने की जरूरत है। यह जानते हुए कि साइबर अपराधियों का संगठन लगातार ताकतवर होता जा रहा है और वे समानांतर काली अर्थव्यवस्था चला रहे हैं। दरअसल, हो यह रहा है कि देश-दुनिया में ऑनलाइन फ्रॉड लगातार बढ़ते जा रहे हैं। वे सुनहरे सपने दिखाकर बेरोजगार युवाओं को फंसाते हैं। उन्हें जगह कोई और बतायी जाती है और अंततरू साइबर अपराधियों के अड्डों पर पहुंचा दिया जाता है। युवाओं के पासपोर्ट छीन लिए जाते हैं। ये अड्डे ऐसी जगहों पर होते हैं कि उस देश की पुलिस की पकड़ में वे आसानी से नहीं आते। हाल के वर्षों में साइबर अपराधी इतने चतुर-चालाक हो गए हैं कि निगरानी करने वाली एजेंसियों की पकड़ से आसानी से बच जाते हैं। हाल ही में जिन सत्तर भारतीयों को म्यांमार में साइबर अपराधियों के चंगुल से मुक्त कराया गया, उसमें म्यांमार के सीमा सुरक्षा बल की बड़ी भूमिका रही है। इन मुक्त कराए गए भारतीयों में पंजाब, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना,यूपी व राजस्थान आदि राज्यों के लोग थे। इसी तरह म्यांमार व अन्य पूर्वी एशिया के देशों में साइबर अपराधियों के चंगुल में फंसे हुए भारतीयों को मुक्त कराने के लिए इन देशों की सरकारों से सहयोग मांगा जाना चाहिए। निश्चित तौर पर साइबर अपराधियों द्वारा संचालित अपराधों की लगातार मजबूत होती काली अर्थव्यवस्था पूरी दुनिया की आर्थिक व कानूनी सुरक्षा के लिये चुनौती है।

# उर्दू से सच्ची नफरत और हिंदी से प्रेम का स्वांग

**आलेख : राजेंद्र शर्मा**



योगी आदित्यनाथ ने ऐन विधानसभा में उर्दू के खिलाफ अपनी नफरत की उल्टी से, मुस्लिम विरोधी नफरत के अपने इजहार को, एक सीढ़ी और ऊंचा कर दिया। मुख्यमंत्री योगी ने शुरूआत तो की उत्तर प्रदेश विधानसभा में मुख्य विपक्षी पार्टी सपा पर यह कहकर हमला करने से कि, %समाजवादियों का चरित्र दोहरा हो चुका है, ये अपने बच्चों को पढ़ाएंगे इंग्लिश स्कूल में और दूसरों के बच्चों के लिए कहेंगे उर्दू पढ़ाओ%। उर्दू का नाम आने भर की देर थी, वह फट पड़े कि ये तो %उसको मौलवी बनाना चाहते हैं, कठमुल्लापन की ओर देश को ले जाना चाहते हैं% आदि-आदि। प्रसंग था, उत्तर प्रदेश में विधायिका की कार्रवाई में कई क्षेत्रीय भाषाओं के शामिल किए जाने के योगी सरकार के फैसले का। जैसा कि इस सरकार के रुख को देखते हुए आसानी से अंदाजा लगाया जा सकता था, विधायिका की कार्रवाई में शामिल किए जाने का यह फैसला, उर्दू को छेककर चलता है। स्वाभाविक रूप से जैसाकि अपेक्षित था, विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता, समाजवादी पार्टी के माता प्रसाद पांडेय ने उर्दू के साथ इस सौतेले सुलूक पर विरोध जताया। उनका सुझाव था कि सदन में आधिकारिक रूप से मान्यताप्राप्त भाषाओं में अंग्रेजी की जगह उर्दू को कर दिया जाए। उर्दू उत्तर प्रदेश की दूसरी राजकीय भाषा भी है। बेशक, सपा नेता के इस तर्क पर तो बहस हो सकती है कि %अंग्रेजी की जरूरत नहीं है% और उसकी जगह पर उर्दू को रखा जाए, जिस पर मुख्यमंत्री योगी भड़क उठे। लेकिन, योगी का विस्फोट उर्दू को लाने के लिए अंग्रेजी को हटाए जाने के सुझाव पर उतना नहीं था, जितना उर्दू को शामिल किए जाने की मांग पर था। अगर उनकी प्रतिक्रिया के पीछे मुख्यत- विधायी काम की भाषा के रूप में अंग्रेजी को बनाए रखने की चिंता होती, तो मुख्यमंत्री आसानी से अंग्रेजी को बनाए रखते हुए भी, उर्दू के शामिल किए जाने की मांग को मंजूर कर सकते थे। आखिरकार, विधायी कार्य के लिए मान्यता प्राप्त भाषाओं की कोई पहले तयशुदा संख्या तो है नहीं कि अंग्रेजी को हटाकर ही उर्दू को जगह दी जा सकती हो। बात इससे उल्टी थी। योगी सरकार सोच-समझकर, क्षेत्रीय भाषाओं के इस समावेश के जरिए, उर्दू की उपेक्षा करने का संदेश देना चाहती थी और इसीलिए, मुख्यमंत्री ने सीधे उर्दू भाषा और उसकी सामाजिक-सांस्कृतिक उपयोगिता पर ही हमला बोल दिया। योगी आदित्यनाथ ने जिस तरह उर्दू की पढ़ाई-लिखाई को मौलवी बनाने तक सीमित करने की ही कोशिश नहीं की है, बल्कि %कठमुल्लापन की ओर देश को ले जाना चाहते हैं% की दिशा में अपने हमले को आगे भी बढ़ाया है, उसमें नया कुछ भी नहीं है। उत्तर प्रदेश की भाषा की राजनीति में भाजपा और उसके पूर्ववर्ती जनसंघ, हमेशा से उर्दू का इसके बावजूद विरोध करते आए हैं कि उर्दू इसी प्रदेश में जन्मी यानी सिर्फ एक भारतीय भाषा ही नहीं है, बल्कि उत्तर प्रदेश की भी अपनी भाषा है। आरएसएस-भाजपा की सांप्रदायिक भाषायी राजनीति, ब्रिटिश हुकूमत के जमाने से उर्दू को एक ओर तो मुसलमानों तक सीमित करने की कोशिश करती आयी है और दूसरी ओर, उसे शिक्षा-संस्कृति के विकास के लिए अनुपयोगी करार देकर, खत्म ही करने की कोशिश करती आयी है। यह एक प्रकार से वैसा ही तर्क है, जिस तरह का तर्क बाबरी मस्जिद को ढहाने के लिए ठीक इन्हीं ताकतों द्वारा प्रचारित किया गया था–वह तो मस्जिद थी ही नहीं, इसलिए उसे ढहाया जा सकता था। उसी तरह, उर्दू की कोई सामाजिक-सांस्कृतिक उपयोगिता ही नहीं है, इसलिए उसे उपेक्षा के जरिए मारने में कुछ भी अनुचित नहीं है। योगी आदित्यनाथ का उर्दू को मौलवी बनाने और कठमुल्लापन बढ़ाने का समानार्थी बना देना, ठीक इसी प्रयास का हिस्सा है। स्वाभाविक रूप से नेता प्रतिपक्ष, माता प्रसाद पांडे ने मुख्यमंत्री के विस्फोट पर आपत्ति की। खबरों के अनुसार उन्होंने कहा कि, %मुख्यमंत्री ने कहा है कि उर्दू कठमुल्ला पैदा करती है। मैं इस शब्द पर आपत्ति करता हूं और पूछना चाहता हूं कि क्या उर्दू के बड़े शायर, फिराक गोरखपुरी भी कठमुल्ला थे या उर्दू का ज्ञान रखने वाले प्रख्यात उपन्यासकार मुंशी प्रेमचंद भी कठमुल्ला थे? या विश्वविद्यालय में जो उर्दू विभाग खोला गया है, वहां पढ़ने वाले भी कठमुल्ला हैं क्या?% लेकिन, इन तर्कों का मुख्यमंत्री योगी पर कोई असर पड़ा नहीं लगता है। इसकी सीधी सी वजह यह है कि योगी का रुख किसी नासमझी या सचाइयों की नाजानकारी का नतीजा नहीं है। वह तो सोच-समझकर, अपनी नफरत की राजनीति के हिस्से के तौर पर अपनाया गया रुख है। इसीलिए, उन्हें उर्दू के नाम से सिर्फ मौलवी बनना और देश को कठमुल्ला बनाना दिखाई देता है। यह दूसरी बात है कि यह सबसे ज्यादा तो खुद योगी की शिक्षा पर ही लागू होता है, जबकि उनकी शिक्षा कम से कम उर्दू में तो नहीं ही हुई होगी। संघ-भाजपा की सांप्रदायिक भाषायी राजनीति की जड़ में ही, बहिष्करण या एक्सक्लूजन है, जो भाषाओं के स्वाभाविक व्यवहार में निहित समावेशन के खिलाफ जाता है। इसीलिए, वे अंग्रेजी राज द्वारा खड़े किए गए हिंदी और उर्दू के एक झूठे द्वैध या बाइनरी के न सिर्फ योग्य उत्तराधिकारी बने रहे हैं बल्कि उन्होंने उसे और आगे बढ़ाया है, जहां हिंदी के हित के नाम पर, उर्दू का गला घोंटने की राजनीति की जाती है, जिसका सबूत आदित्यनाथ का रुख है। लेकिन, कथित राष्ट्रीय भाषा को छोड़कर अन्य भाषाओं और वास्तव में भाषा-संस्कृतियों का इस तरह %पराया% किया जाना, उर्दू के मामले में सांप्रदायिक आग्रहों के चलते सबसे उग्र भले हो, लेकिन उसी तक सीमित नहीं है। वास्तव में, कम या ज्यादा, हिंदी को छोड़कर सभी भारतीय भाषाओं के साथ, इस सांप्रदायिक भाषायी राजनीति का व्यवहार में यही सलूक है। यह कोई संयोग ही नहीं है कि ठीक उसी समय, जब योगी आदित्यनाथ, उर्दू पर उसे कठमुल्लापन की भाषा करार देते हुए हमला बोल रहे थे, तभी मोदी सरकार के शिक्षा मंत्री, धर्मेंद्र प्रधान ने दक्षिण में तमिलनाडु की सरकार के खिलाफ, कथित राष्ट्रीय शिक्षा नीति और उससे जुड़े कई निर्णयों को थोपने के लिए, बाकायदा युद्ध छेड़ रखा था। इस युद्ध में केंद्र का मुख्य हथियार है, राज्य सरकार को बदनाम करने वाले प्रचार के अलावा, शिक्षा के लिए केंद्रीय फंड रोकने की उसकी धमकी। राज्य पर त्रिभाषा फार्मूला थोपा जाना, इस युद्ध के मुख्य लक्ष्यों में से एक है। हैरानी की बात नहीं है कि तमिलनाडु की सरकार और आम तौर पर दक्षिण भारत का बड़ा हिस्सा, आज की परिस्थितियों में इन भाषायी फार्मूलों को हिंदी थोपने की कोशिशों के तौर पर ही देखता है। वे उचित ही यह सवाल भी उठाते हैं कि कथित त्रिभाषा फार्मूले में देश के विशाल हिंदी भाषी क्षेत्र में व्यवहार में क्या सचमुच कहीं भी हिंदी और अंग्रेजी के अलावा किसी तीसरी भाषा पर अमल हो रहा है। सभी जानते हैं कि किस तरह हिंदी-उर्दू भाषी क्षेत्र के बड़े हिस्से में, तीसरी भाषा के रूप में संस्कृत के चयन के नाम पर, इसे व्यवहार में दो-भाषा फार्मूला बनाकर ही लागू किया जा रहा है। यहां संस्कृत का उपयोग, अन्य भारतीय भाषाओं की हकमारी करने के लिए शिखंडी के तौर पर किया जा रहा है, जबकि वास्तव में अगर किसी भारतीय भाषा को कठमुल्लापन की भाषा कहा जा सकता है, तो वह संस्कृत ही है। इसके पीछे सांप्रदायिक राजनीति की वह बुनियादी कठमुल्लापन भरी समझ है, जो एकरूपता को राष्ट्रीय एकता के साधन के रूप में पेश करती है। लेकिन, सच्चाई इससे ठीक उल्टी है। हमारे जैसे धर्म, भाषा, संस्कृति की समृद्ध बहुलता वाले समाज में, एकरूपता थोपने की इस तरह की कोशिशें, राष्ट्रीय एकीकरण के बजाए बिखराव का ही साधन बनती हैं। मोदी राज में हम ठीक यही होता देख रहे हैं। हालांकि, रस्म-अदायगी के तौर पर वर्तमान निजाम को भी बार-बार बहुलता में विश्वास होने की कसमें खानी पड़ती हैं, लेकिन उसने एकरूपता थोपने की और केंद्रीयकरण की जिन प्रक्रियाओं को छेड़ दिया है, राष्ट्रीय एकीकरण के सूत्रों को छिन्न-भिन्न करने में ही लगी हुई हैं। इसी के हिस्से के तौर पर भाषा की सांप्रदायिक राजनीति, एक वर्चस्वशाली भाषा के रूप में हिंदी को थोपने के जरिए, अन्य सभी भारतीय भाषाओं के साथ उसके रिश्तों में नफरत रोप रही है, जबकि भाषाओं के स्वाभाविक रिश्ते, परस्पर लेन-देन से, सभी को समृद्ध बनाने वाले रिश्ते होते हैं, न कि परस्पर द्वेष के रिश्ते। कर्नाटक और महाराष्ट्र की सीमा पर पड़ते बेलगाम के इलाके में, जहां लोग दोनों भाषाओं के मेल से मिली एक मिश्रित भाषा को बरतते आए हैं, कन्नड़ बनाम मराठी के टकराव की भाषायी राजनीति जो कर रही है, भाषाओं के रिश्तों में नफरतें रोपे जाने का ही नमूना है। इसका हिंदी की वर्चस्वशाली स्थिति कायम किए जाने से रिश्ता यह है कि हिंदी की इस हैसियत का दावा, भाषाओं के आपसी व्यवहार में इस वर्चस्ववादी मॉडल को ही स्थापित करता है। अंत में हिंदी और उर्दू के रिश्ते की बात। मरहूम शायर मुनव्वर राना ने क्या खूब कहा है : लिपट जाता हूं मां से और मौसी मुस्कुराती है मैं उर्दू में गजल कहता हूं, हिंदी मुस्कुराती है। उर्दू और हिंदी जुड़वां बहनें हैं। अब हम पर है कि दोनों बहनें साथ-साथ मुस्कुराती रहती हैं या एक को मारने के चक्कर में दोनों मार दी जाती हैं। आदित्यनाथ का रास्ता स्पष्ट है। और आपका रास्ता?

# भारत तो हमेशा से ही आशा का केन्द्र रहा है, मोदी जी!

**डॉ. दीपक पाचपोर**

वैसे तो किसी मिथक के बनने और उसके स्थापित होने में बरसों या सदियां लग जाती हैं लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसे गढ़ने और प्रतिस्थापित करने में क्षण भर भी नहीं लगाते और कमाल तो यह है कि वह मिनटों में स्थापित भी हो जाता है। उनके 11 वर्षों के कार्यकाल में अनेक और अविश्वसनीय किस्म की अवधारणाएं गढ़ने का उनका कारनामा देश देखता आ रहा हैय और वे दुर्भाग्य से स्वीकार्य भी होती चली जा रही हैं। शिपछले 70 वर्षों से देश में कुछ नहीं हुआश् से लेकर श्देश पर हमेशा से ही भ्रष्टाचारियों का शासन रहा हैश्, श्विपक्ष हमेशा हिन्दू-मुसलमान करता रहा हैश् से लेकर श्नेहरू जी को कृषि की समझ नहीं थीश् तक, श्भाजपा में कोई झूठ नहीं बोलताश् से लेकर श्मेरे लिये पद का नहीं वरन सेवा का महत्व हैश् तक ऐसी अनेकानेक धारणाएं उन्होंने प्रवर्तित कीं तथा उन्हें जनता द्वारा मान्य कराया। अपने जुमलों की तरह मोदीजी द्वारा देशवासियों के जेहन में जिस तरह से परिकल्पनाएं प्रविष्ट की गयीं, उसे उनकी खासियत और सफलता दोनों ही कहा जा सकता है। प्रधानमंत्री के रूप में उनके द्वारा कई शासकीय व अशासकीय कार्यक्रमों में भाषण किये जाते हैं अथवा पार्टी नेता के रूप में वे कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हैं या फिर निजी अथवा सार्वजनिक तौर पर जो कहते हैं, उन सभी में एक समानता जरूर होती है- वह है कोई ऐसा आख्यान गढ़ना जो अब तक न सुना गया हो या न कभी देखा गया हो। उनकी बातों को लोगों तक पहुंचाने व उसे मान्यता दिलाने की उनके पास एक सुव्यवस्थित प्रणाली है। इसलिये मोदी बेधड़क रोज-रोज नयी-नयी अवधारणाएं जनता के बीच स्थापित करते हैं। दूसरा तथ्य यह है कि उनकी ऑडियेंस उनके जुमलेनुमा कथनों पर भरोसा करने के लिये न सिर्फ तैयार बैठी होती है बल्कि उनका बेसब्री से इंतजार भी करती रहती है। इसलिये वह जल्दी से स्वीकार्यता प्राप्त कर लेती है। उनके कहे का खंडन नक्कारखाने में तूती सदृश्य साबित होता है। ऐसे भी लोग हैं जो जानते हैं कि मोदी जो कह रहे हैं वह यथार्थ से परे हैं लेकिन वे उन पर भरोसा करने तथा उन्हें आगे बढ़ाने के लिये विभिन्न कारणों से प्रतिबद्ध होते हैं। उनके उवाच अंततरू उनकी छवि निखारने का उपक्रम ही होते हैं।

इसलिये उनकी भारतीय जनता पार्टी, उसके नेता, कार्यकर्ता, आईटी सेल, समर्थक, प्रशंसक... सारे एक स्वर में उनके उठाये विमर्श को आगे बढ़ाते हैं। मोदी व भाजपा की यही ताकत है। नया शोशा जो उन्होंने छोड़ा है वह यह है कि श्इतिहास में यह पहला अवसर है जब दुनिया भारत को लेकर आशावादी हुई है।श् मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में अपने भाषण में उन्होंने सोलर ऊर्जा, विदेशी निवेश, एयरोस्पेस कम्पनियों हेतु सप्लाई चेन आदि क्षेत्रों में भारत की उपलब्धियों का जिक्र तो किया ही, विश्व बैंक के हवाले से बताया कि देश अगले दो वर्षों तक दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना रहेगा। पीएम कह रहे हैं तो सही ही होगा, लेकिन इस बड़ी या सुपरसोनिक गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था का असर जनजीवन पर तो होता हुआ बिलकुल नहीं दिखाई दे रहा है और तीन चौथाई देश कोरोना के बाद से आज तक 5 किलो राशन की लाइन में लगा हुआ है। उस पर भी मोदी को वैसा ही गर्व है जैसा देश की बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाने पर हैय पर मूल सवाल यह है कि क्या भारत विश्व की आशा का केन्द्र पहली बार बना हैय और क्या केवल ऐसा भौतिक विकास करने से कोई देश विश्व भर की आशा का केन्द्र बन सकता है जो कि अपरिभाषित और संदेह के घेरे में है? फिर, क्या वाकई पहली बार भारत की ओर दुनिया आशा भरी निगाहों से देख रही है? मोदी ने यह अपनी लोकप्रियता को बढ़ाने के लिये बयान दिया होगा क्योंकि उनके कथन का अनभिव्यक्त हिस्सा यही है कि ऐसा उनके कारण हो रहा है यानी भारत को इस स्थिति में लाने वाले वे ही हैं। दरअसल यह बात वही कह सकता है जिसके पास सिवा आत्ममुग्धता व अहंकार के कुछ नहीं है। साथ ही यह भी साफ है कि यह विचार तभी आयेगा जब उसने भारत को ठीक से न जाना हो। बेशक मोदी इसका श्रेय लेते रहें कि उन्हीं के कारण दुनिया भारत की ओर देखने लगी है, पर वास्तविकता यह है कि ऐसा पहली बार नहीं हो रहा है। बल्कि कई-कई बार भारत ने लोगों का ध्यान अपनी ओर उम्मीदगी के साथ खींचा है। वह हमेशा से ही वैश्विक आशा का केन्द्र रहा है। वह भी कोई दो-चार साल, कुछ दशक नहीं वरन सदियों पहले से। ढाई हजार साल पहले का काल याद करें जब केवल भारत नहीं, दुनिया ही हिंसा और गैर बराबरी से परिपूर्ण थी। भगवान महावीर ने अहिंसा तथा बुद्ध ने सम्यक ज्ञान के उपदेश दिये और निराशा व भेदभाव के अंधकार में डूबी दुनिया को राह दिखाई थी। बुद्ध का जलाया दीपक तो पूरे एशिया को आलोकित कर रहा है। आज भी अनेक देशों का वह पथ प्रदर्शक है। भारत तब भी यदि आशा का केन्द्र न होता तो तकरीबन 2000 साल पूर्व भारत के मलाबार तट पर यहूदी न आते, न ही पारसी 1200 वर्ष पहले अपना मूल स्थान फारस (वर्तमान ईरान) छोड़कर गुजरात के संजान तट पर शरण लेतेय और न ही द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान नाजी अत्याचारों से बचकर आये लगभग एक हजार पोलैंडवासी 1942 में जामनगर में आश्रय पाते। हिमाचल प्रदेश के मलाणा गांव में भारत से असफल लौटते सिकंदर (326 ईसा पूर्व) के ग्रीक सैनिकों के तथा गुजरात के जम्बूर में 200 साल पहले बस गये अफ्रीकी कबीले सिद्धि मूल के मजदूरों के वंशज आज भी नहीं बसे हुए होते, गर भारत आशा का केन्द्र न होता। चीन द्वारा तिब्बत पर कब्जा करने के बाद धर्मगुरु दलाई लामा को 1959 में विश्व के आशा के इसी केन्द्र भारत ने शरण दी थी और इसी कारण से बांग्लादेश की निर्वासित प्रधानमंत्री शेख हसीना यहां हैं। भारत का स्वतंत्रता आंदोलन दूसरी बड़ी मिसाल है कि कैसे उसने दुनिया के अनेक देशों को औपनिवेशिक दासता की बेड़ियों को काटकर आत्म मुक्ति के लिये प्रेरित किया था। इस संघर्ष को जिसने राह दिखाई वह महात्मा गांधी थे जिन्होंने गरीब व कमजोर नागरिकों को अहिंसा व सत्य के अमोघ अस्त्र प्रदान किये। आजादी मिली तो बीआर अंबेडकर के संविधान ने देश में सदियों से भेदभाव भरी एक निष्ठुर सामाजिक व्यवस्था के कारण गुलामगिरी कर रहे करोड़ों शोषितों व वंचितों को मुक्त कर उन्हें नागरिक अधिकारों से लैस किया।

**मेष :-** घर-परिवार में खुशी का वातावरण रहेगा। पिछले दिनों उत्पन्न को व्यवसायिक अवरोध के हल ढूंढने में मन केद्रित होगा। किसी पुराने मित्र की मध्यस्तता से बिगड़े हुए सम्बन्धो में सुधार होगा।

**बृषभ :-** परिश्रम द्वारा आर्थिक क्षेत्र में सफलता अर्जित करेंगे। समय बड़ा मूल्यवान है। अत: इसे व्यर्थ न गंवायें। किसी नए सम्वेदना का प्रभाव नए रिश्ते को जन्म देगा। अभिभावकों का सहयोग प्राप्त होगा।

**मिथुन :-** परम्पराओ व संस्कारों कें प्रति आस्था बढ़ेगी। निर्थक हीनभाव एवं कुछ साथ के प्रगतिशील व्यक्तियों से ईष्या भाव ठीक नही। अस्थिर मन लक्ष्य के प्रति केन्द्रित होने मे असमर्थ होगा।

**कक :-** किसी महत्वपूर्ण कार्य वश घर से दूर रहना अरुचिकर लगेगा। आपका मिलनसारिता के कारण सम्बन्धो का बिस्तार होगा। कमजोर मनोबल के कारण लक्ष्य के प्रति दृढ़ता का अभाव रहेगा।

**सिंह :-** किसी महत्वपूर्ण कार्य में थोड़ी कठिनाई का अभास होगा। संवेदनशील मन पूरानी मर्मस्पर्शी घटनाओं से ओत-प्रात होगा। परिवारिक दायित्वों को समयानुकूल पूर्ति हेतु मन चिन्तित होगा।

**कन्या :-** प्रयासरत क्षेत्रों में अवरोध तथा दाम्पत्य जीवन में कष्ट संभव। परन्तु ईरीय आस्था हर परीस्थिती पर बिजय प्राप्त करेंगे। धैर्यपूर्वक महत्वपूर्ण योजनाओं को क्रियान्वित करें।

**तुला :-** आपकी महत्वाकांक्षाए सफलता की राह पर संघर्ष हेतु प्रेरित करेंगी। अच्छी भावनाऐं आपके मकसद सफलता दिलाऐंगी। कार्य क्षेत्र में अपनें बौद्धिक क्षमता का लाभ उठाऐंगे।

**वृश्चिक :-** मनोवांछित सफलता न मिलने से उत्साह में कमी होगी। भौतिक चका-चौंद से प्रभावित मन अभाव की अनुभूति से दुखित होगा। धैर्यहीनता व परिवर्तनशीलता लक्ष्य से दिग्भ्रमित करेगा।

**धनु :-** परिजनो व मित्रों का सनिध्य से मन प्रसन्न रहेगा। कार्य-पेशे में कोई अवरोधित कार्य सार्थक होने के आसार है। मांगलिक एव सास्कृतिक आयोजनों में सम्मलित होंगे। महत्वपूर्ण कायरे में आलस्य ना करे।

**मकर :-** कुछ नये सम्बन्द बनेगें। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद सम्भव। कर्तव्य व जिम्मेदारियों से घिरा मन अपनी कल्पनिक आकांक्षाओं से समझौता करने में सक्षम होगा। किसी नई दिशा में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ :-** मन को खराब विचारो से दूर रखते हुए अच्छे कायरे में केन्द्रित करें। नई स्थितियाँ आप मे नई प्रतिभाओं का संचार करेगा। कार्यकुशलता व प्रतिभा का जौहर बिखेरेंगे।

**मीन :-** अपनी वाणी पर नियंतण्रखते हुए सम्बन्धों को मधुर बनाने की चेष्टा करें। प्रतिभा व आत्मबल कुछ महत्वपूर्ण सफलताओ के प्रति आशान्वित करेगा। आर्थिक लाभ के आसार हैं।

# श्रद्धालुओं की आस्था का राजनैतिक दोहन : राम तेरी गंगा मैली हो गई, पापियों के पाप ढोते-ढोते

**आलेख संजय पराते**

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट से स्पष्ट है कि गंगा की जिस पवित्रता का वर्णन हमारे धार्मिक ग्रंथों में किया गया है, महाकुंभ की गंगा अब पवित्र नहीं रह गई है। बोर्ड की रिपोर्ट में बताया गया है कि संगम घाट पर मल से उत्पन्न कोलीफॉर्म की मात्रा प्रति 100 मिलीलीटर पानी में 12,500 मिलियन और शास्त्री पुल पर वह प्रति 100 मिलीलीटर पानी में 10,150 है, जो निर्धारित मात्रा 2000 मिलियन से 5-6 गुना ज्यादा है। जिस पानी के पीने योग्य होने का दावा मोदी योगी की सरकार कर रही है, वह पीने तो क्या, नहाने योग्य भी नहीं है। बोर्ड की इस रिपोर्ट पर नेशनल ग्रीन टिब्यूनल ने भी अपनी मुहर लगा दी है और ये दोनों एजेंसियां सरकारी एजेंसियां ही हैं। जब भी कुंभ की व्यवस्था और प्रबंधन पर सवाल उठे हैं, सरकार ने ऐसे सवाल उठने वालों को हिंदुत्व विरोधी, सनातन विरोधी, धार्मिक आस्थाओं पर हमला करने वाले ... और न जाने क्या क्या कहा है! अब मोदी-योगी सरकार को यह बताना चाहिए कि ये दोनों सरकारी निकाय क्या हिंदुत्व विरोधी और सनातन विरोधी हैं? इस महाकुंभ के आयोजन पर घोषित रूप से 7,300 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। अघोषित रूप से भी लगभग इतनी है। तो यह सवाल पूछा ही जाना च

# हाइड्रा से कूचलने से साइकिल सवार किसान की मौके पर हुई मौत

## परिजनों ने शव को रखकर किया प्रदर्शन

**पीडीडीयू नगर, चदौली।** मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र के हृदयपुर गांव में डीएफसीसी कम्पनी के निर्माण कार्य में लगे हाइड्रा क्रेन की चपेट में आकर साइकिल सवार वृद्ध किसान की मौत हो गई। घटना के बाद हाइड्रा चालक मौके से भाग निकला। मौके पर पहुंचे लोगों ने हाइड्रा को रोक लिया और शव रखकर मुआवजा की मांग पर अड़ गए।

आक्रोशित लोगों के हंगामे को देखते हुए मुगलसराय कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। मृतक वृद्ध हृदयपुर गांव निवासी सपा नेता चंद्रशेखर यादव के बड़े पिताजी बताए जा रहे हैं।जानकारी के अनुसार हृदयपुर गांव में डीएफसीसी (डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉर्पोरेशन) का फ्लाईओवर का निर्माण कार्य चल रहा है। निर्माण कार्य के समीप ही हृदयपुर गांव निवासी फूलचंद यादव (70) पुत्र का खेत और तालाब हैं। प्रतिदिन फूलचंद तालाब और खेत की निगरानी करने आते थे। इसी क्रम में मंगलवार की सुबह साढ़े आठ बजे अपने खेतों की निगरानी के बाद साइकिल से अपने घर लौट रहे थे। इसी बीच कार्य कर रही हाइड्रा क्रेन बेकाबू हो गई और साइकिल सवार को कुचल दिया। मौके पर ही फूलचंद की मौत हो गई। घटना के बाद हाइड्रा चालक मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी होते ही चंद्रशेखर यादव, ग्राम प्रधान मनोज यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए।

ग्रामीणों ने हाइड्रा को रोक लिया और हंगामा करने लगे। हंगामे की सूचना पाकर मुगलसराय कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। आक्रोशित परिजन और ग्रामीण 50 लाख रुपए मुआवजा देने, मृतक के परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने, डीएफसीसी के अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़ गए और धरने पर बैठ गए। ग्रामीणों का आरोप रहा कि हाइड्रा चला रहा चालक शराब के नशे में धुत होकर वाहन चला रहा था और मोबाइल पर बात कर रहा था। सूचना पाकर डीएफसीसी के जेई मौके पर पहुंचे और 5 लाख रुपए का मुआवजा देने का आश्वासन दिया। लेकिन परिजन नहीं माने। मृतक फूलचंद यादव का शव हाइड्रा मशीन के पास रखकर पर परिजन धरने बैठे हैं। वहीं मामले की जानकारी होते ही मौके पर सपा नेता संतोष यादव, सिद्धांत जयसवाल, जिला महासचिव नफीस अहमद गुड्डू, औसाफ अहमद, राजकुमार जायसवाल, दिलीप पासवान, बाबू लाल यादव, मुसाफिर सिंह चौहान, विनय यादव, वीरेंदर यादव समेत बड़ी संख्या में सपा नेता कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और धरने पर बैठ गए। इस दौरान केंद्रीय रेल मंत्रालय और जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी भी की गई। घटना के कई घंटे बाद मौके पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर के एसडीएम आलोक कुमार और शिव आशुतोष भी पहुंचे और परिजनों से बातचीत की लेकिन कोई हल नहीं निकला। समाचार लिखे जाने तक परिजन धरने पर बैठे रहे।

## श्रम प्रवर्तन विभाग की टीम ने दो बच्चों को होटल पर कार्य करते पकड़ा

**काशीपुर।** श्रम प्रवर्तन विभाग की टीम ने बाल एवं किशोर श्रम उन्मूलन अभियान के तहत होटल और ढाबों की छापेमारी की। उन्होंने दो बाल श्रमिकों को रेस्क्यू किया। टीम ने कोतवाली पुलिस को कार्रवाई के लिए प्रार्थना पत्र दिया। बीती शाम श्रम परिवर्तन अधिकारी विपिन कुमार के नेतृत्व में चाइल्ड हेल्पलाइन व एनजीओ आईसीडी की टीम ने महेशपुरा पुलिया के पास दुकान में दो बच्चों का रेस्क्यू किया। रेस्क्यू बच्चों को जिला बाल कल्याण समिति के सामने पेश किया। जहां काउंसलिंग के बाद उन्हें घर भेज दिया। श्रम प्रवर्तन अधिकारी विपिन कुमार ने बताया कि आरोपी दुकान स्वामी के खिलाफ तहरीर दी है। आगे की कार्रवाई पुलिस करेगी।

## यात्रियों की सुविधा के लिए बनाया गया चलता फिरता टिकट काउंटर आरंभ



**डीडीयू नगर,चदौली।** स्थानीय रेल मंडल में टिकटिंग व्यवस्था में विस्तार किया गया है। डीडीयू और गया स्टेशन पर नई मोबाइल यूटीएस सुविधा की शुरुआत की गई है। इसके माध्यम से स्टेशन पर यात्री मोबाइल यूटीएस मशीन के साथ तैनात रेलकर्मी से चलते-फिरते आसानी से टिकट प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा स्टेशनों पर परंपरागत टिकट काउंटर, एटीवीएम के साथ-साथ यूटीएस मोबाइल ऐप से टिकट की सुविधा पहले से मौजूद है। स्टेशन पर पैसेंजर एरिया में मौजूद रेलकर्मी यात्री के मांगने पर हैंडहेल्ड डिवाइस से टिकट बनाकर अपने कंधे पर लेकर चल रहे कनेक्टेड पोर्टेबल प्रिंटर से वहीं अनारक्षित टिकट प्रिंट कर तुरंत यात्री को उपलब्ध करा देगा। इससे टिकट खरीदने में सुविधा के साथ यात्रियों के समय की काफी बचत होगी। विशेषकर तकनीकी दक्षता में कमी वाले यात्रियों को परंपरागत अनारक्षित टिकट काउंटर पर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

## समिति ने किया ढेला पुल पर कांवड़ियों को फल वितरण

**काशीपुर।** जनजीवन उत्थान समिति के तत्वाधान में ढेला पुल पर आज कांवड़ियों को फल वितरण किया गया। इस दौरान समिति अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा की शिवरात्रि का त्यौहार धार्मिक भावनाओं को उत्कृष्ट करता है और समाज को नई दिशा देता है। यहां भास्कर त्यागी एडवोकेट, देवांग मिश्रा, विवेक मिश्रा, शालिनी मिश्रा, कर्तव्य मिश्रा, ममता मिश्रा व जया मिश्रा एडवोकेट मौजूद रहे।

## फर्म के लाखों रूपए हड़पने का आरोप,रिपोर्ट दर्ज

**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। सरोजनीनगर के सैनिक हाउसिंग सोसायटी कॉलोनी में रहने वाले सुरेंद्र पाल सिंह ने बिजनौर के सीआरपीएफ केंपस निवासी रुचि सिंह और उनके पति विपिन कुमार सिंह के खिलाफ फर्म के लाखों रूपए हड़पने की सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सुरेंद्र पाल का कहना है कि उनकी ब्रविसा लैंड डेवलपर्स नाम से एक पार्टनरशिप में फर्म है। इस फर्म में बिजनौर के सीआरपीएफ कैंपस निवासी रुचि सिंह, फैजाबाद जिले के महाराजगंज स्थित नारा में रहने वाले बृजेश सिंह, यहीं के देवगढ़ निवासी विकास सिंह और गोंडा के तरबगंज स्थित बैरिहा में रहने वाले संजय सिंह पार्टनर हैं। सुरेंद्र का कहना है कि 7 मई 2019 को सभी लोगों की हुई बैठक में विकास सिंह ने अपने शेयर का 10त्न यानी 6,63,689 रुपए लेकर पार्टनर डीड पर रिटायरमेंट ले लिया। इसके बाद 1 अप्रैल 2019 को रुचि सिंह को भी सप्लीमेंट्री डीड पार्टनरशिप पर हस्ताक्षर बनाकर स्वेच्छा से फर्म से रिटायरमेंट होना था। फर्म में 20त्न शेयर की एवज में उनके 12,50,000 रुपये बन रहे थे, जो 8 अगस्त 2019 को उनके बैंक खाते में भेज दिए गए और उसी दिन रुचि सिंह को यह रूपये प्राप्त भी हो गए। लेकिन आरोप है कि रकम प्राप्त होने के बाद रुचि सिंह ने सप्लीमेंट्री पार्टनरशिप डीड पर हस्ताक्षर नहीं बनाए और टालमटोल व आनाकानी करने लगी। चूंकि रुचि सिंह के पति विपिन कुमार रुचि सिंह की तरफ से उनका कारोबार देखते थे, इसलिए उनसे संपर्क किया गया। लेकिन वह भी टालमटोल और आनाकानी करते रहे। 22 जनवरी 2025 को सरोजनी नगर के गहरू में रहने वाले डॉ. रती राज चौहान लखनऊ एयरपोर्ट पर विपिन सिंह से मिले और रुचि द्वारा रुपए लेने के बावजूद डीड पर हस्ताक्षर न करने की शिकायत की। इस बात पर विपिन भड़क गए और उन्होंने धमकी दी कि ना तो रुचि डीड पर हस्ताक्षर करेंगी और ना ही पैसे वापस देंगी। आरोप है कि इस दौरान उन्होंने जान से मारने की धमकी भी दी। फिलहाल इस मामले में सुरेंद्र पाल की तहरीर पर सरोजनीनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी।

## सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत और साथी घायल

**काशीपुर।** लगन कार्यक्रम समाप्त कर घर लौट रहे बाइक सवार दो युवक सड़क किनारे लगे बिजली के पोल से टकरा गए। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्राम वीरपुर कटैया निवासी मोहित पाल पुत्र स्व- काशीराम बीते रविवार को गांव निवासी पवन के साथ बाइक से सुल्तानपुर पट्टी हाईवे किनारे बने एक रिजॉर्ट में अपने मामा सुमित के लगन-टीका कार्यक्रम में शामिल होने गया था। देर शाम घर लौटते समय बरखेड़ी के पास बिजली के पोल से उनकी बाइक टकरा गई। हादसे में मोहित की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पवन गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को बाजपुर रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों ने बताया की मोहित ने बीए करने के बाद मजदूरी करता था। मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटा था।

## अधिवक्ता संसोधन बिल के विरोध में अधिवक्ता उतरे सड़क पर

**दुद्धी, सोनभद्र।** अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 को लेकर मंगलवार को अधिवक्ता सड़क पर उतर आए। मंगलवार को अधिवक्ता कचहरी से नारेबाजी करते हुए रजिस्ट्री ऑफिस पहुंचे जहां उन्होंने बैनामा कार्य बन्द करवाकर रजिस्ट्री ऑफिस के सामने धरने पर बैठ गए और जमकर नारेबाजी की।इसके बाद संयुक्त बार एसोसिएशन के बैनर तले सैकड़ों अधिवक्ताओं ने कचहरी परिसर से नारेबाजी करते हुए तहसील तिराहा, संकट मोचन से होते हुए अमवार मोड़ तक जमकर प्रदर्शन कर अधिवक्ता संशोधन बिल वापस करने की मांग रखी। अमवार मोड़ काली मंदिर से वापसी के बाद रजिस्ट्री ऑफिस के सामने पुनः अधिवक्ताओं का जुलूस सभा में तब्दील हो गया। जहाँ अधिवक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा अधिवक्ता बिल को लागू किया गया है जब से अधिवक्ता बिल लागू हुआ तब से अधिवक्ता लगातार इसका विरोध कर रहे हैं।अधिवक्ताओं ने कहा कि यह संशोधन अधिवक्ताओं के अधिकार पर कुठाराघात है जिसे कदापि बर्दास्त नही किया जायेगा। कहा कि जब तक अधिवक्ता संशोधन बिल पूर्ण रूप से वापस नही लिया जाता तब तक विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।अधिवक्ताओं ने मौके पर मौजूद सब रजिस्ट्रार को आज मंगलवार के दिन एक भी बैनामा न करने क़ी अपील क़ी जिस पर सब रजिस्ट्रार से भी बहस हो गई इसके बाद अधिवक्ता भड़क गए और बैनामा कार्य बन्द करवाकर वहीं धरने पर बैठ गए।दुद्धी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रेमचंद यादव एवं सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विष्णुकांत तिवारी ने संयुक्त रूप से कहा कि जब तक केंद्र सरकार द्वारा इस बिल को वापस नहीं लिया जाता तब तक वो इसका विरोध करते रहेंगे। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव, रामपाल जौहरी, प्रभु सिंह कुशवाहा, सत्यनारायण यादव, रामजी पाण्डेय, अरुणोदय जौहरी, नंदलाल, राकेश श्रीवास्तव,अमिताभ जायसवाल, मनोज मिश्रा, शिव शंकर प्रसाद,अशोक गुप्ता,राकेश तिवारी,आनंद कुमार, दिनेश कुमार,पीसी गुप्ता,राजेंद्र प्रसाद,अभिनाथ यादव,रमेश यादव, वीरेंद्र, प्रदीप, अंशुमान, मनोज, उपेंद्र सहित काफ़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम संचालन सचिव राकेश कुमार गुप्ता ने किया।

## आन्ध्र प्रदेश की बिछड़ी महिला को वाराणसी पुलिस ने मिलाया पति से

### महिला के पति ने सिगरा इंसपेक्टर को दिल से दिया धन्यवाद

**वाराणसी।** लावा कोच्चि पत्नी जगन्नाथ आंध्र प्रदेश निवासी अपने परिजनों के साथ वाराणसी आई थी और अपने समूह से बिछुड़ गई थी। सिगरा इंसपेक्टर संजय मिश्रा से मिलके अपने परिवार से मिलाने की गुहार लगाई।

कोतवाल ने महिला हेल्प डेस्क महिला प्रभारी के पास में बैठाया और परिवार के विषय में जानकारी प्राप्त किया। पति जगन्नाथ को सूचना दिए ।पति आंध्रा से आए पत्नी को सिगरा थाने में देख कर काफी खुश हुए और सिगरा इंसपेक्टर को दिल से धन्यवाद दिए ।दो दिन से खाने पीने की सारी व्यवस्था इंस्पेक्टर संजय मिश्रा के आदेश पर महिला हेल्प डेस्क प्रभारी खुशबु और कोतवाल खुद नाश्ता भोजन आदि के विषय में लगे थे।

## सनातन विरोधी कार्यो से कभी नहीं होगा बंगाल का भला: डॉ. सुकान्त मजूमदार

**सकलडीहा, चंदौली।** पश्चिम बंगाल की सत्ताधारी सरकार द्वारा आये दिन सनातन धर्म का विरोध किया जा रहा है। जिसके कारण वहां बेरोजगारी और भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुंच गया है। यह उक्त विचार केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री, भारत सरकार व पश्चिम बंगाल के प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष डॉ. सुकान्त मजूमदार ने ओंकार भवन, राजेन्द्र विहार कॉलोनी में आयोजित काशी बंग सम्मलेन को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किया। आगे कहा कि हमारा काशी के जनता के साथ भावनात्मक लगाव है। हम हर समय उनके साथ खड़े हैं। बताया कि रामनगर औद्योगिक क्षेत्र के उधमियों के अच्छे कार्यो की चर्चा दिल्ली तक है। वहीं पश्चिम बंगाल पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यहां बेरोजगारी उच्च स्तर पर है। मात्र पाँच हजार की नौकरी के लिए वहां के लोग परेशान रहते है। उन्होंने काशी के बंग समाज के लोगो का सहयोग मांगा कि आगामी 2026 के बंगाल के चुनाव में भाजपा की जीत हो सके। ताकि बंगाल वासियों का भी भला हो सके। उत्तर प्रदेश की सरकार की सराहना करते हुए कहा कि अच्छे कार्यो से काफी विकास किया जा रहा है।रामनगर औद्योगिक एसोसिएशन के अध्यक्ष देव भट्टाचार्य ने कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि आप लोगों का इसी तरह से सहयोग मिलता रहे तो निश्चित तौर पर बंग समाज और उद्यमियों का विकास होता रहेगा। इस मौके पर चंदन दास ने बताया कि वाराणसी में बंग समाज के लाखों लोग रहते है। जो समाज और राष्ट्र के विकास के लिए सतत प्रयास में जुटे हुए है। एडवोकेट तरुण मुखर्जी ने कहा कि बंगाल के बाहर काशी में रहने वाले लोग पश्चिम बंगाल में निरंतर हो रहे सनातन विरोधी कार्यो व वक्तव्यों से बहुत दुखी है और जल्द बंगाल की स्थिति सुधारने पर जोर दे रहे हैं। सम्मेलन की शुरुआत बच्चो के नृत्य व गायन से शुरू हुआ। इस मौके पर मुख्य रूप से अजय राय, संजय लखवानी, जगनाथ घोष ,शंकर बोस, अमर बनर्जी, प्रणब सामन्त, प्रणब लाहा, एन जी चैटर्जी, अमित सिकदर, ऋतुपर्णा, आदित्य,संजय बनर्जी, रजत रॉय, रिकू बनर्जी, शम्पा राय, प्रदीप बनर्जी आदि सहित अन्य रहे।

## खरावन का ठोस कूड़ा प्रबंधन केंद्र बंद होने से ग्रामीणों में आक्रोश

**वाराणसी।** विकास खंड बड़ागांव के ग्राम पंचायत खरावन में लाखों रुपये की लागत से निर्मित एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। दो वर्षों से यह केंद्र बंद पड़ा है और ग्रामीणों को अब तक इसमें कूड़ा डालने का अवसर नहीं मिला है। ग्रामीणों का कहना है कि दो वर्ष बीत चुके हैं लेकिन ग्राम प्रधान और संबंधित अधिकारियों ने अब तक इस केंद्र का ताला नहीं खोला है। यदि ताला खोल दिया जाए तो वे स्वयं अपने घरों का कूड़ा यहां डाल सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान की इस महत्वाकांक्षी योजना को ग्राम प्रधान की उदासीनता के कारण धक्का लग रहा है।ग्रामीणों में इस स्थिति को लेकर भारी आक्रोश है और वे जल्द से जल्द इस केंद्र को चालू करने की मांग कर रहे हैं ताकि गांव की स्वच्छता सुनिश्चित हो सके।

## मोटेश्वर महादेव शिव मंदिर में महाशिवरात्रि मेले को लेकर तैयारियां पूर्ण

**काशीपुर।** मोटेश्वर महादेव शिव मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर भव्य मेले का आयोजन किया जाएगा। जिसको लेकर तैयारियां अपने अंतिम चरण में हैं। वहीं मंदिर समिति द्वारा मेले को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। विगत वर्षों की भांति इस बार भी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने की उम्मीद है। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस ने कमर कस ली है। मंदिर समिति के लोग भी मेले को लेकर पुलिस-प्रशासन का सहयोग कर रहे हैं। बता दें कि काशीपुर में मां बाल सुंदरी देवी मंदिर से कुछ दूरी पर मोटेश्वर महादेव शिव मंदिर स्थित है। यह काशीपुर के सबसे प्राचीन मंदिरों में से एक मंदिर माना जाता है। कांवड़ियों द्वारा हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर जलाभिषेक की अलग से व्यवस्था की गई है। वहीं महाशिवरात्रि के मौके पर सुबह से ही यहां पर जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है और जलाभिषेक के श्रद्धालु कतार में लगकर अपनी बारी का इंतजार करते दिखाई देते हैं। मेले में लगने वाले झूले और तमाम तरह की दुकानें हर वर्ष आकर्षण का केंद्र रहती हैं। मंदिर के पुजारी राघवेन्द्र नागर ने बताया कि प्रशासन के सहयोग से मंदिर में आने वाले सभी श्रद्धालुओं की सुरक्षा के साथ ही सभी प्रकार की व्यवस्थाएं की गई हैं। मंदिर समिति के सभी सदस्य पुलिस-प्रशासन के साथ व्यवस्था बनाने का कार्य करेंगे- काशीपुर में महाशिवरात्रि मेले का आगाज आज से हो जाएगा और दो दिनों तक चलेगा।

## कंपोजिट विद्यालय सराय पकवान में कक्षा एक और दो के बच्चों का हुआ निपुण एसेसमेंट टेस्ट

**सकलडीहा, चंदौली।** विकास खंड सकलडीहा के कंपोजिट विद्यालय सराय पकवान में कक्षा एक और दो के बच्चों का निपुण एसेसमेंट टेस्ट लेने के लिए डीएलएड प्रशिक्षु प्रिया भारती और दिया भारती ने पहुंच कर विभागीय नियमानुसार मोबाइल ऐप के माध्यम से टेस्ट लिया। इस मौके पर पहुंचे एआरपी रविंद्र सिंह यादव ने बताया कि कक्षा एक और दो के बच्चों में शिक्षा स्तर के आकलन के लिए विभाग द्वारा यह टेस्ट लिया जा रहा है। जिसके माध्यम से बच्चों के ज्ञान स्तर का आकलन करना है। बताया कि कक्षा एक और दो से बारह - बारह बच्चों को चिन्हित किया गया है। इन बच्चों का जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के डीएलएड प्रशिक्षुओ द्वारा निपुण एसेसमेंट टेस्ट लिया जा रहा है। जिसमें छात्र-छात्राओं से मोबाइल एप में हिंदी पढ़ने की गति और गणित संबंधित प्रश्न से आंकलन किया जा रहा है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं किया जाना है। यह परीक्षा पूरी तरह से डायट प्राचार्य के देख रेख में हो रही है।

जिसका मूल्यांकन बेसिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा किया जा रहा है। वहीं कंपोजिट विद्यालय सराय पकवान की इंचार्ज प्रधानाध्यापक गीता गुप्ता ने कहा कि निपुण एसेसमेंट टेस्ट में नामित सभी बच्चे परीक्षा में पूरी तरह से सफल हो इसके लिए मेरे स्तर से और मेरे विद्यालय के शिक्षकों द्वारा काफी मेहनत किया गया था। कि कक्षा एक और दो के सभी प्रतिभागी परीक्षार्थी टेस्ट में शत प्रतिशत पास रहे। इस कार्य में एआरपी रविंद्र सिंह यादव द्वारा भी समय-समय पर काफी मार्गदर्शन दिया गया था, जिसके चलते हमारे यहां यह परीक्षा सकुशल संपन्न हुई है। इस मौके पर सहायक अध्यापक यशवंत सिंह यादव, ऐश्वर्या गुप्ता, आशीष कुमार यादव, हरिओम प्रकाश, सुषमा यादव, लता, अनिल यादव सहित अन्य रहे।

## ठेला-खोखा-फड़ एसोसिएशन ने कांवड़ियों को फल वितरण कर किया स्वागत

**काशीपुर।** हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लाकर गंतव्य की ओर जाने वाले शिवभक्त कांवरियों का काशीपुर में विभिन्न स्थानों पर किये जा रहे स्वागत-सत्कार के क्रम में ठेला-खोखा-फड़ एसोसिएशन की ओर से भी कांवरियों का स्वागत किया गया। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी एसोसिएशन द्वारा एमपी चौक के समीप कार्यक्रम आयोजित कर कांवरियों को फलाहार वितरित कर कांवरियों की सुखद एवं मंगलमयी यात्रा की कामना की गई। इस अवसर पर अनिल शर्मा, इलियास माहीगीर, सोम शर्मा, आयुष शर्मा, सुरेश कुमार, विनोद, वाजिद, डेब्यू शर्मा व सोनू भाई बिजली वाले आदि उपस्थित रहे।

## मुगलसराय तहसील में अधिवक्ताओं का प्रदर्शन

● काले कानून की वापसी की मांग

**पीडीडीयू नगर,चदौली।** बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार मुगलसराय तहसील में अधिवक्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। बार सभागार में आहूत बैठक में तहसील के सभी अधिवक्ताओं ने भाग लिया और सरकार द्वारा अधिवक्ताओं के खिलाफ लाए गए कथित काले कानून का जोरदार विरोध किया। बैठक की अध्यक्षता अधिवक्ता संजीव कुमार ने की और संचालन अधिवक्ता संजीव पाण्डेय ने किया। अधिवक्ताओं ने सरकार से इस काले कानून को तत्काल वापस लेने की मांग की।

इस दौरान उन्होंने तहसील कर्मचारियों और स्थानीय समुदाय से सहयोग की अपील की ताकि उनकी आवाज सरकार तक प्रभावी तरीके से पहुंच सके। बैठक में अधिवक्ताओं ने बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के माध्यम से इस कानून को रद्द कराने के लिए सरकार पर दबाव बनाने की रणनीति तैयार की। सभी ने एकजुट होकर इस कानून को अधिवक्ताओं के अधिकारों और हितों के खिलाफ बताया और कहा कि इसे लागू होने से न्यायिक प्रक्रिया पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। अधिवक्ताओं ने यह भी स्पष्ट किया कि उनका यह आंदोलन शांतिपूर्ण होगा लेकिन वे अपने अधिकारों की सुरक्षा के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं।

## सड़क हादसे में पति की मौत जबकि पत्नी बुरी तरह घायल

**काशीपुर।** बाइक सवार दंपती को तेज रफ्तार बस ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में दंपती घायल हो गए। घायलों को निजी अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने पति को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आईटीआई थाना क्षेत्र के ग्राम बांसखेड़ा कलां निवासी मोहम्मद आसिफ हुसैन पुत्र स्व- शाहिद हुसैन अपनी पत्नी रुखसाना को मुरादाबाद जिले के ठाकुरद्वारा के ग्राम अलियावाला में दवा दिलाने बाइक से जा रहा था। इसी दौरान ठाकुरद्वारा के ग्राम सरकड़ा के पास तेज रफ्तार निजी बस की चपेट में आकर दंपती घायल हो गए। घायलों को मुरादाबाद रोड स्थित एक निजी अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने मोहम्मद आसिफ हुसैन को मृत घोषित कर दिया। यूपी पुलिस ने बस को कब्जे में ले लिया है। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों ने बताया कि रुखसाना के दोनों कूल्हों, रीढ़ की हड्डी व पसली में गंभीर चोटें आई हैं। मृतक अपने पीछे भरा पूरा परिवार को रोता बिलखता छोड़ छोड़ गए हैं।

# परीक्षा खत्म होते ही शुरू होगा बैंक मोड़ फ्लाइओवर का काम

**तीसरा विकल्प न्यूज़ ब्यूरो**

धनबाद। मार्ग को वन-वे कर फ्लोर की होगी रिपेयरिंग, फ्लाइओवर को उठाकर बदली जायेगी बेयरिंग, बंद रहेगा मार्ग धनबाद मैट्रिक व इंटर की परीक्षा खत्म होने के बाद बैंक मोड़ फ्लाइओवर का काम शुरू होगा. फ्लाइओवर को वन-वे कर फ्लोर की रिपेयरिंग की जायेगी. फ्लोर रिपेयरिंग के बाद बेयरिंग बदलने का काम शुरू होगा. 184 बेयरिंग बदलने के लिए फ्लाईओवर को छह इंच लिफ्ट कराया जायेगा. इस दौरान लगभग डेढ़ माह तक ट्रैफिक बंद रहेगा, पूरा हो चुका है सर्वे का काम ट्रैफिक डीएसपी अरविंद सिंह के मुताबिक फ्लाइओवर को लेकर सर्वे का काम पूरा कर लिया गया है. पहले चरण में फ्लाइओवर के फ्लोर को साफ किया जायेगा. इस दौरान फ्लाइओवर वन-

वे रहेगा. बेयरिंग बदलने के लिए फ्लाइओवर को उठाया जायेगा. इस दौरान ट्रैफिक बंद रहेगा. वाहनों का आवागमन कैसे हो. इसका ब्लू प्रिंट तैयार किया जा रहा है. मैट्रिक-इंटर की परीक्षा खत्म होने के बाद फ्लोर रिपेयरिंग का काम शुरू कर दिया जायेगा. फ्लाइओवर के फ्लोर पर मोटी परत जमी गयी है. जब तक इसकी रिपेयरिंग नहीं होगी. फ्लाइओवर को उठाने में दिक्कत हो सकती है. लिहाजा फ्लाइओवर को वन वे कर फ्लोर रिपेयरिंग का काम किया जायेगा, ट्रैफिक रूट पर विभाग कर रहा काम ~ कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता मिथिलेश प्रसाद ने बताया कि मैट्रिक व इंटर की परीक्षा खत्म होते ही फ्लोर रिपेयरिंग का काम शुरू कर दिया जायेगा. इसके बाद फ्लाइओवर को उठाकर 184 बेयरिंग को बदला जायेगा. इस दौरान ट्रैफिक बंद करना पड़ेगा. ट्रैफिक रूट प्लान पर ट्रैफिक विभाग काम कर रहा है. बरमसिया फ्लाइओवर पर बढ़ेगा लोड बैंक मोड़ फ्लाइओवर पर यातायात बंद होने से बरमसिया फ्लाइओवर पर लोड बढ़ेगा. दो साल पहले ही बैंक मोड़ फ्लाइओवर की लोड टेस्टिंग की गयी थी. इस दौरान 72 घंटे तक फ्लाइओवर से वाहनों का आवागमन रोका गया था. इस दौरान बरमसिया फ्लाइओवर का इस्तेमाल किया गया था. हालांकि उस समय ट्रैफिक का लोड संभालने में बरमसिया फ्लाइओवर फेल हो गया था. इस बार ट्रैफिक विभाग हर एंगल पर विचार कर रहा है ।

## महाशिवरात्रि पर्व पर उमड़ा श्रद्धालुओं का रेला

**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता हरदोई**

शाहाबाद,हरदोई। महाशिवरात्रि का पर्व बुधवार को पूरे जिले में श्रद्धाभाव के साथ धूमधाम से मनाया गया। शिवालयों में भोर की बेला से श्रद्धालु महादेव का जलाभिषेक व पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे तो शिवालय हर-हर महादेव के जयघोष से गुंजायमान हो उठे। भक्तों ने विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की। श्रद्धालु एक हाथ में गंगाजल तो दूसरे में बेलपत्र, धतूरा सहित पूजा-अर्चना की अन्य सामग्री की थाली लिए मन में भक्ति और श्रद्धा के साथ बम-बम भोले, हर हर महादेव के जयघोष के बीच भगवान महादेव का पूजन करने के लिए शिवालयों में पहुंचे और जलाभिषेक किया। शाहाबाद में बाबा टेडेश्वरनाथ मंदिर में भोर की बेला से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लग गई,श्रद्धालु कतार में लगकर जलाभिषेक के लिए पहुंचे,पूजा अर्चना कर महादेव से अपने परिवार के लिए सुख-समृद्धि की कामना की।महाशिवरात्रि के मौके पर कोतवाली पुलिस ने व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद किया, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस पावन अवसर पर श्रद्धालुओं में भक्ति और उत्साह का अनोखा मेल देखने को मिला।

## अलग-अलग घटनाओं में जहरीले जीवों के काटने से दो किसानों की मौत

**चित्रकूट,** । जिले में सांप व जहरीले कीड़े के काटने से दो किसानों की मौत हो गई। पहली घटना कर्वी कोतवाली क्षेत्र के बालापुर खालसा गांव में हुई, जहां सोमवार तड़के 42 वर्षीय किसान राजेश सिंह की सांप के काटने से मौत हो गई। वहीं, दूसरी घटना भरतकूप थाना क्षेत्र के सिलखोरी गांव में हुई, जहां 50 वर्षीय किसान रमेश पटेल की जहरीले कीड़े के काटने से जान चली गई। पहली घटना में, राजेश सिंह पुत्र अयोध्या प्रसाद रोज की तरह सुबह खेत में पानी लगाने गए थे। जब वह काफी देर तक घर नहीं लौटे, तो परिजन सुबह खेत पहुंचे, जहां उन्हें गंभीर हालत में अचेत पड़ा पाया। तुरंत पहाड़ी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दूसरी घटना में, सिलखोरी गांव के 50 वर्षीय रमेश पटेल मंगलवार सुबह शौच के लिए खेतों की तरफ गए थे।

# तेलंगाना को सब जूनियर विनर्स ट्रॉफी, उत्तर प्रदेश को सब जूनियर रनर्स अप ट्रॉफी

**इण्डियन बैंक राष्ट्रीय पैरा जूडो प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश को 06 पदक**

**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी बहुद्देशिये हॉल, के.डी. सिंह बाबू स्टेडियम, लखनऊ में चल रही इण्डियन बैंक राष्ट्रीय पैरा जूडो प्रतियोगिता में सब जूनियर वर्ग में तेलंगाना ने 02 स्वर्ण व 01 कांस्य पदक जीतकर विनर्स ट्रॉफी अपने नाम की। जबकि उत्तर प्रदेश ने 01 स्वर्ण, 03 रजत व 02 कांस्य पदक जीतकर रनर्स अप ट्रॉफी जीती। इस अवसर पर सुभाष चंद शर्मा, आई.ए.एस., प्रमुख सचिव, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश शासन एवं ईशा प्रिया, आई.ए.एस., प्रबन्ध निदेशक, यूपी टूरिज़म ने सब जूनियर जूडोकाओं को विनर्स व रनर्स अप ट्रॉफी एवं बेस्ट जूडोका अवार्ड देकर सम्मानित किया। सब जूनियर बालिका वर्ग में कर्नाटक की सविता एवं सब जूनियर बालक वर्ग में मध्य प्रदेश के रिंकू गुज्जर को बेस्ट जूडोका अवार्ड से सम्मानित किया गया। जूनियर वर्ग के खेले गये मुकाबलों के परिणाम इस प्रकार हैं:- जूनियर - बालक 45 किग्रा. प्रथम हरदीप सिंह महाराष्ट्र

द्वितीय शिवम साबत महाराष्ट्र तृतीय राजन शर्मा जम्मू एण्ड कश्मीर तृतीय नतीश राजस्थान 50 किग्रा. प्रथम फैज़ हैदर हरियाणा द्वितीय अबरार अहमद जम्मू एण्ड कश्मीर तृतीय महेष्वर छत्तीगढ़ तृतीय गुरपिंदर राजस्थान 55 किग्रा. प्रथम शाहिद अली जम्मू एण्ड कश्मीर द्वितीय शक्ति सिंह राजस्थान तृतीय रितेश कीर मध्य प्रदेश तृतीय वी. मणिकांता आन्ध्र प्रदेश 60 किग्रा. प्रथम संदीप सिंह पंजाब द्वितीय आशीष मध्य प्रदेश तृतीय ए. तृपति स्वामी आन्ध्र प्रदेश तृतीय राहुल कुमार राजस्थान 66 किग्रा. प्रथम दीपक कुमार हरियाणा द्वितीय गुरसिमरन सिंह पंजाब तृतीय मोहन साहू उड़ीसा तृतीय लव कुश उत्तर प्रदेश66 किग्रा. प्रथम धर्म वीर वर्मा उत्तर प्रदेश द्वितीय जी. विनोद कुमार तेलंगाना तृतीय बिरदा राम राजस्थान तृतीय जी. हरीश आन्ध्र प्रदेश जूनियर - बालिका 40 किग्रा. प्रथम महक मेहरा जम्मू एण्ड कश्मीर द्वितीय पूनम साहू मध्य प्रदेश तृतीय सवित्रा बोदाखे महाराष्ट्र तृतीय अंजली कोल मध्य प्रदेश 52 किग्रा. प्रथम फिज़ा ज़ोहरा जम्मू एण्ड कश्मीर द्वितीय अनामिका धाकड़ मध्य प्रदेश तृतीय वीरपाल कौर पंजाब तृतीय मुस्कान परदेसी महाराष्ट्र

## महाशिवरात्रि पर गोरखपुर मंदिर में पूजन-अर्चन करने पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**तीसरा विकल्प न्यूज़ ब्यूरो**

गोरखपुर। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज गोरखपुर स्थित प्रसिद्ध गोरखनाथ मंदिर पहुंचे और भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच रुद्राभिषेक किया और प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की।हर साल की तरह इस बार भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाशिवरात्रि पर विशेष अनुष्ठान किया। उन्होंने मंदिर में मौजूद श्रद्धालुओं से बातचीत की और उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस दौरान मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया था, जहां हजारों की संख्या में भक्त दर्शन के लिए पहुंचे। मुख्यमंत्री ने कहा, ÷महाशिवरात्रि केवल एक पर्व नहीं, बल्कि आत्मचिंतन और शिव भक्ति का अवसर है। भगवान शिव की कृपा से प्रदेश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर हो।÷इस मौके पर मंदिर में भजन-कीर्तन और शिव तांडव स्तोत्र का पाठ भी हुआ। गोरखपुर सहित पूरे प्रदेश में महाशिवरात्रि धूमधाम से मनाई जा रही है। शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है, और मंदिरों में विशेष आरती और भंडारे का आयोजन किया गया है।

# भौंरा में जारी है अवैध लॉटरी का कारोबार

**तीसरा विकल्प न्यूज़ ब्यूरो**

धनबाद । भौरा , जिले के एस एस पी ने समीक्षा बैठक में जिले के वरिय पदाधिकारी को आदेश दिया था कि जिले में चल रहे हैं अवैध शराब कारोबार पर मादक पदार्थों की बिक्री एवं लॉटरी के अवैध कारोबारी पर लगाम लगा शक्ति से कार्रवाई की जाए परंतु भौरा क्षेत्र में इन दिनों अवैध शराब एवं लॉटरी का धंधा बदसूरत जारी है भौरा क्षेत्र मे दर्जनों चाय पान की दुकान की आड़ में अवैध शराब एवं अवैध लॉटरी का टिकट बेचते हैं पूर्व में भौरा थाना प्रभारी ने कई लॉटरी विक्रेताओं को पकड़ कर जेल भेजा था भौरा, गौरखुट्टी, मोहलबनी, भौरा स्टेशन क्षेत्र मे दर्जनों अवैध लॉटरी विक्रेता सक्रिय है तस्कर भोले भाले लोगो को रात तो रात लखपति बनने का सपना दिखाकर मेहनत की कमाई डकार जाते हैं जिससे इन लोगों के घरों मे हमेशा विवाद होते रहता है पूर्व मे नागालैंड, सिक्किम पश्चिम बंगाल का प्रतिबंधित लाटर्री टिकट भारी मात्रा मे पुलिस को बरामद हुआ था दर्जनों लोग जेल जा चुके है इन दिनों भौरा बारह नंबर के मोईन व

भौरा बाजार के रामा रवानी अवैध टिकट अपने गुर्गे से पुरे क्षेत्र मे सप्लाई करवा रहे है।, जिले के एस एस पी ने समीक्षा बैठक में जिले के वरिय पदाधिकारी को आदेश दिया था कि जिले में चल रहे हैं अवैध शराब कारोबार पर मादक पदार्थों की बिक्री एवं लॉटरी के अवैध कारोबारी पर लगाम लगा शक्ति से कार्रवाई की जाए परंतु भौरा क्षेत्र में इन दिनों अवैध शराब एवं लॉटरी का धंधा बदसूरत जारी है भौरा क्षेत्र मे दर्जनों चाय पान की दुकान की आड़ में अवैध शराब एवं अवैध लॉटरी का टिकट बेचते हैं पूर्व में भौरा थाना प्रभारी ने कई लॉटरी विक्रेताओं को पकड़ कर जेल भेजा था भौरा, गौरखुट्टी, मोहलबनी, भौरा स्टेशन क्षेत्र मे दर्जनों अवैध लॉटरी विक्रेता सक्रिय है तस्कर भोले भाले लोगो को रात तो रात लखपति बनने का सपना दिखाकर मेहनत की कमाई डकार जाते हैं जिससे इन लोगों के घरों मे हमेशा विवाद होते रहता है पूर्व मे नागालैंड, सिक्किम पश्चिम बंगाल का प्रतिबंधित लाटर्री टिकट भारी मात्रा मे पुलिस को बरामद हुआ था दर्जनों लोग जेल जा चुके है इन दिनों भौरा बारह नंबर के मोईन व भौरा बाजार के रामा रवानी अवैध टिकट अपने गुर्गे से पुरे क्षेत्र मे सप्लाई करवा रहे है।

# एआरटीओ का तबादला होने से कार्यालय में 5 दिन से काम बंद

- कार्यालय पर कार्य के लिए आने वाले लोगों को हो रही परेशानी
- नवागत एआरटीओ ने नहीं किया कार्यभार ग्रहण

**अमेठी।** जनपद के एआरटीओ कार्यालय में पिछले पांच दिनों से काम पूरी तरह ठप पड़ा है। पुराने एआरटीओ सर्वेश सिंह का शाहजहांपुर तबादला होने के बाद नए एआरटीओ प्रवीण सिंह ने अभी तक कार्यभार नहीं संभाला है। छह महीने पहले शासन ने अमेठी के एआरटीओ सर्वेश सिंह का शाहजहांपुर तबादला किया था। उनकी जगह अयोध्या के एआरटीओ प्रवीण सिंह को अमेठी की जिम्मेदारी दी गई थी। लेकिन सर्वेश सिंह अमेठी में ही बने रहे। इसलिए प्रवीण सिंह भी नहीं आ सके।पांच दिन पहले शासन के कड़े निर्देश के बाद सर्वेश सिंह ने शाहजहांपुर में कार्यभार ज्वाइन कर लिया। लेकिन नए एआरटीओ प्रवीण सिंह अभी तक अमेठी नहीं पहुंचे हैं। इससे कार्यालय में आने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।कार्यालय में तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों बताते हैं की एआरटीओ के हस्ताक्षर के बिना कोई फाइल पास नहीं हो सकती। इस वजह से लोग अपनी फाइलें लेकर कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं। नए एआरटीओ के आने तक कार्यालय का कामकाज शुरू होने की संभावना नहीं है।

# ई-चालान से बचने के लिए मिटा दे रहे वाहनों के नंबर

➲ जांच के दौरान ट्रैफिक पुलिस के सामने लगातार आ रहे मामले, यातायात नियमों की उड़ा रहे धज्जियां

**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता गाजीपुर**

गाजीपुर। यातायात पुलिस और उप संभागीय परिवहन द्वारा चेकिंग के दौरान वाहनों का ई-चालान किया जा रहा है। वाहनों में सफर करने के दौरान यातायात के नियमों का पालन न करने पर वाहनों का ई-चालान हो जाता है, जिसकी जानकारी वाहन स्वामी को मेसेज मिलने के बाद होती है। ऐसे में अब बाइक सवार अपने वाहनों के नंबर का कोई न कोई अंक मिटा दे रहे हैं ताकि ई चालान से बच सकें। चेकिंग के दौरान यातायात माह में दस दिन के भीतर पांच बाइक व दस व्यावसायिक वाहन मिले हैं। दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिए पुलिस व परिवहन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी वाहन की लगातार वाहनों की चेकिंग की जा रही है। ताकि सड़क हादसों पर रोक लगाई जा सके। इस दौरान पुलिस को पांच से अधिक मोटरसाइकिले और करीब दस कामर्शियल वाहन मिलें, जिनके नंबर खुरचे मिलें। चालान से बचने के लिए नंबर प्लेट पर दर्ज

अंक मिटा दिए थे। चेकिंग के दौरान ऐसे वाहनों का पुलिस ने चालान किया। हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट पर लगा दे रहे मिट्टी पुलिस के ई चालान से बचने के लिए हाई सिक्योरिटी वाले नंबर प्लेट से दर्ज नंबर खुरचकर मिटाना आसान नहीं होता। ऐसे में वाहन स्वामी द्वारा नंबर प्लेट पर मिट्टी का लेप लगा दिया जाता है। वाहन की सफाई भले ही आगे कर लेते हैं लेकिन पीछे नंबर प्लेट की ओर नहीं करते। चेकिंग के दौरान ऐसे वाहन मिल रहे हैं जिनके वाहनों के नंबर प्लेट से पंजीकरण संख्या का कोई न कोई नंबर मिटा रहता है। वाहन चालक चेकिंग के दौरान ट्रैफिक पुलिस के ई चालान से बचने के लिए इस तरह का काम कर रहे हैं। ऐसे वाहनों के खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है। -प्रभारी, यातायात।

## जबरन वसूली करने वाले तीन शातिर हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**बांदा,** । जबरन वसूली करने वाले तीन शातिर हिस्ट्रीशीटर अभियुक्तों को मटौंध थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। तीनो अभियुक्तों पर गैंगेस्टर एक्ट समेत कई मामले दर्ज हैं। गौरतलब हो कि थाना मटौन्ध क्षेत्र के रहने वाले जानू पुत्र छिद्दू खान ने दिनांक 17 फरवरी को थाना मटौंध पर भूरागढ़ निवासी तीन हिस्ट्रीशीटर अभियुक्तो द्वारा जबरन वसूली करने के मामले में प्रार्थना पत्र दिया गया था, जिस पर थाना मटौन्ध पर अभियोग पंजीकृत किया गया। मंगलवार को मटौन्ध पुलिस ने तीन शातिर हिस्ट्रीशीटर अभियुक्तों इद्दू पुत्र हुसैना, राशिद पुत्र इद्दू, निवासी भूरागढ़, और शहीदा उर्फ शहीद अहमद पुत्र इद्दू निवासी भूरागढ़ को गिरफ्तार किया है। बता दें कि तीनों अभियुक्त थाना मटौन्ध के हिस्ट्रीशीटर हैं। इनमें इद्दू पुत्र हुसैना पर हत्या के प्रयास, गैंगस्टर एक्ट आदि सहित कुल 11 मामले, राशिद पुत्र इद्दू पर गैंगस्टर, चोरी आदि सहित कुल 17 मामले व शहीदा उर्फ शहीद अहमद पर गैंगस्टर, चोरी आदि सहित पांच मामले दर्ज हैं।

# अमेठी में भ्रष्टाचार पर प्रशासन सख्त

- विकास भवन में लगे घूस लेना-देना अपराध है के पोस्टर
- सीसीटीवी से की जा रही निगरानी




**अमेठी।** जनपद में सरकारी कर्मचारियों द्वारा घूस लेने की बढ़ती शिकायतों के बाद प्रशासन ने कड़े कदम उठाए हैं। विकास भवन में चेतावनी के पोस्टर लगाए गए हैं। इन पोस्टर में स्पष्ट लिखा गया है कि घूस लेना और देना दोनों अपराध हैं।हाल ही में कई तहसीलों के कर्मचारियों के घूस लेते वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे। इन मामलों में अधिकारियों ने कार्रवाई की है। उच्चाधिकारियों को भी घूस की कई शिकायतें मिलीं। इसके बाद प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है।अमेठी समेत अन्य तहसीलों में वॉइस रिकॉर्डिंग वाले सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। सीडीओ सूरज पटेल के निर्देश पर विकास भवन में जगह-जगह चेतावनी पोस्टर लगाए गए हैं। इन पोस्टर में लिखा है कि शिकायत मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की इस पहल का कितना असर होगा, यह आने वाला समय बताएगा। फिलहाल यह कदम भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# काशीपुर बार एसोसिएशन के अधिवक्ता मंगलवार को भी अपने कार्यों से रहे विरत

**काशीपुर।** काशीपुर बार एसोसिएशन के समस्त अधिवक्ताओं ने कहा कि उत्तराखण्ड सरकार द्वारा ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन (वर्चुअल रजिस्ट्री) के नाम पर अधिवक्ताओं के हितों को प्रभावित करने का काम किया जा रहा है। सरकार द्वारा अधिवक्ताओं के जो संवैधानिक अधिकार जो भारतीय संविधान में उनको मिले हैं, उनको भी खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है और अधिवक्ताओं को बेरोजगार किया जा रहा है जिससे उनकी रोजी-रोटी पर भी संकट उत्पन्न हो रहा है।?उत्तराखण्ड सरकार द्वारा बैनामे, वसीयत, विवाह पंजीकरण आदि को ऑनलाइन करने का जो आदेश दिया गया है उक्त आदेश से अधिवक्तागणों के विधि व्यवसाय को बड़ी हानि होगी और जिसके कारण 90त्न से अधिक अधिवक्ता व उनके साथ कार्य कर रहे लिपिक, कातिब, अन्य कर्मचारीगण बेरोजगार हो जाएंगे। इसके साथ-साथ ऑनलाइन रजिस्ट्री आम जनता के हित में भी नहीं है क्योंकि आम जनता के कानून की जटिलताओं एवं रजिस्ट्रेशन की

तकनीक से अनभिज्ञ होने के कारण साइबर ठगों व समाज में फैले आपराधिक पृष्ठभूमि के व्यक्तियों एवं भू-माफियाओं द्वारा व्यापक स्तर पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के माध्यम से अपनी फर्जी उपस्थिति दिखाकर भ्रष्ट अधिकारी व कर्मचारियों की मिलीभगत से सरकारी एवं गैर सरकारी भूमि के साथ कम पढ़े लिखे लोगों की भूमि को भी रजिस्ट्री के द्वारा अपने नाम कर आम जनमानस को भारी नुकसान पहुंचा सकते हैं। अधिवक्ताओं के साथ-साथ आम जनमानस पर भी इस आदेश का विपरीत प्रभाव पड़ेगा। आज काशीपुर बार एसोसिएशन काशीपुर के समस्त अधिवक्तागणों ने उक्त आदेश के विरोध में हड़ताल कर काम बंद किया। उक्त हड़ताल मे काशीपुर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अवधेश कुमार चौबे, उपाध्यक्ष अनूप शर्मा, सचिव नृपेंद्र कुमार चौधरी, उपसचिव सूरज कुमार, कोषाध्यक्ष सौरभ शर्मा, ऑडिटर हिमांशु बिश्नोई, पुस्तकालय अध्यक्ष सतपाल सिंह बल, प्रेस प्रवक्ता दुष्यंत चौहान, महिला उपाध्यक्ष रश्मि पाल, तहसील उपाध्यक्ष विजय सिंह, कार्यकारी सदस्यगण कामिनी श्रीवास्तव, नरेश कुमार पाल, अर्पित कुमार सौदा, अमित कुमार गुप्ता, अमृत पाल सिंह, अमितेश सिसोदिया, अविनाश कुमार, नरदेव सिंह सैनी, बार कौंसिल ऑफ़ उत्तराखंड के सदस्य हरि सिंह नेगी, मनोज जोशी, सनत कुमार पैगिया, पूर्व अध्यक्ष उमेश जोशी, आनन्द रस्तोगी, प्रदीप सक्सेना, राजीव प्रजापति, सुनील कुमार, विकास कुमार, राकेश प्रजापति, रोहित अरोरा, उस्मान मालिक, अनिल कुमार, नीरज खुराना, नितिन यादव, जितेंद्र कुमार, लवी ढिल्लों, प्रभजोत कालरा, पवन कुमार, शादाब हुसैन, संजय भारद्वाज, मनोज चंद्र जोशी, विकास बुढ़ाकोटि, सुधीर चौहान, मोहम्मद फुरकान, सुमित राठी, ऐनुल हक़, राजेंद्र सक्सेना, राजेंद्र सैनी, ओमपाल सिंह, अशोक कुमार, अज़हरुद्दीन, पूनम मेहरोत्रा, नेहा कुरैशी, आलमगीर नवनीश कुमार, नूर अहमद, मोहम्मद सलीम, जावेद सिद्दीकी, सलीम अहमद, अजय पाल चौहान, जुबैर सिद्दीकी आदि उपस्थित रहे।

## पति की डांट से नाराज युवती ने फंदा लगाकर जान दी

**बांदा,** । बाजार घूमने गई पत्नी को पति ने डाट दिया इसी से नाराज पत्नी ने कमरे के अंदर छप्पर की धन्नी में रस्सी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। मृतका के पिता ने ससुराली जनो पर हत्या का आरोप लगा है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फतेहगंज थाना क्षेत्र के खेरिया गांव निवासी 26 वर्षीय दीपा पटेल पत्नी नीरज पटेल सोमवार की शाम बाजार घूमने गई थी। पति को इस बात की जानकारी हुई तो पति ने उसे डॉट दिया। गुस्से से बाजार आई दीपा ने कमरे के अंदर छप्पर की धन्नी में रस्सी से फांसी लगा कर खुदकुशी कर लिया। काफी देर बाद मौके पहुंची चाची सास मिथला ने शव देखा तो चीख पड़ी। शोर गुल सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतका के ससुर भूरा ने बताया कि नीरज हैदराबाद में रहता है।

# संजय चौधरी के खिलाफ सदस्यों ने खोला मोर्चा

- मंडलायुक्त तक पहुंचा मामला

**बस्ती।** जिला पंचायत की राजनीति गर्मा गई है। जिला पंचायत सदस्यों ने अध्यक्ष संजय चौधरी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सदस्यों का आरोप है कि जिला पंचायत में मनमाने तरीके से फैसले लिए जा रहे हैं। वहीं, अध्यक्ष संजय चौधरी ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि कुछ भटके हुए लोग पेशबंदी कर रहे हैं और मामले को बेवजह तूल देने की कोशिश हो रही है। इस पूरे विवाद के केंद्र में अपर मुख्य अधिकारी और जिला पंचायत सदस्य प्रमोद चौधरी उर्फ गिल्लम के बीच का एक निजी मामला बताया जा रहा है। इसे सदन से बाहर ले जाने की कोशिश की जा रही है, जिससे विवाद और गहरा गया है। अध्यक्ष संजय चौधरी ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि कुछ तथाकथित लोग जिला पंचायत की मर्यादा को बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं। उनका कहना है कि गत बैठक में जो भी निर्णय लिए गए थे, वे सर्वसम्मति से हस्ताक्षरित थे, और अब कुछ लोग बैठक को शून्य करने के लिए अनुचित दबाव बना रहे हैं।

जिला पचायत सदस्यों ने मंगलवार को मंडलायुक्त को मामले से अवगत कराते हुए मामले में दखल देते हुए जांच कर कार्रवाई मांग की है। मंडलायुक्त ने मामले में जिला पचायत सदस्यों को जांच का आश्वासन दिया है।वहीं, जिला पंचायत के कई सदस्यों का कहना है कि प्रशासनिक निर्णयों में उनकी राय को अनदेखा किया जा रहा है, जिससे असंतोष बढ़ रहा है।इस विवाद के बीच जिला पंचायत के सदस्य अब अगली रणनीति तय करने में जुटे हैं। यदि विवाद नहीं सुलझा तो यह मामला और तूल पकड़ सकता है।

# यामी गौतम

## होममेकर्स को इज्जत नहीं मिलने पर दुख होता है, हम भी इंसान हैं, हमारे भी इमोशन हैं

फिल्म शधूमधामश् में यामी गौतम एक असरदार रोल में नजर आएंगी। उन्होंने शादी और लड़कियों की आजादी पर अपनी राय दी। यामी ने आधुनिक पीढ़ी को सोशल मीडिया की लत से खुद को दूर रखने की भी सलाह दी। यामी गौतम शादी को महत्वपूर्ण मानती हैं ईव-टीजिंग के अनुभव साझा करती हैं यामी। यामी सभी महिलाओं की चॉइस का सम्मान करती हैं फिल्म बाला हो या आर्टिकल 370, ऐक्ट्रेस यामी गौतम को जब भी दमदार रोल मिला, उन्होंने अपनी ऐक्टिंग का जलवा दिखाया है। अब वह ओटीटी पर आ रही फिल्म धूमधाम में फिर एक धमाकेदार अंदाज में नजर आने वाली हैं। पेश है यामी से खास बातचीतरू आपकी फिल्म धूमधाम का केंद्र एक अरेंज्ड मैरिज है, जबकि आज बहुत से लोगों के मुताबिक, शादी खत्म होती संस्था है। आपकी इस बारे में क्या राय है? मुझे शादी में यकीन नहीं होता तो मैं क्यों करती ! मेरा मानना है कि हम अपने इतिहास को देखें, तो इन सब चीजों के बहुत अहम मायने रहे हैं। हमारे बड़े-बुजुर्ग बहुत समझदार थे, जिन्होंने ये रिवाज बनाए। हम कई बार उन्हें पुरानी बातें कहकर नजरअंदाज कर देते हैं। कुछ बातें पुरानी हो सकती हैं, जिन्हें प्रोग्रेसिव नजरिए से देखना जरूरी थी, मगर सोसायटी को लेकर जो मूल चीजें हैं कि हमारा समाज कैसे बना? इसका उद्भव-विकास कैसे हुआ, ये रिवाज कैसे बने, इनके बहुत खूबसूरत मतलब हैं, अगर हम उनको सही मायनों में देखें। मुझे लगता है कि हमारी आज की पीढ़ी घबरा बहुत जल्दी जाती हैं, क्योंकि आज की डिजिटल दुनिया में सब अपने तक सीमित होते जा रहे हैं। सबके हाथ में फोन हैं, कोई पास में बैठा है, तब भी उस पर ध्यान नहीं देते हैं। इसलिए, मैं जान बूझकर खुद को इंटरनेट और सोशल मीडिया से जितना हो सके, डिटैच रखने की कोशिश करती हूं। सिर्फ प्रमोशन के वक्त वापस आती हूं। अगर प्रमोट नहीं कर रही होती हूं, तो लॉग आउट कर देती हूं क्योंकि यह एक आदत है, जिस पर हमें खुद काबू पाना होगा। बाकी, मैं तो शादी की संस्था में पूरी तरह यकीन करती हूं और मैं अगली पीढ़ी में भी यही सोच बढ़ाना चाहूंगी। मैं उम्मीद करूंगी कि समाज का बड़ा तबका इस तरह से ना सोचे। बॉलीवुड की वो एक्ट्रेस जिसके 4 शादीशुदा मर्दों संग थे अफेयर, 49 की उम्र में चाहती है पति, धर्म बदलकर बन गई ईसाईबॉलीवुड में कई सेलेब्स ऐसे हैं, जिन्होंने कई शादियां कीं। कई अफेयर्स किए और उन वजहों से वह ज्यादा लाइमलाइट में रहे। मगर हम आपको आज ऐसी अदाकारा के बारे में बताने जा रहे हैं हैं, जिन्होंने शादी तो नहीं की लेकिन शादीशुदा मर्दों के साथ उनका नाम जुड़ा। अंडरवर्ल्ड तक के डॉन संग अफेयर की खबर आई। एक बार तो इन्हें इनके एक बॉयफ्रेंड ने जान से मारने की धमकी दी, जिसके बाद इन्हें इंडस्ट्री ही छोड़नी पड़ी। इनकी सौतेली बहन के पति सुपरस्टार हैं। वहीं ये अब एक राजनेता बन चुकी हैं। कौन हैं, आइए बताते हैं। इन अदाकारा का नाम नगमा है। जो कपड़ा उद्योग के दिग्गज अरविंद मोरारजी की बेटी हैं। इनकी मां का नाम शमा काजी था लेकिन बाद में इन्होंने बदलकर सीमा रख लिया। एक्ट्रेस के माता-पिता 1974 में अलग हो गए थे। इनका एक छोटा भाई भी है। नगमा की मां ने फिर चंदर सदाना से शादी कर ली। इनसे इन्हें एक्ट्रेस ज्योतिका हुईं, जो इनकी सौतेली बहन है। वहीं इनके जीजा सूर्या साउथ सुपरस्टार हैं। नगमा की मां मुस्लिम थीं और पिता हिंदू। और इनका झुकाव ईसाई धर्म की तरफ हुआ तो 2007 में इन्होंने धर्म परिवर्तन कर लिया और बाइबिल पढ़ना शुरू कर दिया।नगमा की उम्र 49 साल है और अब वह शादी करना चाहती हैं। उनका कहना है कि उनका शादी न करने का कोई इरादा नहीं है। वह चाहती हैं कि उनका परिवार हो। उनका बच्चा है। वह उनके साथ रहना चाहती हैं।नगमा का नाम चार शादीशुदा मर्दों के साथ नाम जुड़ा था। इसमें तीन एक्टर और एक क्रिकेटर का नाम शामिल है। साथ ही अंडरवर्ल्ड डॉन अनीस इब्राहिम से भी जुड़ा था। उस पर एक्ट्रेस ने रिएक्ट किया था और सिरे से नकारा था। इसे अफवाह बताया था। नगमा का नाम क्रिकेटर सौरव गांगुली से जुड़ा था। साल 2001 में इनके रिश्ते की खबरें सामने आई थीं। हालांकि उस वक्त सौरव शादीशुदा थे। उस वक्त उनके रिश्ते की अफवाहें इतनी तेज हो गईं कि कुछ समय बाद ही यह अनुमान लगाया जाने लगा कि दोनों ने आंध्र प्रदेश के एक मंदिर में चोरी छिपे शादी कर ली है। हालांकि इसमें कोई सच्चाई नहीं। इनके ब्रेकअप के कारण के बारे में बात करें तो क्रिकेटर की लगातार खराब परफॉर्मेंस के लिए एक्ट्रेस को जिम्मेदार ठहराया जाने लगा था। इसीलिए दोनों ने आपसी सहमति से रिश्ता खत्म कर दिया। और आज वह उनके संपर्क में नहीं हैं। सौरव गांगुली से ब्रेकअप के बाद नगमा टूट गई थीं। क्योंकि लोगों के कारण उन्हें अलग होना पड़ा था। इसके बाद उन्होंने साउथ इंडस्ट्री का रुख किया और वहां अपना करियर बनाना शुरू किया। वहां, इन्हें एक्टर से सांसद बने शरत कुमार से प्यार हो गया। रिपोर्ट्स में दावा किया जाता है कि दोनों ने अफेयर को छिपाकर रखा। क्योंकि वह भी शादीशुदा थे। लेकिन जब ये बात बाहर आई और पत्नी को पता चला तो उन्होंने रिश्ता तोड़ दिया। तलाक ले लिया। इसके बाद शरत ने नगमा से ब्रेकअप कर लिया। कहा जाता है कि एक्ट्रेस को टॉलीवुड से भी दूरी बनानी पड़ी क्योंकि शरत ने उन्हें बाद में जान से मारने की धमकियां देनी शुरू कर दी थी। इसके बाद नगमा ने भोजपुरी इंडस्ट्री का रुख किया। यहां उनका नाम रवि किशन से जुड़ा। कहा गया दोनों डेट कर रहे हैं, जबकि एक्टर शादीशुदा हैं। और इस बात से उनकी पत्नी को भी कोई दिक्कत नहीं। कुछ रिपोर्ट्स में इनके लिव-इन में रहने की भी बात कही गई। लेकिन एक्ट्रेस ने इसे अफवाह बताया और कहा कि वह इस बारे में हजार बार कह चुकी हैं कि उनका एक्टर से कोई ऐसा रिश्ता नहीं है। उन्होंने बस उनके साथ काम किया है। वहीं, रवि किशन ने भी एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर को भी नकारा था। नगमा का नाम मनोज तिवारी के साथ भी जोड़ा गया था। लेकिन एक्ट्रेस ने कहा था, शिसर्फइसलिए कि मैं उसके साथ काम कर रही हूं इसका मतलब यह नहीं है कि हमारे बीच कुछ चल रहा है। कृपया मुझे छोड़ दो! रवि और मनोज दोनों ही शादीशुदा हैं।शिफिल्म में आपका लड़कियों की आजादी के लेकर एक बड़ा प्रभावी मोनोलॉग है, जिसमें आप उनके घर में खुद अपने फैसले ना ले पाने से लेकर सड़कों तक पर आजादी से ना घूम पाने तक जैसे मुद्दें उठाती हैं। उनमें से किन मुद्दों से खुद रिलेट किया? मुझे लगता है कि हर लड़की कभी ना कभी ऐसे हालात से गुजरी होगी, जब उसे असहज महसूस कराया गया होगा। ईव-टीजिंग जैसी चीजें मैंने खुद झेली हैं। खासकर वैलंटाइंस डे के दौरान तो कुछ ज्यादा ही होता था। सड़कों पर कुछ ज्यादा ही लाल स्वेटर और दिल दिखते थे, शेरो-शायरी बढ़ जाती थी। चंडीगढ़ में तब जाड़े का समय होता है तो अंधेरा जल्द हो जाता था और हमारे यहां सेट रूल था कि अंधेरा होने से पहले घर आना है। जब मैं बहुत छोटी थी, तबसे ऐसा था। मुझे याद है, मैं ट्यूशन जाया करती थी और ऐसे लड़कों के प्रति मेरा एक सपाट लुक होता था। कोई एक्सप्रेशन नहीं कि बिल्कुल रिएक्ट नहीं करना है। सिर्फ एक बार मैंने रिएक्ट किया था, जब किसी ने मेरा हाथ छूने की कोशिश की थी, तब मैंने उसके हाथ पर जोर से थप्पड़ मारा था। मैं रिक्शा पर थी, वो स्कूटर पर थे, फिर वो डरकर भाग गए, पर मेरा तरीका ये था कि जब बहुत ज्यादा कुछ हो तभी रिएक्ट करती थी, वरना इग्नोर करती थी। वैसे, आपको औरतों से जुड़ी समाज की कौन सी रूढ़िवादी सोच या स्टीरियोटाइप परेशान करती है? जब एक औरत, जो होममेकर होती है, उसे कहा जाता है कि आप क्या काम करती हैं, आप तो घर पर ही रहती हैं।

बाहर तो हम काम करते हैं, यह सोच मुझे बहुत बुरी लगती है, क्योंकि वही तो असली काम है। वह महिला शायद और बहुत कुछ करने में सक्षम है पर वह ये कुर्बानी देती है क्योंकि उनको एक घर बनाना है। मकान नहीं, वे मकान से घर बनाती हैं, पर ज्यादातर ऐसा ही होता है कि ओह, आप तो हाउसवाइफहैं। नहीं..., वो जो इतनी सारी जिंदगियां बन रही हैं, पति की, बच्चे की, सास-ससुर की, उन सबकी जरूरतों की जिम्मेदारी वह औरत उठाती हैं और बहुत दिल से उठाती है। मैंने अपनी मां को देखा है कि उन्होंने कितनी कुर्बानियां की हैं, पर कभी कुछ कहा नहीं, तो मुझे लगता है कि उन होममेकर्स को और ज्यादा महत्व मिलना चाहिए। मुझे हमेशा यह चीज परेशान करती थी कि अगर कोई लेडी वर्किंग ना हो तो क्या घर में उसकी इज्जत होगी। मैं अभी वर्किंग विमन की बात नहीं कर रही हूं, उनकी भी जिंदगी बहुत मुश्किल है। हम औरतें बहुत सारे रोल एक साथ निभाती हैं और उम्मीद की जाती है कि हम सबमें परफेक्ट हों, मगर हम भी इंसान हैं, हमारे भी इमोशन हैं, इसलिए मुझे लगता है कि औरतों की तरफ थोड़ा और संवेदनशील होने की जरूरत है।क्या होममेकर्स को वह महत्व ना मिलना भी कहीं न कहीं एक वजह है कि आप मदरहुड के बाद भी लगातार काम में सक्रिय हैं? नहीं, मैं इस तरह से नहीं सोचती। मैं सबको उसी इज्जत से देखती हूं। आप काम कर रही हैं, तो आपकी मेरे मन में बहुत इज्जत है, लेकिन अगर आपको लगता है कि मुझे घर पर रहकर एक अलग तरह से जिंदगी बितानी है या मेरी ज्यादा जरूरत घर पर है। मेरे लिए काम-घर के बीच बैलेंस बना पाना संभव नहीं है तो मैं घर की जिम्मेदारी संभालती हूं, तो मैं भी मैं आपकी और ज्यादा इज्जत करूंगी। मतलब, आपकी जो भी चॉइस है, मेरे लिए आप पूजनीय हैं।




उदित नारायण बीते कुछ समय से किसिंग कंट्रोवर्सी के चलते सुर्खियों में हैं। उनके लगातार दो वीडियो वायरल हुए, जिनमें वो स्टेज परफॉर्मेंस के दौरान महिलाओं को किस करते दिखे। अब कोरियोग्राफर और डायरेक्टर फराह खान ने उनकी कंट्रोवर्सी पर तंज कसते हुए उनका मजाक उड़ाया है। फराह खान ने हाल ही में अपने यूट्यूब व्लॉग के लिए सानिया मिर्जा से मुलाकात की थी। इस दौरान फराह ने उनके बेटे इजहान के साथ भी मस्ती की। सानिया ने फराह का परिचय देते हुए बेटे इजहान और वहां मौजूद लोगों से कहा कि ये बात कम ही लोग जानते हैं कि जब उनके बेटे के जन्म के बाद फराह उनसे मिलने आई थीं, तो उन्होंने ₹ रुपए दिए थे। ये ₹ रुपए उन्होंने बतौर साइनिंग अमाउंट दिए थे और कहा था कि जब इजहान बड़े हो जाएंगे, तो फराह उन्हें फिल्मों में लॉन्च करेंगी। फराह ने उदित नारायण पर कसा तंज व्लॉग के दौरान फराह ने सानिया के बेटे इजहान की बॉल रख ली। जब इजहान बॉल लेने पहुंचे, तो फराह ने उन्हें कहा, बॉल चाहिए तो किस देनी पड़ेगी। तुम जानते हो। आ जाओ। उदित जी की तरह किस दो। फराह की ये बात सुनकर सानिया मिर्जा जोर से हंस पड़ीं। बताते चलें कि फराह खान ने कुकिंग व्लॉग शुरू किया है। जिसमें वो कई सेलेब्स के घर जाकर उनके साथ कुकिंग करती हैं। उनके इस व्लॉग में अर्चना पूरन सिंह, बोनी कपूर, खुशी कपूर, शिल्पा शिरोडकर जैसे कई सेलेब्स शामिल हो चुके हैं।किसिंग कंट्रोवर्सी से विवादों में थे उदित नारायण कुछ दिनों पहले उदित नारायण की लाइव परफॉर्मेंस का एक वीडियो सामने आया था। परफॉर्मेंस के दौरान स्टेज पर घुटनों के बल बैठकर सेल्फी लेने आई महिला को किस करने पर सिंगर विवादों से घिर गए थे। उनकी जमकर आलोचना की गई थी, हालांकि उदित नारायण ने सफाई में कहा कि लोग बेवजह उनके परिवार की छवि का धूमिल करना चाहते हैं। पहला वीडियो आने के कुछ समय बाद ही उदित का दूसरा वीडियो भी आया, जिससे सिंगर फिर सुर्खियों में आ गए थे। विवादों के बीच कई सिंगर्स ने उदित नारायण का सपोर्ट कर कहा कि एक पॉपुलर सिंगर के लिए ये आम बात है।

बॉलीवुड गलियारों में सेलेब्स की दोस्ती होना और टूटना आम बात है. कभ, शीबा आकाशदीप अपनी सूर्यवंशी को-एक्ट्रेस अमृता सिंह और अभिनेता सैफ अली खान की सबसे अच्छी दोस्त हुआ करती थीं. उनके बीच बेहद करीबी रिश्ता था और वे पड़ोसी भी थे. हालांकि फिर इनकी गहरी दोस्ती में दरार पड़ गई थी. अब, शीबा ने सैफ-अमृता संग अपनी दोस्ती टूटने की दिल दहला देने वाली वजह का खुलासा किया है. हाल ही में एक लेटेस्ट इंटरव्यू में शीबा आकाशदीप ने खुलासा किया कि सैफके कुत्ते ने उनके पालतू जानवर को मार डाला था जिससे वह मुसीबत में पड़ गईं थीं. उसके बाद, चीजों को सुधारने की कोशिश करने के बाद भी वह बॉलीवुड सुपरस्टार को कभी माफनहीं कर सकीं. क्यों टूटी थी सैफऔर शीबा की दोस्ती पिंकविला को दिए एक इंटरव्यू में शीबा आकाशदीप ने सैफ अली खान और अमृता सिंह से अनबन की वजह का खुलासा किया. उन्होंने बताया, ष्तो हुआ ये कि हम दोस्त थे, हम पड़ोसी भी थे, एक ही बंगले के कॉम्पलेक्स में रहते थे और इसी दौरान हुआ ये कि उनके कुत्ते ने मेरे कुत्ते को मार दिया गलती से.ष् उन्होंने आगे कहा, फ्तो उस दिन के बाद मेरी बात-चीत बंद हो गई. मेरा इतना दिल टूट गया और आप भी उस समय बहुत अस्थिर होते हैं. उसके बाद कुछ बार जब वह मिले तो उन्होंने मेरे पति से कहा, श्क्या वो कभी माफ नहीं करेगी क्या?श्श् शीबा ने आगे कहा, फ्लेकिन उस समय ऐसा दिल टूट गया था कि मैं उस घर को भी बेचकर तुरंत कॉम्प्लेक्स से निकल गई. रात भर मैं चलती रही. मैंने कहा कि मैं अब यहां नहीं रह सकती. वो मेरा फेवरेट डॉग था. तो इस तरह हमारा कॉन्टेक्ट खत्म हो गया था.फ्श शीबा प्रोफेशनल फ्रंट प्रोफेशनल फ्रंट की बात करें तो शीबा आकाशदीप को हाल ही में जिगरा में आलिया भट्ट और वेदांग रैना के साथ मुख्य भूमिकाओं में देखा गया था. फिल्म का प्रीमियर 10 अक्टूबर, 2024 को सिनेमाघरों में हुआ और अब यह नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीमिंग के लिए अवेलेबल है.

## जीत के क्रम को इंग्लैंड के खिलाफ दोहराने उतरेगी भारतीय पुरूष हॉकी टीम

**भारतीय पुरुष हॉकी टीम अपने से ऊंची रैंकिंग वाली इंग्लैंड टीम के खिलाफसोमवार को एफआईएच प्रो लीग के मैच में इसी लय को कायम रखने के इरादे से उतरेगी। टूर्नामेंट में औसत शुरूआत के बाद जीत की राह पर लौटी भारतीय टीम छह मैचों में 12 अंक लेकर फिलहाल चौथे स्थान पर है और घरेलू चरण पूरा होने से पहले और सफलता अर्जित करना चाहेगी।**

आयरलैंड के खिलाफ लगातार दो जीत के बाद आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारतीय पुरुष हॉकी टीम अपने से ऊंची रैंकिंग वाली इंग्लैंड टीम के खिलाफ सोमवार को एफआईएच प्रो लीग के मैच में इसी लय को कायम रखने के इरादे से उतरेगी। टूर्नामेंट में औसत शुरूआत के बाद जीत की राह पर लौटी भारतीय टीम छह मैचों में 12 अंक लेकर फिलहाल चौथे स्थान पर है और घरेलू चरण पूरा होने से पहले और सफलता अर्जित करना चाहेगी। दूसरी ओर इंग्लैंड छह मैचों में 13 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है जिसे पिछले मैच में स्पेन ने 4 . 1 से हराया। पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम ने नये सत्र में आशातीत शुरूआत नहीं की। स्पेन और जर्मनी के खिलाफ भारत को मिली

जुली सफलता मिली। स्पेन ने उसे 3 . 1 से हराया जबकि पेरिस खेलों में कांस्य पदक के मुकाबले में भारत ने इसी स्पेनिश टीम को मात दी थी। रिटर्न मैच में भारत ने हालांकि स्पेन पर 2 . 0 से जीत दर्ज की। पेनल्टी कॉर्नर भारत की कमजोर कड़ी बना हुआ है और इसी वजह से जर्मनी ने उसे 4 . 1 से हराया। कप्तान और अनुभवी ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह की वापसी से हालांकि भारत ने दूसरे मैच में एक गोल से जीत हासिल की। आयरलैंड पर दोनों मैचों में जीत के बाद भारत का मनोबल बढा होगा। भारत के लिये मनदीप सिंह, जरमनप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, नीलम सेस, अभिषेक और शमशेर ने पिछले दो मैचों में 3 . 1 और 4 . 0 से मिली जीत में गोल दागे। वहीं इंग्लैंड ने शूटआउट में जीत दर्ज करने के बाद स्पेन के खिलाफ दूसरा मुकाबला 1 . 4 से गंवा दिया। दुनिया की तीसरे नंबर की टीम अब पांचवीं रैंकिंग वाली भारतीय टीम के खिलाफ जीत की राह पर लौटने को बेताब होगी। इंग्लैंड की उम्मीदों का दारोमदार अनुभवी सैम वार्ड पर होगा जो अब तक लीग के इस सत्र में नौ गोल कर चुके हैं और सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में दूसरे स्थान पर हैं। इंग्लैंड के लिये हालांकि भारत की रक्षापंक्ति को भेदना उतना आसान नहीं होगा जो प्रो लीग 2024 . 25 में बेहतरीन फॉर्म में है। भारत ने अब तक सिर्फ आठ गोल गंवाये हैं और नौ टीमों में वह सबसे कम गोल गंवाने वाली टीम है।

# शतकीय पारी के बाद कोहली को हुआ वनडे रैंकिंग में फायदा, शीर्ष पांच में की वापसीय गिल की बढ़त मजबूत

**दुबई।** कोहली बल्लेबाजों की रैंकिंग में एक बार फिर शीर्ष पांच में पहुंच गए हैं। कोहली ने न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल को पीछे छोड़कर पांचवां स्थान हासिल किया। कोहली चौंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत से पहले छठे स्थान पर थे। पाकिस्तान के खिलाफ चौंपियंस ट्रॉफी के मुकाबले में शतकीय पारी खेलने का स्टार भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली को आईसीसी की जारी ताजा वनडे रैंकिंग में फायदा पहुंचा है। कोहली बल्लेबाजों की रैंकिंग में एक बार फिर शीर्ष पांच में पहुंच गए हैं। कोहली ने न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल को पीछे छोड़कर पांचवां स्थान हासिल किया। कोहली चौंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत से पहले छठे स्थान पर थे। कोहली ने फॉर्म में की थी वापसी कोहली पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे थे, लेकिन उन्होंने रविवार को दुबई में पाकिस्तान के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए नाबाद 100 रन बनाए और भारतीय टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। कोहली ने ना सिर्फ फॉर्म में वापसी की, बल्कि वनडे में 14000 रन पूरे करने वाले दुनिया के तीसरे बल्लेबाज भी बन गए थे। कोहली को इसी का फायदा बुधवार को जारी आईसीसी रैंकिंग में हुआ है। गिल ने बाबर से बढ़ाया फासला दूसरी ओर, लगातार अच्छी फॉर्म में चल रहे भारत के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर अपनी बढ़त मजबूत कर ली है। गिल और दूसरे स्थान पर मौजूद बाबर आजम के बीच अब फासला बढ़ गया है। गिल ने चौंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत बांग्लादेश के खिलाफ मैच में शतक लगाकर की थी। भारतीय उपकप्तान गिल ने पाकिस्तान के खिलाफ 46 रन की पारी खेली थी। गिल के अब 817 रेटिंग अंक हैं जो बाबर से 47 अंक ज्यादा हैं।केएल राहुल को दो स्थान का फायदा भारतीय कप्तान रोहित शर्मा तीसरे स्थान पर बरकरार हैं। आईसीसी वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पांच में तीन बल्लेबाज हैं। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम खराब फॉर्म से गुजर रहे हैं। उन्होंने चौंपियंस ट्रॉफी में न्यूजीलैंड के खिलाफ 90 गेंदों पर 64 रन बनाए। भारत के खिलाफ उन्होंने आक्रामक अंदाज में खेलने की कोशिश की, लेकिन 23 रन बनाकर आउट हो गए। अन्य भारतीय बल्लेबाजों में श्रेयस अय्यर नौवें स्थान पर बरकार हैं, जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल को दो स्थान का फायदा हुआ है और वह 15वें स्थान पर आ गए हैं।

## टीम के बाहर होने पर पाकिस्तान में आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू, नजम सेठी ने इमरान खान पर साधा निशाना




**कराची।** सेठी के अनुसार टीम का पतन 2019 में शुरू हुआ जब एक नए प्रधानमंत्रीध्संरक्षक (उस समय इमरान खान प्रधानमंत्री थे और वह एहसान मनी को पीसीबी अध्यक्ष के रूप में लाए थे) के तहत एक नए प्रबंधन ने घरेलू क्रिकेट ढांचे को बदल दिया।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के पूर्व अध्यक्ष नजम सेठी ने अप्रत्यक्ष रूप से पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को पाकिस्तान क्रिकेट के पतन के लिए जिम्मेदार ठहराया है। 'एक्स' पर एक पोस्ट में सेठी ने कहा कि देश का राष्ट्रीय टीम के प्रदर्शन पर नाराज होना उचित है। चौंपियंस ट्रॉफी का मेजबान पाकिस्तान लगातार दो हार के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो गया है। सेठी ने लिखा, श्क्रिकेट बिरादरी का कहना है कि पाकिस्तान का स्तर बहुत नीचे गिर गया है। एक क्रिकेट टीम जो कभी टी20 (2018) और टेस्ट (2016) तथा एकदिवसीय (1990 और 1996) में नंबर एक थी, जिसने 1992 में विश्व कप और 2017 में चौंपियन्स ट्रॉफी जीती, आज उसकी तुलना जिम्बाब्वे से कैसे की जा रही है?श् सेठी के अनुसार टीम का पतन 2019 में शुरू हुआ जब एक नए प्रधानमंत्रीध्संरक्षक (उस समय इमरान खान प्रधानमंत्री थे और वह एहसान मनी को पीसीबी अध्यक्ष के रूप में लाए थे) के तहत एक नए प्रबंधन ने घरेलू क्रिकेट ढांचे को बदल दिया। सेठी ने लिखा, श्राजनीतिक हस्तक्षेप जारी रहा, विरोधाभासी पीसीबी नीतियां नियम बन गईं- विदेशी कोचों को काम पर रखा गया और उन्हें फिर निकाल दिया गया, चयनकर्ताओं को मनमाने ढंग से नामित किया गया, पुराने त्यागे हुए लोगों को सलाह देने और प्रबंधन करने के लिए भर्ती किया गया।श् उन्होंने कहा, श्आखिरकार खिलाड़ियों की ताकत, कप्तान के अहंकार का टकराव और टीम में गुटबाजी ने प्रबंधन की विफलता पर जीत हासिल कर ली।

भयानक परिणाम हमारे सामने हैं।श् इमरान के प्रधानमंत्री बनने के तुरंत बाद सेठी ने पीसीबी से इस्तीफा दे दिया। इससे आईसीसी के पूर्व अध्यक्ष एहसान मनी की नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया। साल 2019 में इमरान के निर्देश पर पीसीबी ने घरेलू क्रिकेट ढांचे को नया रूप दिया और घरेलू क्रिकेट आयोजनों में प्रतिस्पर्धा करने वाली 16-18 विभागीय और क्षेत्रीय संघ की पुरानी प्रणाली को समाप्त कर दिया और छह टीमों का प्रथम श्रेणी ढांचा पेश किया गया। बाद में इमरान ने 2021 में रमीज राजा को भी अध्यक्ष नियुक्त किया जब मनी ने अपने अनुबंध के विस्तार को स्वीकार करने से इनकार कर दिया। दिसंबर 2022 में इमरान सरकार के पतन के बाद सेठी ने फिर रमीज की जगह ली।

## फॉर्म और घरेलू परिस्थितियों के कारण विदर्भ का केरल पर पलड़ा भारी

**विदर्भ की टीम केरल के खिलाफ बुधवार से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। अक्षय वाडकर की अगुवाई वाली विदर्भ की टीम ने इस सत्र में अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है। उसने अब तक अपने नौ मैचों में से आठ में जीत हासिल की है और एक ड्रा खेला है।**

अपने प्रमुख खिलाड़ियों की शानदार फार्म और घरेलू परिस्थितियों के कारण पूर्व चौंपियन विदर्भ की टीम केरल के खिलाफ बुधवार से यहां शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। अक्षय वाडकर की अगुवाई वाली विदर्भ की टीम ने इस सत्र में अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है। उसने अब तक अपने नौ मैचों में से आठ में जीत हासिल की है और एक ड्रा खेला है। विदर्भ ने ग्रुप चरण में सात मैचों में छह मैच में जीत हासिल की। इसके बाद उसने क्वार्टर फाइनल में तमिलनाडु को 198 रन से और सेमीफाइनल में गत चौंपियन मुंबई को 80 रन के बड़े अंतर से हराया। विदर्भ 2017-18 और 2018-19 में रणजी चौंपियन बना था जबकि केरल की टीम पहली बार फाइनल में पहुंची है। विदर्भ की टीम चौथी बार फाइनल में पहुंची है। वह पिछले साल फाइनल में मुंबई से हार गई थी जिसकी भरपाई वह इस साल करना चाहेगी। विदर्भ की टीम ने अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखी है। वह इस साल विजय हजारे ट्रॉफी के फाइनल में भी पहुंची थी। विदर्भ के बल्लेबाजों ने इस सत्र में अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है। उसकी तरफ से यश राठौड़ ने 58.13 की औसत से 933 रन बनाए हैं जिसने पांच शतक और तीन अर्धशतक शामिल हैं। कप्तान वाडकर ने आगे बढ़कर नेतृत्व किया है। उन्होंने 48.14 की औसत से 674 रन बनाए हैं। अनुभवी बल्लेबाज करुण नायर भी उनसे अधिक पीछे नहीं हैं। उन्होंने 45.85 की औसत से 642 रन बनाए हैं। उनके अलावा दानिश मालेवार ने 557 और ध्रुव शोरे ने 446 रन बनाकर अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभाई है। गेंदबाजी में विदर्भ के लिए 22 वर्षीय हर्ष दुबे ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने अभी तक 66 विकेट लिए हैं और एक रणजी सत्र में सर्वाधिक विकेट लेने के रिकॉर्ड से केवल दो विकेट दूर हैं। रिकॉर्ड बिहार के आशुतोष अमन के नाम पर है जिन्होंने 2018-19 के सत्र में 68 विकेट लिए थे। दूसरी तरफ सचिन बेबी की अगुवाई वाली केरल की टीम अगर पहली बार फाइनल में पहुंची है तो इसमें किस्मत का भी बड़ा हाथ रहा। क्वार्टर फाइनल में जम्मू कश्मीर को उसने केवल एक रन से हराया जबकि सेमीफाइनल में गुजरात के खिलाफ पहली पारी में दो रन की मामूली बढ़त के आधार पर वह फाइनल में जगह बनाने में सफल रहा। सलमान निजार और मोहम्मद अजहरुद्दीन केरल की बल्लेबाजी के मुख्य स्तंभ हैं।

## मीराबाई मोटापे के खिलाफ लड़ाई में शामिल, कहा छोटे-छोटे बदलाव बड़ा अंतर पैदा कर सकते हैं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मोटापे के खिलाफ लड़ाई में शामिल होते हुए ओलंपिक रजत पदक विजेता भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने सोमवार को जोर देते हुए कहा कि जीवनशैली में छोटे-छोटे बदलाव इस 'बड़ी स्वास्थ्य समस्या' से निपटने में महत्वपूर्ण अंतर पैदा कर सकते हैं। इस पहल की शुरुआत सोमवार को हुई जब प्रधानमंत्री मोदी ने मोटापे से निपटने के प्रयासों का नेतृत्व करने के लिए चानू सहित विभिन्न क्षेत्रों से 10 व्यक्तियों को नामित किया। प्रधानमंत्री ने इससे एक दिन पहले ही लोगों से बढ़ती स्वास्थ्य समस्या से निपटने के लिए सक्रिय कदम उठाने का आग्रह किया था जिसके बाद उन्होंने यह घोषणा की। तीस वर्षीय पूर्व विश्व चौंपियन भारोत्तोलक मीराबाई ने 'एक्स' पर लिखा, ''मोटापे के खिलाफ लड़ाई में जागरूकता फैलाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा नामित किए जाने पर बहुत खुशी है। यह एक बड़ी स्वास्थ्य समस्या है जिसे सही जीवनशैली का विकल्प चुनकर और सक्रिय, स्वस्थ और फिट रहने का विकल्प चुनकर समाप्त किया जा सकता है।'' उन्होंने कहा, ''हमें भारत के इस दिशा में आगे बढ़ने और हमारी विकास यात्रा का समर्थन करने की जरूरत है। हमारे दैनिक जीवन में छोटे-छोटे बदलाव करने से देश में बड़े बदलाव हो सकते हैं और भारत को फिट बनाने के हमारे सपने को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ने में मदद मिल सकती है।'' इस पहल के हिस्से के रूप में चानू ने कई प्रमुख खिलाड़ियों को नामित किया जिनमें मौजूदा विश्व शतरंज चौंपियन डी गुकेश, ओलंपिक कांस्य पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल, निशानेबाजी के दिग्गज गगन नारंग, पूर्व महिला हॉकी कप्तान रानी रामपाल, पुरुष हॉकी खिलाड़ी मनप्रीत सिंह, दिग्गज टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस, दोहरी ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू, पेरिस खेलों के पदक विजेता निशानेबाज सरबजोत सिंह, टेबल टेनिस स्टार मनिका बत्रा और पैरालंपिक निशानेबाजी चौंपियन अवनी लेखरा शामिल हैं।

## ऑस्ट्रेलियाई महान दिग्गज का दावा, विराट कोहली को बताया वनडे क्रिकेट का महान खिलाड़ी

पाकिस्तान के खिलाफ चौंपियंस ट्रॉफी 2025 मैच में भारत के लिए विराट कोहली सबसे बड़े हीरो रहे हैं। उन्होंने बेहतरीन शतक जड़कर एक दबाव भरे मैच में टीम इंडिया को जीत दिलाई। विराट के बल्ले से 51वां वनडे इंटरनेशनल शतक निकाला। इस पारी को देखकर ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग भी हैरान रह गए और उन्होंने विराट की जमकर तारीफ की। रिकी पोंटिंग ने यहां तक कह दिया कि इस फॉर्मेट में उनसे बेहतर कोई भी खिलाड़ी नहीं है। दरअसल, आईसीसी रिव्यू में रिकी पोंटिंग ने अहम पलों में आगे आकर खेलने की कोहली की क्षमता और इस दौरान ढेर सारे रिकॉर्ड तोड़ने की उनकी सराहना की है। आईसीसी हॉल ऑप फेम हासिल कर चुके पोंटिंग ने कहा कि, मैंने हमेशा कहा है कि बड़े नामों के बराबर होते हैं। आपको उन बड़े मौकों पर अपने बड़े नामों को खड़ा करने की जरूरत होती है और भारत के लिए पाकिस्तान के खिलाफ मैच से बड़ा कोई मैच नहीं हो सकता। आपकी प्रतिष्ठा अंतर्राष्ट्रीय मंच पर सबसे बड़ी प्रतियोगिताओं में आपके प्रदर्शन से बनती है। इसलिए मेरे लिए ये कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि ऐसा हुआ है। विराट कोहली को लेकर पोंटिंग ने कहा कि, हां जैसा कि आप कहते हैं, 2022 और अब, वह उस टीम के खिलाफ खड़ा हुआ जिसके खिलाफ खेलने के लिए वह शायद खुद को सबसे ज्यादा तैयार करेगा और कल रात से बड़ा कोई पल नहीं था, जब पाकिस्तान ने मुश्किल विकेट पर पहले बल्लेबाजी की थी। उस तरह की मैच जीतने वाली पारी खेलने के लिए टॉप क्रम में किसी की जरूरत थी और एक बार फिर कोहली ने इस काम को पूरा किया।

## सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए आज भिड़ेंगी ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका में

रावलपिंडी में आईसीसी चौंपियंस ट्रॉफी 2025 का सातवां मुकाबला 25 फरवरी यानी ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेला जाएगा। अपने पहले मैच में जीत दर्ज कर दोनों ही टीम पॉइंट टेबल में शीर्ष दो स्थानों पर काबिज हैं। इस मैच में जीत दर्ज करने वाली टीम नॉकआउट में अपना स्थान लगभग पक्का कर लेगी। चौंपियंस ट्रॉफी में नॉकआउट के तौर पर एक ग्रुप से शीर्ष की दो टीमों को सीधे सेमीफाइनल में जगह मिलेगी। हालांकि नेट रन रेट के आधार पर दक्षिण अफ्रीकी टीम ग्रुप बी में शीर्ष स्थान पर बनी हुई है। दक्षिण अफ्रीका की टीम ने अफगानिस्तान के खिलाफ 107 रनों की बड़ी जीत हासिल की थी। इस मैच में हारने वाली टीम के पास जीतकर नॉकआउट में क्वालीफाई करने का एक मौका और होगा। चौंपियंस ट्रॉफी 2025 के ग्रुप बी में इंग्लैंड और अफगानिस्तान की टीमें क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर हैं। दोनों टीमों को खाता खोलना बाकी है। हालांकि इन टीमों के पास खेलने के लिए दो मैच बाकी हैं। दोनों ही टीमों को क्वालीफाई करने के लिए अपने दोनों ही मैच अच्छे अंतर से जीतने होंगे। ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के हेड टू हेड वनडे रिकॉर्ड की बात करें तो दोनों के बीच अब तक 110 मुकाबले खेले जा चुके हैं, जिनमें से 55 मैचों में दक्षिण अफ्रीका ने जीत हासिल की, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने 51 बार बाजी मारी। पिच का मिजाज पाकिस्तान के रावलपिंडी की पिच को बल्लेबाजों के अनुकूल माना जाता है। यहां बल्लेबाजों को रन बनाने के लिए अनुकूल परिस्थितियां मिलेंगी और गेंदबाजों को रन रोकने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी।

## पाकिस्तान 128 घंटे में हुई बाहर, कोचिंग स्टाफ पर लटक रही तलवार

29 साल बाद आईसीसी इवेंट की मेजबानी करने का मौका मिला और महज 128 घंटे में ही पाकिस्तान टीम टूर्नामेंट से बाहर हो गई। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के खेल में गिरावट काफी समय से चली आ रही है।

## रोमांचक मुकाबले में एकलेस्टोन ने सुपर ओवर में यूपी वारियर्स को आरसीबी पर जीत दिलाई

**बेंगलुरू ।** सोफी एकलेस्टोन ने विषम परिस्थितियों में बल्ले से तूफानी पारी खेलने के बाद सुपर ओवर में शानदार गेंदबाजी की जिससे यूपी वारियर्स ने महिला प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां वापसी करते हुए रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) को हरा दिया। सुपर ओवर में पहले बल्लेबाजी करते हुए यूपी वारियर्स की टीम ने चिनेले हेनरी (04) का विकेट गंवाकर किम गार्थ के ओवर में एक विकेट पर आठ रन बनाए। आरसीबी की कप्तान स्मृति मंधाना और रिचा घोष इसके जवाब में एकलेस्टोन के ओवर में चार रन ही बना सकीं जिससे उनकी टीम को शिकस्त का सामना करना पड़ा। आरसीबी के 181 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुएयूपी वारियर्स ने सोफी एकलेस्टोन (33 रन, 19 गेंद, चार छक्के, एक चौका) और श्वेता सहरावत (31) की पारियों की बदौलत 11वें ओवर में 93 रन पर पांच विकेट गंवाने के बावजूद 20 ओवर में 180 रन बनाकर मुकाबले को टाई करके सुपर ओवर में खींचा। एकलेस्टोन पारी की अंतिम गेंद पर रन आउट हुईं। कप्तान दीप्ति शर्मा (25) और किरण नवगिरे (24) ने भी उपयोगी पारियां खेलीं। आरसीबी की ओर से स्नेह राणा (27 रन पर तीन विकेट) ने तीन जबकि रेणुका सिंह (36 रन पर दो विकेट) और किम गार्थ (40 रन पर दो विकेट) ने दो-दो विकेट चटकाए। आरसीबी ने इससे पहले एलिस पैरी की 56 गेंद में नौ चौकों और तीन छक्कों से नाबाद 90 रन की पारी और डैनी व्याट हॉज (57 रन) के साथ उनकी दूसरे विकेट के लिए 94 रन की साझेदारी से छह विकेट पर 180 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। इन दोनों के अलावा हालांकि आरसीबी की कोई अन्य बल्लेबाज दोहरे अंक में भी नहीं पहुंच पाई। लक्ष्य का पीछा करते हुए यूपी वारियर्स की टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाएं। सलामी बल्लेबाल किरण नवगिरे ने 12 गेंद में 24 रन बनाकर तेज शुरुआत की थी लेकिन रेणुका ने तीसरे ओवर में उन्हें बोल्ड करके आरसीबी को पहली सफलता दिलाई।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, श्रीमती विजय लक्ष्मी शर्मा द्वारा त्रिपाठी प्रिंटिंग प्रेस 12/29, पुराना किला, कैण्ट रोड, लखनऊ 226ं1 (उ.प्र.) से मुद्रित कराकर 1372/12 न्यू गुडौरा बेहसा श्हीदपथ लखनऊ 226ं8 (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-अनूप सिंह
आरएनआई न० UPHIN/2023/87118 मोबाइल नं. 7ं5289865,983917772ं Email- tvnews1979@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ ही मान्य होगा।